RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 218
नई दिल्ली, बुधवार, 14 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





लोगों को गुमराह कर रही कांग्रेस
राष्ट्रीय-11


# कनाडा में भारतीय छात्रों को राहत निर्दोष साबित हुए तो निर्वासन नहीं

- ट्रूडो सरकार ने कहा- पीड़ितों को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका देंगे, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा
- प्रभावित छात्रों को एजेंटों ने धोखा दिया, कनाडा से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया: केंद्र सरकार

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/टोरंटो




**कनाडा** से 700 से अधिक भारतीय छात्रों के निर्वासन पर अस्थायी रोक के बीच वहां की जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा है कि वह छात्रों को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका देगी। सरकार ऐसी प्रक्रिया पर काम कर रही है कि छात्र साबित करें कि वे शोषण के शिकार थे।

जिन छात्रों पर निर्वासन की तलवार लटकी थी, उनमें अधिकांश पंजाब के रहने वाले हैं। भारतीय छात्रों को फर्जी प्रवेश पत्रों के माध्यम से वीजा प्राप्त करने से संबंधित आरोपों के चलते संभावित निर्वासन की कार्रवाई का फैसला कनाडा सरकार ने लिया था। यह मामला तब सामने आया जब इन छात्रों ने कनाडा में स्थायी निवास के लिए आवेदन किया। बीते सोमवार को कनाडा की संसद में एक प्रश्न के उत्तर में आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री सीन फ्रेज़र ने आश्वासन दिया कि धोखाधड़ी के शिकार छात्रों को स्वयं को निर्दोष साबित करने का पूरा मौका दिया जाएगा। फ्रेजर ने स्वीकार किया कि अनिश्चितता की स्थिति बन जाने के कारण कई छात्रों को मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार छात्रों का यह मामला हल करने के लिए एक प्रक्रिया के तहत काम करेगी। आप्रवासन मंत्री फ्रेजर का बयान विपक्षी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य जेनी क्वान के एक प्रश्न के जवाब में आया है, जिन्होंने छात्रों की दुर्दशा के बारे में गहरी चिंता जताई थी। हालांकि, मंत्री ने यह भी दोहराया कि धोखाधड़ी में शामिल लोगों को कनाडा के कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। भारत ने कनाडा सरकार से लगातार निष्पक्ष और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया है। केंद्र सरकार का कहना है कि प्रभावित छात्रों को एजेंटों द्वारा धोखा दिया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पुष्टि की कि भारत ने कनाडा के अधिकारियों के साथ यह मुद्दा उठाया है और छात्रों के बजाय उन्हें गुमराह करने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

नई दिल्ली में सरकारी सूत्रों ने बताया कि संभावित निर्वासन का सामना कर रहे कुछ भारतीय छात्रों को कनाडा के अधिकारियों से स्टे ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वासन का सामना कर रहे भारतीय छात्रों की वास्तविक संख्या 700 से काफी कम है। हाल ही में कनाडाई संसदीय समिति ने सर्वसम्मति से सिफारिश की थी कि सीमा सेवा एजेंसी उन भारतीय छात्रों के निर्वासन को रोक दे, जिन्हें भारत में एजेंटों ने धोखा दिया है। यह प्रस्ताव पेश करने वाली जेनी क्वान ने सोमवार को मांग की थी कि धोखेबाज सलाहकारों द्वारा पीड़ित छात्रों को निर्वासित नहीं किया जाना चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय मूल के सांसद जगमीत सिंह द्वारा भारतीय छात्रों के भविष्य को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि उनकी सरकार इस मामले से अवगत है और सरकार का पूरा जोर पीड़ितों के बजाय दोषियों की पहचान करने पर है।

# जैक डोर्सी ने ट्विटर को बंद किए जाने की धमकी का दावा किया

- सरकार ने डोर्सी के दावे को सफेद झूठ बताया

**भाषा।** नई दिल्ली



ट्विटर के सह संस्थापक जैक डोर्सी



केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर

**ट्विटर** के सह-संस्थापक जैक डोर्सी ने सनसनीखेज दावा किया है कि भारत सरकार ने वर्ष 2020 और 2021 में तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के दौरान सरकार की आलोचना वाले खातों और पोस्ट को हटाने का अनुरोध नहीं मानने पर कंपनी का कामकाज बंद करने और उसके कर्मचारियों पर छापे मारने की धमकी दी थी।

सरकार ने इस आरोप को सफेद झूठ बताकर खारिज कर दिया है। साल 2021 में ट्विटर के सीईओ पद से इस्तीफा दे चुके डोर्सी एक साक्षात्कार में सरकार पर दबाव बनाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा, यह कई तरीकों से किया गया, जैसे : हम भारत में ट्विटर को बंद कर देंगे , जो हमारे लिए बहुत बड़ा बाजार है। हम आपके कर्मचारियों के घरों पर छापे मारेंगे , जो उन्होंने किया। और यह भारत है, एक लोकतांत्रिक देश। डोर्सी के इस दावे के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने ट्वीट में कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा और पारदर्शी लोकतंत्र है। भारत में जब भी चुनाव नज़दीक होते हैं तो कुछ विदेशी ताक़तें और यहाँ उनके एजेंट एक योजनाबद्ध तरीक़े से देश को अस्थिर व बदनाम करने के लिए सक्रिय होते हैं। उन्होंने दावा किया कि जैक डोर्सी सफ़ेद झूठ बोल रहे हैं। ठाकुर ने सवाल किया कि ट्विटर के अधिग्रहण पर ट्विटर फ़ाइल्स को लेकर उनके पक्षपात, छेड़खानी व दुर्भावना पर जो खुलासे हुए, उस पर आज तक उन्होंने जवाब क्यों नहीं दिया?

वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने डोर्सी के दावों को खारिज करते हुए ट्वीट किया कि डोर्सी के समय ट्विटर प्रशासन को भारतीय कानून की संप्रभुता को स्वीकार करने में दिक्कत होती थी। उन्होंने कहा, कोई जेल नहीं गया और ना ही ट्विटर बंद किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने डोर्सी के दावों को सिरे से खारिज करते हुए ट्वीट किया कि डोर्सी के समय ट्विटर प्रशासन को भारतीय कानून की संप्रभुता को स्वीकार करने में दिक्कत होती थी। उन्होंने कहा, कोई जेल नहीं गया और ना ही ट्विटर बंद किया गया। यह जैक का साफ झूठ है जो शायद ट्विटर के इतिहास के उस, बहुत संदिग्ध समय के दागों को मिटाने की कोशिश है। चंद्रशेखर ने अपने लंबे पोस्ट में इस बारे में विस्तार से लिखा है कि सरकार ने ऐसा क्या देखा जो सोशल मीडिया मंचों को संचालित करने वाले स्थानीय कानूनों का पालन नहीं होने जैसा था। उन्होंने कहा, तथ्य और सत्य- डोर्सी और उनकी टीम के समय ट्विटर लगातार और बार-बार भारतीय कानून का उल्लंघन कर रहा था। उन्होंने 2020 से 2022 तक बार-बार कानूनों की अवमानना की और अंततः जून 2022 में उन्होंने अनुपालन शुरू किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डोर्सी के समय ट्विटर को भारतीय कानून की संप्रभुता को स्वीकार करने में समस्या थी और वह ऐसे व्यवहार करता था मानो भारत के कानून उस पर लागू ( शेष पेज 9 )

# मणिपुर शांति समिति से कुकी नाखुश, मेइती ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल

- कुकी संगठनों का आरोप, समिति के बारे में उनसे सलाह नहीं ली गई

**मणिपुर** में शांति बहाली के लिए केंद्र सरकार की ओर से गठित समिति में शामिल कुकी सदस्यों ने अप्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने दावा किया कि पैनल में उनका नाम शामिल करने से पहले उनसे सलाह नहीं ली गई। कई कुकी संगठनों ने राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता वाले 51 सदस्यीय पैनल में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को शामिल करने पर भी आपत्ति जताई है। हालांकि, मैतेई समुदाय के सदस्यों ने शांति समिति के गठन का स्वागत किया।

कुकी इंपी मणिपुर (केआईएम) के शीर्ष निकाय ने एक बयान में कहा कि उसके अध्यक्ष को समिति में शामिल करने के लिए न तो सूचित किया गया और न ही उनसे कोई सलाह-मशविरा किया गया। कुकी इंपी मणिपुर ने कहा कि राज्य में केंद्रीय गृह मंत्रालय और प्रभावित समुदायों के ठोस प्रयासों से शांति स्थापित होनी चाहिए। यह शर्तों के साथ थोपी नहीं जा सकती। कुकी स्थित नागरिक समाज संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने भी मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को पैनल में शामिल किए जाने की निंदा की है। आईटीएलएफ ने एक बयान में कहा कि ऐसी शांति समिति का गठन केवल कुकी आदिवासी गांवों की सुरक्षा और सामान्य स्थिति सुनिश्चित होने के बाद ही बनाई जानी चाहिए।

एक अन्य संगठन, मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) ने जोर देकर कहा कि जब तक अवैध अप्रवासियों और नार्को-आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने की लोगों की मांग पूरी नहीं होती, तब तक शांति स्थापित नहीं हो सकती। इस संगठन के संयोजक जीतेंद्र निंगोम्बा ने एक बयान में कहा कि चूंकि इन मांगों को केंद्र सरकार द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया है, इसलिए उनका संगठन शांति समिति से दूर रहेगा।

हालांकि, समिति में शामिल कई मेइती सदस्यों ने केंद्र सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। बार काउंसिल ऑफ मणिपुर के अध्यक्ष बृजाबिहारी ने कहा कि इस लड़ाई को जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए। कदम दर कदम समस्याओं का समाधान होना चाहिए। समिति का गठन शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में पहला कदम है। ऑल इंडिया रेडियो के सेवानिवृत्त समाचार संपादक बीबी शर्मा ने कहा कि सदस्यों को समिति के एजेंडे के बारे में सूचित नहीं किया गया है। मुझे बताया गया है कि समिति की पहली बैठक 15 जून को दोपहर 2 बजे राजभवन में है। मैं निश्चित रूप से वहां जाऊंगा। समिति ( शेष पेज 9 )

# मोदी की यात्रा हमारे संबंधों को और मजबूत करेगी

- अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा- आर्थिक संबंध हमारे रणनीतिक संबंधों के केंद्र में हैं

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले कहा कि आर्थिक संबंध भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी का केन्द्र हैं तथा दोनों देश भविष्य के नवाचारों को और उन्हें संचालित करने वाले नियमों को आकार देने में मदद कर रहे हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया है। मोदी के सम्मान में 22 जून को राजकीय रात्रि भोज भी दिया जाएगा। ब्लिंकन ने यहां सोमवार को वार्षिक इंडिया समिट ऑफ अमेरिका इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) को संबोधित करते हुए कहा, हमारे आर्थिक संबंध हमारे रणनीतिक संबंधों के केन्द्र में हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं आपके जैसे निजी क्षेत्र के दिग्गजों के नेतृत्व में ए संबंध दिन-ब-दिन मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत हमारे नए हिंद-प्रशांत आर्थिक ढ़ांचे के तीन आधार स्तंभों- अधिक लचीली आपूर्ति श्रंखला बनाने की प्रतिबद्धता, स्वच्छ ऊर्जा के अवसरों का लाभ उठाने तथा भ्रष्टाचार से निपटने- में जुड़ गया है। उन्होंने कहा, भारत हमारे नए हिंद-प्रशांत आर्थिक ढ़ांचे के तीन आधार स्तंभों- ( शेष पेज 9 )

# परिवारवादी दलों ने नियुक्तियों में रेट कार्ड से युवाओं को लूटा: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सरकारी नौकरियों में नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को परिवारवादी राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और कहा कि देश अब यह तय करेगा कि रेट कार्ड के जरिए उन्हें लूटने वाले दलों के भरोसे नौजवानों का भविष्य आगे बढ़ेगा या फिर वह वर्तमान सरकार के सेफ गार्ड (सुरक्षित हाथों में) में पनपेगा।

रोजगार मेले के तहत 70,126 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवादी दलों ने भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देकर युवाओं के सपनों को चूर-चूर किया जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उनके संकल्पों को साकार करने में लगी है। उन्होंने कुछ दलों पर देश में संघर्ष और विभाजन फैलाने के लिए भाषा का इस्तेमाल हथियार के रूप में करने का भी आरोप लगाया और कहा कि इसके विपरीत उनकी सरकार ने इसका इस्तेमाल रोजगार पैदा करने और लोगों को सशक्त बनाने के लिए किया है। प्रधानमंत्री ने हालांकि इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की ओर था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर भाजपा ने विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए रेट कार्ड तय करने के आरोप लगाए हैं। रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 43 जगहों पर हुआ। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में भी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई हैं।

नए कर्मचारियों को वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखापरीक्षा और लेखा विभाग और गृह मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों में नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त कर्मचारियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर कर्मयोगी प्रारंभ ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है। यहां 400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम कहीं भी, किसी भी उपकरण पर अध्ययन के लिए उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू प्रसाद ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### नीट में दो परीक्षार्थियों ने हासिल किया पहला स्थान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलावर को इस साल की नीट-यूजी परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें तमिलनाडु के प्रबंजन जे और आंध्र प्रदेश के बोरा वरुण चक्रवर्ती ने 99.99 पर्सेंटाइल के साथ पहला स्थान हासिल किया। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य है, जबकि राजस्थान भी जनसंख्या के मामले में शीर्ष दस राज्यों में आता है। एनटीए ने सात मई को भारत के 499 शहरों और दूसरे देशों के 14 शहरों में स्थित 4,097 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक) आयोजित की थी। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले सात उम्मीदवारों की पहचान की गई और उनसे नियमों के मुताबिक निपटा गया। परीक्षा 13 भाषाओं असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी।

# जदयू पर आरोप लगा मांझी के बेटे का मंत्री पद से इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

- विपक्षी नेताओं की बैठक से पहले बिहार की राजनीति में उभरी नई हलचल
- *हम* का जदयू में विलय करने का बनाया जा रहा था दबाव: संतोष सुमन

**विपक्षी** दलों की संयुक्त बैठक से ऐन पहले बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दल जद (यू) में विलय के लिए दबाव बनाया जा रहा था। सुमन हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनके पास पास अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग था।

सुमन के पिता एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके जीतन राम मांझी ने हम पार्टी की स्थापना की थी। सुमन के इस्तीफे के बाद बिहार में विपक्षी भाजपा ने दावा किया कि यह राजनीतिक उथल-पुथल नीतीश कुमार की विपक्षी एकता के प्रयासों के लिए तगड़ा झटका है, जिसके तहत वह अगले सप्ताह एक सम्मेलन का आयोजन करेंगे, जिसमें राहुल गांधी, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे बड़े विरोधी नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमन ने कहा कि मैंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेज दिया है और अपनी बात रखने के लिए व्यक्तिगत रूप से विजय कुमार चौधरी (जदयू के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री) से मिला हूं। मुझे उम्मीद है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया ( शेष पेज 9 )

# जम्मू-कश्मीर से दिल्ली तक हिली धरती

**भाषा।** डोडा, भद्रवाह

**जम्मू-कश्मीर** के डोडा में मंगलवार दोपहर को 5.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कारण कुछ इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और केंद्रशासित प्रदेश के लोग घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप के झटके दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों और पड़ोसी देश पाकिस्तान में महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि अपराह्न एक बजकर 33 मिनट पर 5.4 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र छह किलोमीटर की गहराई में था। डोडा के भद्रवाह शहर में भूकंप के कारण कुछ इमारतों में दरारें पड़ गईं और उप जिला अस्पताल के एक वार्ड की फॉल्स सीलिंग गिर गई। एक अधिकारी ने बताया कि कुछ मलबा अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों पर गिर गया। उन्होंने बताया कि मरीजों को सुरक्षित ( शेष पेज 9 )

# गुजरात ने 30,000 लोगों को आश्रयस्थल भेजा

**बिपारजॉय चक्रवात**

- सेना राहत उपायों में एनडीआरएफ की मदद करेगी

**भाषा।** जखाऊ, अहमदाबाद



मुंबई में संभावित चक्रवाती तूफान को लेकर समुद्र तट पर तैनात बचावकर्मी

**गुजरात** के कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह के निकट शक्तिशाली चक्रवात बिपारजॉय के संभावित आगमन से दो दिन पहले अधिकारियों ने मंगलवार को तटीय क्षेत्रों से करीब 30,000 लोगों को अस्थाई आश्रय स्थलों में स्थानांतरित कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की कई टीम तैयार हैं।

इसके साथ ही, सेना के अधिकारियों ने नागरिक प्रशासन और एनडीआरएफ के साथ संयुक्त रूप से राहत कार्यों की योजना बनाई है। सेना ने रणनीतिक स्थानों पर बाढ़ राहत टुकड़ियों को तैयार रखा है। चक्रवात के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात सरकार से संवेदनशील स्थानों पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने की व्यवस्था करने और बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य तथा पेयजल जैसी सभी आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, दो केंद्रीय मंत्रियों, गुजरात के कई मंत्रियों और चक्रवात से प्रभावित होने की आशंका वाले आठ जिलों के सांसद, विधायक और अधिकारियों ने भाग लिया। राज्य राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने कहा, हमने उन तटवर्ती इलाकों के निकट रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पहले ही शुरू कर दिया है, जिनके चक्रवात से सबसे अधिक प्रभावित होने की आशंका है। अभी तक विभिन्न जिलों के प्रशासन ने करीब 30,000 लोगों को अस्थाई आश्रय स्थलों पर पहुंचाया है। अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य तट से 10 किलोमीटर के इलाके में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अब तक चक्रवात से संबंधित एक मौत दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), अहमदाबाद की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा कि चक्रवात के 15 जून की शाम को 125-135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ जखाऊ बंदरगाह के पास कच्छ में मांडवी और पाकिस्तान के कराची के बीच पार करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के तटीय हिस्सों, खासकर कच्छ, पोरबंदर और देवभूमि द्वारका जिलों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मोहंती ने कहा, चक्रवात के दस्तक देने और कमजोर होने के बाद, इसके उत्तर-पूर्व और दक्षिण राजस्थान की ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 14 जून, 2023



# ड्राईक्लीनर की मौत : चौकी प्रभारी समेत कई पुलिस वालों पर केस

● परिवार वालों ने लगाया आरोप- पुलिस कस्टडी में नौशाद को बुरी तरह पीटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मृतक की फाइल फोटो

गाजियाबाद में 36 वर्षीय दिलशाद की संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने बयान दिया है कि जब इसे पूछताछ के लिए लाया जा रहा था तो कार में कैंटर ने टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस कस्टडी में उनके बेटे को पीटा गया है, इस वजह से मौत हुई है।

परिजनों के आरोपों के आधार पर चौकी प्रभारी समेत अज्ञात पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। दिलशाद इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में मकनपुर गांव का रहने वाला था। वो कपड़ों की धुलाई और ड्राईक्लीन का काम करता था। बकौल पुलिस, थाना विजयनगर में उसके खिलाफ महिला संबंधी अपराध की शिकायत प्राप्त हुई थी।

रविवार शाम मकनपुर चौकी प्रभारी बॉबी ने दिलशाद को फोन किया और ये कहकर बुलाया कि मेरे कुछ कपड़ों की धुलाई होनी है। दिलशाद जब चौकी पर पहुंचा तो उसे हिरासत में ले लिया गया। यहां से उसे सफेद रंग की एक कार में बैठाया और पुलिसवाले उसे विजयनगर थाने के लिए लेकर चल दिए। मृतक ड्राई क्लीनर दिलशाद के भाई नौशाद ने कांस्टेबल नीरज राठी सहित थाना विजयनगर के अज्ञात पुलिसकर्मियों पर हत्या 302 की एफआईआर कराई है। नौशाद के मुताबिक, 12 जून की दोपहर 2 बजे नीरज राठी ने मेरे भाई को फ ोन किया और वर्दी लेकर पुलिस चौकी पर बुलाया। जब मेरा भाई घर वापस नहीं आया तो मैं पुलिस चौकी पर पहुंचा। चौकी के अंदर से मेरे भाई के चीखने-चिल्लाने की आवाज आ रही थी। पुलिसवालों ने मुझे धमकी दी कि आज तेरे भाई को जान से मार देंगे।

मैं वापस घर पहुंचा और पिता को लेकर पुन: चौकी पर आया। तब वहां मेरा भाई मौजूद नहीं था। पता चला कि उसे थाना विजयनगर ले गए हैं। जब हम विजयनगर थाने पहुंचे तो वहां पुलिसवालों ने मेरे भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। जिस गाड़ी से दिलशाद को पूछताछ के लिए लाया जा रहा था, उस गाड़ी में आयशर कैंटर वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें पीछे खिड़की किनारे बैठा दिलशाद घायल हो गया। तुरंत उसको यशोदा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने कैंटर के चालक हुकुम सिंह और क्लीनर प्रवीण कुमार को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। दिलशाद की मां ने बताया, चौकी इंचार्ज ने मेरे बेटे को वर्दी देने के लिए चौकी पर बुलाया था। वो दोपहर दो बजे घर से वर्दी लेकर गया, उसके बाद से बेटे का कुछ पता नहीं चला।

हम ढूंढते हुए पुलिस चौकी और फिर थाने पर आए। वहां से पता चला कि बेटे की लाश पोस्टमार्टम हाउस पर रखी हुई है। दिलशाद की मां ने बताया, मेरे बेटे के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान हैं। ऐसा लग रहा है, जैसे उसकी पिटाई की गई हो। हमें बताया जाए कि बेटे के साथ क्या हुआ था। मुझे इंसाफ चाहिए।

## डंपर की टक्कर से पुलिसकर्मी की मौत




**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर जिले में एक डंपर के टक्कर मारने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर जनपद के पुलिस लाइन इलाके में तैनात उप- निरीक्षक (हेड कांस्टेबल प्रोन्नत) राजेश कुमार लखनऊ से लौट रहे थे और जब वह थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर बस से उतरने के बाद सड़क पार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात डंपर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। सिंह ने बताया कि इस हादसे में राजेश कुमार की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि राजेश के पुत्र सुमित कुमार ने थाना नॉलेज पार्क में इस संबंध में मामला दर्ज कराया और पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# पैन रियलटर्स सोसाइटी में टावर सील

● नोएडा प्राधिकरण का 470 करोड़ था बकाया, सात फ्लोर का खड़ी हो चुकी थी इमरात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्राधिकरण का बकाया नहीं चुकाने वाले सेक्टर-70 पैन रियलटर्स सोसायटी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन टावर को सील कर दिया है। बिल्डर पर नोएडा प्राधिकरण का करीब 470 करोड़ रुपए बकाया था।

इसे वसूलने के लिए प्राधिकरण बिल्डर को बार बार नोटिस जारी कर रहा था। इसके बाद भी बिल्डर बकाया जमा नहीं कर रहा था।

इस क्रम में प्राधिकरण की ग्रुप हाउसिंग, नियोजन विभाग की जॉइंट टीम सेक्टर-70 स्थित पैन ओएसिस सोसाइटी पहुंची। यहां टी-टावर को सील कर दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग के ओएसडी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि बिल्डर को सेक्टर-70 में बिल्डर को भूखंड आवंटित किया गया था। यहां बिल्डर का स्ट्रक्चर खड़ा हुआ है। करीब सात मंजिल का निर्माण हो चुका है। हालांकि इसे फ्लैट का रूप नहीं दिया गया है। इसे सील कर दिया गया है। बता दे इससे पहले प्राधिकरण मार्च महीने में सेक्टर-168 सन वर्ड रेजिडेंसी प्राइवेट लिमिटेड के तीन निर्माणाधीन टावरों को सील कर चुका है। इस पर 178.43 करोड़ रुपए की देनदारी थी। वहीं फरवरी में लोट्स इस्पेसिया के टावर-31 को किया सील किया गया था। इस बिल्डर पर 81 करोड़ का है बकाया। इस टावर का 36 में से 12 फ्लोर पर स्ट्रक्चर बन चुका है। ओएसडी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों पर इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उनकी अनसोल्ड इनवेंट्री, सेल्स ऑफि स और क्लब आदि को सील किया जाएगा। ताकि वो बकाया चुका दे। इसके बाद नहीं असर होता तो संपत्ति की ई नीलामी कराई जाएगी।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूनम शर्मा, यूउएस ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड, उमाकांत शर्मा, 1/11752 बी जीआईएफ, पंचशील गार्डन, नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032 खाता नंबर :- **LBDEL00004227654, LBDEL00004291576** | सम्पत्ति सं. 187, द्वितीय तल, भाई परमानंद कालोनी, पुनर्वास स्कीम किंग्सवे कैम्प, दिल्ली | 03-05-2023 रू. 58,09,615/- रू. 4,89,124/- | 03-11-2022 |
| 2. | पूनम शर्मा, यूउएस ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड, उमाकांत शर्मा, 1/11752 बी जीआईएफ, पंचशील गार्डन, नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032 खाता नंबर :- **LBDEL00004227668, LBDEL00004291302** | फ्लैट नंबर सी-906, 9वां तल, डी बी सिटी, ब्लॉक सी, निकट शारदा बाल ग्राम सिटी सेंटर हुरावाली, लिंक रोड, ग्राम मेहरा, ग्वालियर | 03-05-2023 रू. 32,55,137/- रू. 3,32,368/- | 03-11-2022 |
| 3. | शीनी डेविड स्टीफन, सुरेश एन, फ्लैट नंबर 124, तृतीय तल, डीडीए एलआईजी, सरिता विहार, दिल्ली-110076 खाता नंबर :- **LBDEL00004948785** | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर 124, तृतीय तल, मदनपुर खादर, सरिता विहार, दिल्ली-110076 | 08-04-2022 रू. 51,50,214/- | 09-01-2022 |
| 4. | मिरिया चीमा, अनीता भाटिया चीमा, बी-38, ग्रीन वुड्स सिटी, सेक्टर-45, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 खाता नंबर :- **LBGUR00002191149** | फ्लैट नंबर 8072, 7वां तल, टाइप ए, टावर-8, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर-104, गुरूग्राम | 08-09-2022 रू.2,27,27,290/- | 03-06-2022 |
| 5. | तिरूपति बालाजी, सोनी सिंह, ए-927, गौड़ ग्रीन एवेन्यू, अभय खंड-II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 खाता नंबर :- **LBGHZ00002273142** | फ्लैट नंबर 2052, 5वां तल, टाइप बी, टावर-2, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर-104, गुरूग्राम | 08-09-2022 रू. 1,48,07,770/- | 03-06-2022 |
| 6. | प्रकाश चंद्र जोशी, रमा जोशी, ब्लॉक नंबर 4, एच नंबर 369, खिचड़ीपुर, त्रिलोकपुरी, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110091 खाता नंबर :- **LBDEL00005042703** | ब्लॉक के, फ्लैट नंबर के-1106, 11वां तल, दिया ग्रीन सिटी, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद | 06-09-2022 रू. 16,90,552/- | 03-06-2022 |
| 7. | सुलोचना झा, देव शंकर झा, बी-429, प्रथम तल, अवंतिका, सेक्टर-1, रोहिणी, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- **LBDEL00003081733** | फ्लैट नंबर 0803, 12वां तल, टावर 12, ग्राम नौरंगपुर, सुपरटेक बसेरा, सेक्टर-79ए एवं 79बी, मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स, गुरूग्राम | 06-09-2022 रू. 13,46,474/- | 31-01-2021 |
| 8. | विनोद कुमार, अनुराधा तोमर, नागरो सॉटवेयर प्रा. लि., एच नंबर एस 36, सेक्टर-22ए, गुरूग्राम, हरियाणा-122015 खाता नंबर :- **LBGUR00002893460** | फ्लैट नंबर जे 31, तृतीय तल, 63, गोल्फ ड्राइव, टावर-9, सेक्टर-63ए, गुरूग्राम | 06-09-2022 रू. 4,22,444/- | 03-06-2022 |
| 9. | शकुंतला देवी, संदीप दत्त शर्मा, डब्ल्यूजैड-190, लाजवंती गार्डन, दिल्ली-110046 खाता नंबर :- **RBDEL00001865448** | फ्लैट नंबर डब्ल्यूजैड-190, लाजवंती गार्डन, प्लॉट नंबर 15 (छत के अधिकार सहित), खसरा नंबर 212, ग्राम नांगल राया, नई दिल्ली | 06-09-2022 रू. 4,19,907/- | 30-06-2022 |
| 10. | नफीस खान मंसूरी, मंसूरी बॉडी सॉलिड ऐंड स्पोर्ट्स प्रा. लि., साजिदा बेगम, बी-604, मीनाक्षी अपा., सेक्टर-पी1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, सूरजपुर, नोएडा-201306 खाता नंबर :- **LBDEL00005181909** | प्लॉट नंबर टी5, सेक्टर ग्राम तुगलपुर, हल्दोना गौतमबुद्ध नगर | 09-09-2022 रू.1,00,84,928/- | 03-06-2022 |
| 11. | हरदीप सिंह जौहर, दमनदीप कौर, 1032, दि ग्रेट ल्यालीपुर हाउसिंग सोसायटी फेज-1, सेक्टर-10, द्वारका, दिल्ली-110075 खाता नंबर :- **LBGUR00002087904** | अपार्टमेंट नंबर 1181, टावर-1, 18वां तल, टाइप बी, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर-104, गुरूग्राम, हरियाणा | 19-10-2022 रू.1,64,78,687/- | 30-07-2022 |
| 12. | आनंद प्रदीप कुमार, एन 25, भू तल, चितरंजन पार्क, नई दिल्ली-110019 खाता नंबर :- **LBGUR00003228233** | कार्यालय यूनिट नंबर 602, छठा तल, सेकंड ट्रेड सेंटर, ग्राम टीकरी, सेक्टर-47, सोहना रोड, गुरूग्राम, हरियाणा | 19-10-2022 रू. 52,88,515/- | 04-07-2022 |
| 13. | संध्या वशिष्ठ, प्रभात चंद्र वशिष्ठ, एफ 1/116, साउथएंड अपा., ईरोज गार्डन, चार्मवुड विलेज, सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 खाता नंबर :- **LBFDB00002891561** | फ्लैट नंबर एएम के-2301, 23वां तल, सेक्टर-118, टावर के, प्लॉट नंबर जीएच-01, अजनारा ऐम्ब्रोसिया, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 19-10-2022 रू. 49,04,121/- | 30-06-2022 |
| 14. | राकेश कुमार पाहूजा, राज रानी, फ्लैट नंबर 17, एसआरएम अपार्टमेंट्स, 106 आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज शकरपुर, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110092 खाता नंबर :- **LBDEL00004601450** | फ्लैट नंबर 1103, टावर 3ए, 11वां तल, परियोजना "स्पीडवे एवेन्यू" में स्थित, प्लॉट नंबर जीएच-ए-2, सेक्टर-25, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, एसडीजैड, यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा | 06-01-2023 रू. 31,69,694/- | 03-10-2022 |
| 15. | अमित भगत, लीला भगत, 882, एटीएस विल 1 एक्सप्रेस वे, सेक्टर-93 ए, नोएडा-201301 खाता नंबर :- **LBGUR00001951319** | यूनिट नंबर ओसीबी0052601, ऑर्चर्ड्स जेपी ग्रीन, विशटाउन, सेक्टर-128, नोएडा | 06-01-2023 रू. 45,18,032/- | 11-10-2022 |
| 16. | जया पांडे, रवि शंकर पांडे, बी-74, प्रथम तल, रामप्रस्थ कालोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201011 खाता नंबर :- **LBDEL00002203375** | फ्लैट नंबर 1402, 13वां तल, टावर-ए, किंग्सवुड्स कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच-06, क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद | 08-12-2022 रू. 12,39,373/- | 03-06-2022 |
| 17. | राजीव आहूजा, रेखा रानी, वर्षा रानी, एच नंबर 231, ईडब्ल्यूएस बुनकर कालोनी, पानीपत, हरियाणा-132103 खाता नंबर :- **LBPNP00004952659, LBPNP00004952664, LBNOD00005332938** | मकान नंबर 842 का भाग, वार्ड नंबर 7, एमसी सीमा के भीतर, पानीपत, हरियाणा-132103 | 09-05-2023 रू. 14,01,172/- रू. 16,54,600/- रू. 4,18,089/- | 03-02-2023 |
| 18. | अर्जुन शर्मा कुसुम, शर्मा टॉय अड्डा, मकान नंबर 23, ट्रांजिस्ट होस्टल, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 खाता नंबर :- **LBNOD00005308499, LBNOD00005319044** | फ्लैट नंबर बी-5/402, चतुर्थ तल, पंचशील प्राइम-390, मेन हापुड़ रोड, गोविंदपुरम अनाजमंडी के सामने, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 | 28-12-2022 रू. 38,45,920/- रू. 6,29,783/- | 03-09-2022 |
| 19. | कृष्ण कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, विष्णु दत्त कौशिक, एच नंबर 613 एवं एच नंबर 1111, 12 मीटर रोड, सेक्टर-65, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121002 खाता नंबर :- **LBFDB00002946348, LBFDB00005337380** | प्लॉट नंबर 499, सेक्टर-65, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 | 28-12-2022 रू. 10,23,969/- रू. 9,56,082/- | 12-09-2022 |
| 20. | धर्मेन्द्र कुमार सिह, अमरावती, रामगढ़ इंजीनियरिंग कालेज, द्वितीय तल डी क्वार्टर आर ग्राम मुरूबंदा पोस्ट बारीकपोना पीएस राजरप्पा झारखंड, रामगढ़-825314 खाता नंबर :- **LBNOD00004944086, LBNOD00004979183** | फ्लैट नंबर 1206, 12वां तल, "मिगसन विलास", ब्लॉक सन 3, प्लॉट नंबर जीएच-1बी(2), सेक्टर ईटीए-2, नोएडा-201308 | 03-05-2023 रू. 13,76,770/- रू. 87,117/- | 30-01-2023 |
| 21. | यशपाल सिंह पनेसर, कुलजीत कौर पनेसर, बी 9/8, ब्लॉक बी 9, राजौरी गार्डन, दिल्ली-110063 खाता नंबर :- **LBDEL00002139381, LBDEL00002140737** | फ्लैट नंबर 4 सी-107, 7वां तल, टावर 1, बिग स्काई टावर, गोल्फ व्यू अपार्टमेट, सेक्टर-प, पाकेट-डी, सुशांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ-226003 | 03-05-2023 रू. 95,19,911/- रू. 12,537.7/- | 30-01-2023 |
| 22. | विनोद बंसल, प्रीति बंसल, मकान नंबर 635, प्रथम तल, सूर्य नगर, फेज-2, गेट नंबर 3, सेक्टर-91, फरीदाबाद-121013 खाता नंबर :- **LBFDB00005803522, LBFDB00005818001** | मकान नंबर 510, फेज-2, सेक्टर-91, सूर्य नगर आवासीय स्कीम, फरीदाबाद-121002 | 03-05-2023 रू. 30,03,264/- रू. 80,652/- | 02-01-2023 |
| 23. | पंकुर त्यागी, अभिषेक त्यागी, सुमन लता त्यागी, ए-54 ए, नंद ग्राम पी/ओ मरियम नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 खाता नंबर :- **LBGHZ00004960883, LBGHZ00005337379** | मकान नंबर 54 ए, भू तल, ईडब्ल्यूएस, सेक्टर-ए, ब्लॉक-ए, नंद निकुंज, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 | 06-05-2023 रू.15,83,233/- रू.2,23,322.33/- | 03-02-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 14 जून, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## किसानों को संजय और चंद्रशेखर ने दिया समर्थन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में पिछले 50 दिनों से किसानों का धरना चल रहा है। 45 गांव के किसान अपनी मांगों को लेकर यहां पर प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही 33 किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके बाद से लगातार किसानों को राजनीतिक पार्टियों का साथ मिल रहा है।

किसानों को समर्थन देने के लिए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी धरना स्थल पहुंचे। संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। सरकार किसानों की किसी भी बात को सुनना ही नहीं चाहती है।

# बांग्लादेश जाते थे नोएडा से चोरी के मोबाइल

● एसटीएफ ने 5 लोगों को किया गिरफ्तार, रियल मी और ओप्पो के 100 फोन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एसटीएफ और नोएडा पुलिस की संयुक्त टीम ने ट्रक चालकों से मिली भगत करके कंपनियों से मोबाइल चोरी कर बांग्लादेश तस्करी करने वाले गैंग के 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 100 मोबाइल रियल मी और ओप्पो कंपनी के बरामद किए है। ये लोग त्रिपुरा और अगरतला के रास्ते बांग्लादेश मोबाइल तस्करी करते थे।

एसटीएफ अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि एसटीएफ को कई दिनों से इस तरह की जानकारी मिल रही थी कि एक गिरोह लॉजिस्टिक सेंटरों पर मॉल ढोने वाले ट्रांसपोर्ट के यहां अपने ड्राइवर रखवा रहे है। साथ ही चोरी के मोबाइल को अगरतला के जरिए बांग्लादेश भेजा जा रहा है। इस पर एसटीएफनोएडा और आगरा दोनों को इस ऑपरेशन में शामिल किया गया। 12 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि सूरज पुर के लॉजिस्टिक सेंटर से चोरी के मोबाइल को बेचने वाला गैंग यहां मौजूद है।

ऐसे में तिलपता गोल चक्कर के पास हुंडई औरा यूपी 80 एफ वी 4627 की डिग्गी से बोरे निकालकर दूसरी गाड़ी हुंडई वर्ना डीएल 3सी बीजैड 6180 की डिग्गी में रखते हुए पांचों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अनिल कुमार, अंशू, हर्ष बंसल, केशव, राजीव हुई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये लोग ट्रक ड्राइवर से साठ गांठ करे लॉजिस्टिक कंपनी के द्वारा मॉल के पैकेट पर लगाई गई मैग्नेटिक सील को खोलने के लिए एक डिवाइस का प्रयोग करते थे।

सील खुलने के बाद ये चोरी करते और दोबारा से सील को लगा दिया जाता था। इस तरह से वेयर हाउस और लॉजिस्टिक कंपनी को सील खुलने की जानकारी देर से मिलती थी। पूछताछ में बताया कि अंशु ने शैडो फैक्स कंपनी में साठगांठ करके अनिल को यहां ड्राइवर रखवा दिया।

ये कंपनी सैमसंग कंपनी के लिए लॉजिस्टिक का काम करती है। अनिल कुमार सैमसंग कंपनी के मोबाइल का ट्रक बिलासपुर हरियाणा के लिए गाड़ी लेकर निकला। रास्ते में जीतू, अंशु, केशव और हर्ष ने 280 मोबाइल निकाल लिए।

हर्ष बंसल ने चोरी किए गए 280 मोबाइल कासिम को बेच दिया। कासिम ने रामसंस कार्गो के माध्यम से एयर कार्गो द्वारा अगर तला त्रिपुरा निवासी आमिर हुसैन को मॉल भेज दिया। यहां से मोबाइल बांग्लादेश भेज दिया गया।

# फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा बद्दो का फोन

धर्मांतरण मामला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



● पुलिस को शक आरोपी ने मिटाये डिजिटल सबूत

खान शहनवाज उर्फ बद्दो को पुलिस मंगलवार सुबह गाजियाबाद लेकर पहुंची। इसके बाद बद्दो को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इससे पहले सोमवार देर रात पुलिस उसको महाराष्ट्र से दिल्ली एयरपोर्ट पर लाई थी।

वहां से सड़क मार्ग से संयुक्त जिला अस्पताल संजय नगर पहुंची। जहां उसका मेडिकल कराया। बद्दो ऑनलाइन गेम की आड़ में धर्मांतरण सिंडिकेट चलाने के मामले में मुख्य आरोपी है। वहीं, अस्पताल लाने से पहले बद्दो से पुलिस ने कई घंटे पूछताछ की। शुरुआत में उसने ज्यादातर आरोप नकार दिए। वहीं, उसके मोबाइल से भी पुलिस को ज्यादा साक्ष्य नहीं मिले हैं।

पुलिस मान रही है कि बद्दो ने हाथ आने से पहले ही सारे साक्ष्य मोबाइल से मिटा दिए हैं। जिन्हें अब फ ोरेंसिक लैब के जरिए रिकवर कराया जाएगा। ठाणे देहात और अलीबाग पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 11 जून को बद्दो को समुद्र किनारे एक लॉज से अरेस्ट किया था। 12 जून को ठाणे के सेशन कोर्ट में बद्दो की पेशी हुई। गाजियाबाद पुलिस ने उसका ट्रांजिट रिमांड मांगा। कोर्ट ने 15 जून तक का ट्रांजिट रिमांड मंजूर की। पुलिस फि र उसको रिमांड पर लेकर धर्मांतरण मामले से जुड़े सवालों पर पूछताछ करेगी। केंद्रीय गुप्तचर ब्यूरो यूपी समेत कई जांच एजेंसियां उससे पूछताछ करेंगी। बद्दो के खिलाफ 30 मई को गाजियाबाद के थाना कविनगर में धर्मांतरण कानून के तहत एफ आईआर हुई थी।


ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि सन्नी भाटिया/सश्मिता भाटिया (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00001955094 तथा पता फ्लैट नंबर - एलई/ई - 202, टावर-ई, सेक्टर-6, आदित्य वर्ल्ड सिटी, ऑफ एनएच-24, गाजियाबाद-201010 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 25 मई, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि अग्रवाल एसोसिएटस (प्रमोटर्स) लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 14 जून, 2023 — वास्ते — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली — हस्ता./-

Lost and Found

It is a Public notice that my client Mrs. Asha Gupta W/o Shri Hari Kant Gupta R/o 153, Gali No. 5, East Azad Nagar, Delhi-110051 is the owner of 153, Gali No. 5, East Azad Nagar, Delhi-110051. That all the previous Original documents in respect to the above said property has been lost/misplaced somewhere and not traceable from the year 2009.

It is therefore, Notified that anybody claiming any right, title, interest or lien over the aforesaid property may file such claim or objection to the undersigned within a period of 15 days from the date of Publication of this notice. Otherwise, it will be presumed that the said property is free from all encumbrances, charges and /or lien, etc. any my client is free to sell the said property.

Sahil Arora (Advocate)
Enrol No. D/2186/2019
No. 107, F. F, M.S Chambers,
Laxmi Nagar, Delhi-92

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश शर्मा, मीरा शर्मा, मेगा सिस्टम सर्विसेज बी 9/40डी सेक्टर-34, उदय गिरि 2, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 खाता नंबर :- LBDEL00001486111 | फ्लैट नंबर 40 डी, तृतीय तल, एलआईजी, ब्लॉक-बी-9, उदयगिरि-II, सेक्टर-34, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 25-04-2023 रू. 8,37,973/- | 11.09.2022 |
| 2. | राजकुमार, मधुबाला, मकान नंबर 345 ए.सी. नगर, छोटी मस्जिद के सामने, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 खाता नंबर :- LBDEL00000375339 | मकान नंबर 585, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-10, फरीदाबाद, हरियाणा | 27-04-2023 रू. 2,86,748/- | 06.02.2022 |
| 3. | पवन कुमार माहेश्वरी, संतोष माहेश्वरी, 232-(4174) मोहल्ला शकरपुरा, निकट हरियाणा अचार फैक्ट्री, रेवाड़ी, हरियाणा-123401 खाता नंबर :- LBDEL00001131229 | प्लॉट नंबर ए 83, एमजी 2 (एमआईजी) सदाशिव अपार्टमेंट शालीमार गार्डन एक्सटेंशन, हदबस्त ग्राम पसौंडा, परगना लोनी, तहसील गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 25-04-2023 रू. 2,95,801/- | 09.07.2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 14 जून, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — प्रत्याभूत लेनदार


## संक्षिप्त समाचार



पुलिस हिरासत में दुष्कर्म का आरोपी डॉक्टर

### डॉक्टर ने नींद की गोली खिलाकर युवती से किया दुष्कर्म

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाले एक डॉक्टर ने युवती से रेप किया है। डॉक्टर और युवती की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई थी। दोस्ती के बाद एक दिन मिलने के लिए बुलाया और नींद की गोलियां खिलाकर उसके साथ रेप किया। होश आने पर युवती ने उसका विरोध किया। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने थाना सेक्टर-49 पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान डॉक्टर हरिओम कश्यप हुई है। वो बरौला के लाइफलाइन अस्पताल में डॉक्टर है। पुलिस ने बताया कि जब पीड़िता ने आरोपी डॉक्टर का विरोध किया तो उसे जान मारने की धमकी दी।

### मेयर ने तलब की होर्डिंग कंपनी की पत्रावली

**गाजियाबाद।** निगम के डूडा विभाग के जरिए लिए गए एक विज्ञापन के ठेके का स्टे तीन वर्ष बाद भी नगर निगम खारिज नहीं करा सका। इस प्रकरण की पत्रावली अब महापौर सुनीता दयाल ने तलब की है। मामना जा रहा है कि अब यह साफ होगा कि आखिर क्यों कोर्ट से स्टे खारिज कराने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। डूडा की ओर से कई वर्ष पहले शहर में करीब साढ़े चार सौ होर्डिंग के ठेके छोड़े गए थे। इन सभी ठेकों को छोडने् के पीछे शहर में पांच स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करना मकसद था। एक कंपनी को तत्कालीन नगर आयुक्त दिनेश चंद्र सिंह की ओर से होर्डिंग का ठेका दिया गया था। बाद में इस ठेके को लेकर विवाद हुआ तो सदन में पत्रावली मंगाकर नगर आयुक्त ने ठेका कैंसल कर दिया। इस प्रकरण को लेकर पिछले करीब तीन वर्ष हो गए। कंपनी ने कोर्ट से स्टे हासिल कर लिया। डूडा विभाग की ओर से आज तक भी इस कंपनी के स्टे को खारिज नहीं कराया गया है। हाल ही में यह मामला महापौर सुनीता दयाल की जानकारी में आया है।

### वैशाली में शॉर्ट सर्किट से फ्लैट में लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली इलाके में एक फ्लैट में सोमवार रात आग लग गई। परिवार ने फ्लैट से भागकर जान बचाई। फायर फाइटर्स ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, सोमवार रात करीब 10 बजे फायर स्टेशन वैशाली को आग की सूचना मिली। तुरंत दो फायर टेंडर घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो पार्क एवेन्यू सोसाइटी सेक्टर.4 वैशाली के फर्स्ट फ्लोर के फ्लैट में आग लगी हुई थी। आग की लपटों के साथ काला धुआं तेज फैल रहा था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होजलाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करके आग को पूर्ण रूप से शांत किया। फ्लैट मालिक रोहन बिश्नोई हैं। इस अग्निकांड में फ्लैट के एक कमरे का सामान पूरी तरह जल गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। करीब 30 मिनट के अंदर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। सोसाइटी के लोगों ने समय रहते आग बुझाने पर फायर फाइटर्स की हौसला अफजाई की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# देर रात तक जगह-जगह मिलेगा स्वादिष्ट खाना

## फूड ट्रक पॉलिसी को मंजूरी, न्यूयॉर्क, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर पहले 16 जगहों पर शुरू होंगे फूड कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

न्यूयॉर्क, ऑस्ट्रेलिया और हांगकांग की तरह ही अब दिल्ली की भी अपनी फूड ट्रक पॉलिसी होगी। इसके तहत लोग रात में भी विभिन्न लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। इस पॉलिसी के लागू होने से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही राजधानी दिल्ली की अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी।

दिल्ली फूड ट्रक पॉलिसी 2023 को विस्तार से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया, जिसे सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

इस पॉलिसी के तहत जिन स्थानों पर फूड ट्रक की व्यवस्था की जाएगी, वहां सज्जा और साफ-सफाई का खास ध्यान रखा जाएगा। पहले चरण में 16 भीड़भाड़ वाले बाजार, और इलाके शामिल हैं। फूड स्थानों पर फूड ट्रक योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद इसे अन्य इलाकों में भी लागू किया जाएगा।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली फूड ट्रक पॉलिसी पर मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि दिल्ली में अर्थव्यवस्था और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बहुत जल्द दिल्ली सरकार फूड ट्रक पॉलिसी ला रही है।



फूड कोर्ट को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

इसे आज कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई है। इस योजना से दिल्ली वालों को देर रात भी लजीज व्यंजन उपलब्ध हो पाएगा।

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार फूड ट्रक पॉलिसी लाने जा रही है। इससे दिल्ली में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और रात के समय में दिल्ली की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

इस योजना के तहत दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में फूट कोर्ट बनाए जाएंगे, जहां पर कई फूड ट्रक एकसाथ खड़े हो सकेंगे। साथ ही दिल्ली वालों के लिए फूड कल्चर हब्स बनाए जाएंगे। जिससे रात में भी अर्थव्यस्था और रोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा। अब जल्द ही लोगों को घूमते-फिरते हुए खाने पीने का भरपूर आनंद मिलेगा। दुनिया के कई बड़े शहरों और पर्यटन जगहों में पहले से ही फूड ट्रक का चलन रहा है। न्यूयॉर्क, वाशिंगटन डीसी, सैन फ्रांसिस्को, एम्स्टर्डम, लंदन, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, टोक्यो और हांगकांग समेत कई देशों में फूड ट्रक काफी प्रचलित हैं। इसी तर्ज पर अब दिल्ली में भी फूड कल्चर को बढ़ावा देने के लिए यह योजना सरकार ला रही है।

योजना का दिल्ली को ऐसे मिलेगा फायदा फूड ट्रक योजना का मकसद दिल्ली को फूड ट्रक राजधानी बनाना है। फूड ट्रक योजना लाने के पीछे दिल्ली सरकार का मकसद है कि छोटे-छोटे कारोबार को बढ़ावा मिल सके। इसके साथ ही रोजगार के अवसर पैदा हों और रात में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले और राजधानी में फूड कल्चर प्रचलित हो।

# पानी बिलों के लिए समझौता योजना जल्द

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड पानी के बिलों में गड़बड़ी दुरुस्त करने के लिए जल्द एक समझौता योजना ला रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली जल बोर्ड ने मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे कैबिनेट में पेश किया जाएगा।

योजना लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को बिल भरने के लिए तीन माह का समय दिया जाएगा। अगर वे तीन महीने के भीतर बिल का भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें बकाया बिल का भुगतान करना होगा। सरकार गलत मीटर रीडिंग को रोकने के लिए कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बड़ी संख्या में पानी के बिल जमा हो गए हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान मीटर रीडिंग नहीं ली जा सकी। मीटर रीडर ने गलत रीडिंग दर्ज करा दी और इसलिए लोगों को गलत बिल मिले। दिल्ली में 27.6

- बिल में गड़बड़ी, गलत मीटर रीडिंग जैसी समस्याओं का होगा समाधान

लाख घरेलू मीटर हैं और इनमें से 11.7 लाख (मीटर पर) बिल बकाया हैं और उन्हें जमा नहीं किया गया है। बकाया राशि 5,737 करोड़ रुपए है। योजना के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे दो उप-खंडों में विभाजित किया जाएगा। एक के दायरे में वे लोग आएंगे जिनकी दो या दो से अधिक सही रीडिंग हैं और दूसरे चरण में वे लोग आएंगे जिनके यहां एक या एक भी सही मीटर रीडिंग नहीं हुई है। अगर हर बिल को ठीक करने की कोशिश करते तो उसे दुरुस्त करने में 100 साल से ज्यादा लग जाते। इस योजना के माध्यम से डीजेबी 11.7 लाख उपभोक्ताओं के बिल का निपटान करेगा।



मंगलवार को राजधानी में भीषण गर्मी रही। छाते से तेज धूप का बचाव करती युवती। फोटो: रंजन डिमरी

# पैनिक बटन के नाम पर करोड़ों का घोटाला : भाजपा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- परिवहन विभाग में 5 रुपए के पैनिक बटन के वसूले गए 9000 से 22000 रुपए : बिधूड़ी

प्रदेश भाजपा ने परिवहन विभाग में पैनिक बटन लगाने के नाम पर करीब 800 करोड़ रुपये का घोटाला होने का दावा किया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में पंजीकृत 1.12 लाख टैक्सी और करीब 10 हजार बसों से 9 से 22 हजार रुपये प्रति वर्ष पैनिक बटन लगाने का वसूला जा रहा है।

महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह बटन लगाए गए। इस दावे के साथ कि आपात स्थिति में महिला यात्रियों को कंट्रोल रूम से तत्काल मदद पहुंचा दी जाएगी। अब तक करीब आठ सौ करोड़ रुपये प्राइवेट वेंडरों ने पैनिक बटन लगाने के नाम पर वसूले हैं लेकिन उसका कोई उपयोग नहीं। पैनिक बटन को ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। दिल्ली सरकार ने पैनिक बटन सिस्टम पर निगरानी के लिए न तो कोई कंट्रोल रूम बनाया है और न ही कोई इस तरह का सिस्टम तैयार किया है। सिर्फ कुछ वेंडरों के साथ मिलकर जनता से पैसा वसूला रहा है।

रामवीर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर केजरीवाल सरकार ने बसों और टैक्सियों में पैनिक बटन अनिवार्य कर दिया था। आप सरकार इसके साथ ही यह प्रचार कर रही थी कि वह महिला सुरक्षा के लिए बहुत चिन्तित है, लेकिन उनकी चिंता कितनी बनावटी और झूठी थी, यह अब पता चल गया है। पैनिक बटन लगाने की शुरुआत वर्ष 2019 में हुई थी। प्रत्येक टैक्सी वाले से 9000 रुपए प्रतिवर्ष और प्रत्येक बस वाले से 22000 रुपए प्रतिवर्ष लेने का फैसला हुआ था।

# रिश्वत लेता ईपीएफओ कर्मी रंगे-हाथों धरा

- मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का निरीक्षण कर भारी जुर्माना लगाने की दी थी धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एक अस्पताल के प्रबंधक पर लगे जुर्माने के निपटान के लिए कथित तौर पर 12 लाख रुपए रिश्वत लेते समय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के प्रवर्तन अधिकारी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ के पूर्वी स्थानीय कार्यालय में काम करने वाले ऋषि राज को सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ लिया। राष्ट्रीय राजधानी के एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के प्रबंधक की शिकायत पर यह कार्रवाई गई। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, आरोप है कि आरोपी (राज) ने दिल्ली के एक मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया और शिकायतकर्ता (उक्त अस्पताल में प्रबंधक के रूप में कार्यरत) को सूचित किया कि अस्पताल के रिकॉर्ड में बहुत सारी अनियमितताएं हैं, जिसके लिए अस्पताल पर (लगभग) 15 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि राज ने मामला निपटाने के लिए कथित तौर पर जुर्माने की 20 प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप में देने के लिए कहा और बातचीत के बाद 12 लाख रुपए तय हुए। जाल बिछाकर 12 लाख रुपए की रिश्वत लेते समय आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

# टैक्सी के अंदर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या



**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के द्वारका इलाके में एक युवक की टैक्सी में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त गालिबपुर गांव के निवासी धीरेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ वर्ष 2019 में आबकारी अधिनियम के तहत ममला दर्ज किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार शाम साढ़े सात बजे द्वारका में खैरा मोड़ के पास हुई। शुरुआती जांच में पता चला है कि संदिग्ध खैरा मोड़ पर धीरेन्द्र से मिलने आया था और दोनों पीड़ित के वाहन में बैठ गए। इस बीच दोनों के बीच कोई विवाद हुआ और फिर संदिग्ध ने धीरेन्द्र पर गोली चला दी। संदिग्ध को गिरफ्तार करने के लिए कई टीम बनाई गई हैं। आरोपी के बारे में अहम सुराग मिला है। प्रथम दृष्टया रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया।

# डीयू ने पीएचडी पाठ्यक्रमों में नए बदलावों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस वर्ष अपने पीएचडी पाठ्यक्रमों में कई नए बदलाव किए हैं, जिसमें प्रसिद्ध और विश्वसनीय पत्रिकाओं में कम से कम दो शोध पत्रों का प्रकाशन, बाहरी परीक्षकों के अलावा शोध पर्यवेक्षक द्वारा थीसिस का मूल्यांकन और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को पीएचडी करने के लिए छूट शामिल हैं।

विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-पीएचडी) के माध्यम से छात्रों को पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश देगा। हालांकि, विश्वविद्यालय में सेवारत शिक्षण और गैर-शिक्षण वर्ग सीधे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। पिछले सप्ताह कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान नए बदलावों को मंजूरी दी गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के निदेशक प्रकाश सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानकों और प्रक्रियाओं में नियमों में कई संशोधन किए हैं। अब पीएचडी में सभी प्रवेश सीयूईटी पीएचडी के माध्यम से किए जाएंगे।

# उपराज्यपाल ने चार नए गांवों को लिया गोद

- निजामपुर, जौंती, रावता और देवराला को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कुतुबगढ़ में मिले सकारात्मक परिणामों से उत्साहित उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने चार नए गांवों को मॉडल गांव के रुप में विकसित करने के लिए गोद लिया।

ये गांव उत्तर-पश्चिम दिल्ली के निजामपुर, जौंती और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में रावता और देवराला गांवों हैं। इन चारों गांवों में सभी नागरिक सुविधाओं के लिए बुनियादी संरचनाओं, स्वास्थ्य सुविधाएं, आजीविका के अवसर और व्यापक जल, पौधारोपण प्रबंधन योजनाएं प्रदान की जाएंगी। निजामपुर और जौंती कंझावला में स्थित है जबकि रावता और देवराला कापसहेड़ा में स्थित है। इन गांवों को कुतुबगढ़ गांव की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। वर्ष 2011 की जनसंख्या के मुताबिक निजामपुर की आबादी 6 से 7 हजार जबकि जौंती की आबादी 8 से 9 हजार के बीच है। वहीं रावता की आबादी 2933 और देवराला की आबादी 524 है। इन गांवों का विकास कुतुबगढ़ की तर्ज पर किया जा रहा है जिसका मकसद इन गांवों के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार और आर्थिक खुशहाली लाना है। जिस तरह से कुतुबगढ़ गांव को विकसित किया जा रहा है, उसी तरह से इन गांवों में पानी, कृषि जैसे मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। उपराज्यपालके सहयोग और उपस्थिति में कुतुबगढ़ गांव को विकसित करने का काम गांव के 500 किसानों द्वारा 1000 चंदन के पौधे लगाए जाने के साथ ही सितंबर 2022 में शुरू हुआ था।

# हस्तशिल्प क्षेत्र में पैदा होंगे नए रोजगार

- शिल्पकारों को सम्मानित कर बोले मुख्यमंत्री- हस्तशिल्प कलाकारों को एक मंच पर लाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हस्तशिल्प कला को निखारने और कलाकारों को आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से दिल्ली सरकार कलाकारों को एक मंच पर लाने की योजना पर काम कर रही हे। इसका मकसद हस्तशिल्प प्रतिभा एवं विलुप्त हो रही हाथ की कारीगरी को निखार कर बड़े स्तर पर रोजगार पैदा करना है।

इस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले शिल्पकारों को मंगलवार को उनकी बेहतरीन कलाकारी का सम्मान मिला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 कलाकारों को स्टेट अवार्ड और स्टेट मेरिट अवार्ड 2020 व 2021 प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि देश में बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है।

ऐसे में बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने में हस्तशिल्प कला बहुत बड़ी भूमिका भूमिका निभा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार भी हस्तशिल्प कलाकारों को प्रोत्साहित करे। अगर सरकार कलाकारों को आर्थिक मदद के साथ उनको स्किल ट्रेनिंग दे देती है तो हस्तशिल्प के क्षेत्र में रोजगार पैदा हो सकता है। दिल्ली सरकार इस दिशा में काम करेगी। दिल्ली में हजारों हस्तशिल्प कलाकार हैं। सभी को एक मंच पर लाने के लिए जल्द योजना



बनाई जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री होने के नाते वह दिन-रात यही सोचते हैं कि लोगों को कैसे ज्यादा से ज्यादा रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराए जाए। उनकी सरकार हस्तशिल्प कलाकारों को दिल्ली हाट जैसे स्थानों पर अपना उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए जगह देती है।

साथ ही उन्हें पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी करती है। कलाकारों के साथ ये चर्चा भी होनी चाहिए कि वे अपनी कला को बड़े स्तर पर कैसे ले जा सकते हैं। उन्हें लगता है कि पैसे की जरूरत पड़ती होगी।

अगर सरकार ठीक से आर्थिक मदद मुहैया करा सकें तो कलाकार अपनी कला को कई गुना बढ़ा सकते हैं। कई कलाकारों का कहना है कि उनको एक प्रोडक्ट तैयार करने में कई बार एक महीने लग जाता है।

अगर सरकार कलाकारों की क्षमता बढ़ा दे तो एक साथ कई लोगों को रोजगार देकर एक समय पर एक तरह के कई सारे उत्पाद बनाए जा सकते हैं। साथ ही, वे अपनी कला को दूसरे लोगों को सिखा सकते हैं।

### स्टेट अवार्ड 2020 से ये हुए सम्मानित

स्टेट अवार्ड 2020 से राजीव वर्मा, अंजू देवी और बबुद्दीन को सम्मानित किया गया। राजीव वर्मा को मेटल क्रॉफ्ट में पीतल का मटका बनाने, अंजू देवी को टेरा कोटा में मटका बिंदरी वर्क और बबुद्दीन को वुड वेयर में फ्रेम मिरर बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

### स्टेट मेरिट 2020 से

स्टेट मेरिट अवार्ड के तहत पांच लोग सम्मानित हुए। शिल्पकार कहकशां को कैमल बोन ज्वैलरी में नेकलेस सेट, विक्की को एप्लिके वर्क में वॉल पीस, कुमारी दीपा को मधुबनी पेंटिंग में कृष्ण लीला, गोबिंद कुमार झा को मधुबनी पेंटिंग में शिव भक्त द्वादेश, पायल वैष्णव को तंजौर पेंटिंग में बिहारी जी बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

### स्टेट अवार्ड 2021 से

इस दौरान स्टेट अवार्ड 2021 के तहत भी तीन शिल्पकारों को सम्मानित किया गया। इसमें धर्म चंद को टेरा कोटा में बिग हुक्का, मोहम्मद मार्धूब को वुड क्रॉफ्ट में मिरर फ्रेम और ज्योति लाल कर्ण को मधुबनी पेंटिंग में ट्री ऑफ लाइफ बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

### सरकार हस्तशिल्प कला को स्टार्ट-अप योजना में भी कर सकती है शामिल

*मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हस्तशिल्प कला को दिल्ली सरकार की स्टार्ट-अप योजना में भी शामिल कर सकते हैं। सरकार की जानकारी में दिल्ली में 20 हजार से ज्यादा हस्तशिल्प कलाकार हैं। इसके अलावा भी बहुत सारे युवा कुछ न कुछ रचनात्मक कार्य जरूर कर रहे हैं। अगर हम विज्ञापन के जरिए सभी कलाकारों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं तो करीब 2 लाख कलाकार मिल जाएंगे। अगर इन कलाकारों की रचनात्मकता को ही उनका रोजगार बना दिया जाए तो उन्हें रोजगार भी मिलेगा और उनकी रचनात्मकता भी बढ़ेगी।*

### 2021 से ये हुए सम्मानित

इसी तरह स्टेट मेरिट अवार्ड 2021 के अंतर्गत पांच शिल्पकार सम्मानित किए गए।

इसमें जुनैद नबी को बांस शिल्प में सीधी बांसुरी, रितेश कुमार को कृत्रिम ज्वैलरी में रानी हार, ईशा गुप्ता को क्रोकेट क्रॉफ्ट में पोर्ट्रेट ऑफ पैरेंट्स, राजेश कुमार को सिक्की ऑर्ट में दिल्ली दर्शन और स्निग्धा को मधुबनी पेंटिंग में ट्री ऑफ लाइफ बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

# किसान आंदोलन को विफल करने का प्रयास गलतः सीएम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डोर्सी के बयान को लेकर मंगलवार को कहा कि अगर किसानों के आंदोलन को विफल करने का प्रयास किया गया था, तो यह गलत है। दरअसल डोर्सी ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान उसकी आलोचना वाली पोस्ट नहीं हटाने पर देश में कंपनी के संचालन पर रोक लगाने की धमकी दी थी।

डोर्सी ने एक साक्षात्कार में आरोप लगाया कि किसान आंदोलन के दौरान जो कहा जा रहा था, उसे नहीं सुनने पर सरकार ने ट्विटर के कर्मचारियों के घर पर छापे मारने की भी धमकी दी थी।

# गाजीपुर लैंडफिल में आग पर सरकार सख्त

- डीपीसीसी, एमसीडी और अग्निशमन विभाग को निगरानी के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गाजीपुर लैंडफिल साइट में लगी आग की घटना को लेकर दिल्ली सरकार सख्त है।

उसने डीपीसीसी, एमसीडी और दिल्ली फायर सर्विस को लैंडफिल साइट पर कड़ी निगरानी रखने और आग की घटनाओं पर काबू पाने और बुझाने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग की घटना के मामले में मंगलवार को डीपीसीसी, एमसीडी और दिल्ली फायर सर्विस को लैंडफिल साइटों पर आग लगने की ऐसी घटनाओं को रोकने और नियंत्रित करने के लिए निर्धारित मानदंडों, आदेशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है। ताकि इस तरह की आग लगने से रोका जा सके। गोपाल राय ने कहा कि गर्मी के मौसम के दौरान, हर साल लैंडफिल साइटों से आग लगने की घटनाओं की सूचना मिलती है। ऐसी आग की घटनाओं को रोकने और किसी लैंडफिल साइट पर आग लगने की स्थिति में उन्हें नियंत्रित करने के लिए विभिन्न मानदंड पहले से ही मौजूद हैं। पर्यावरण मंत्री ने लैंडफिल साइट्स पर लगने वाली आग की घटनाओं पर जानकारी देते हुए बताया कि लैंडफिल साइट्स में आग लगने का सबसे बड़ा कारण कारण उसमें से लगातार निकलने वाली मीथेन गैस है, जो ना केवल आग की घटनाओं को बढ़ावा देती है बल्कि वायुमंडल के लिए भी हानिकारक है। ऐसे में लैंडफिल साइट्स पर आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए एक एसओपी भी तैयार की गई है।

# दो नाबालिग लड़कों का यौन उत्पीड़न, तीन किशोर पकड़े

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में एक किशोर ने दो नाबालिग लड़कों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया और उसके दो साथियों ने इस कृत्य का वीडियो रिकार्ड कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना 10 जून की रात उस वक्त हुई जब 12 वर्षीय पीड़ित और उसका 10 दस साल का दोस्त पीर बाबा मजार के पास आवारा कुत्तों को खाना खिला रहा था।

अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों में से एक के अभिभावक ने सोमवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। अधिकारी ने शिकायतकर्ता के हवाले से बताया कि सभी आरोपी स्थानीय निवासी हैं, आरोपी किशोर दोनों नाबालिगों को पार्क में एक सुनसान जगह पर ले जाकर उनका यौन उत्पीड़न किया, जबकि दो अन्य ने इस घटना को रिकार्ड कर लिया। दोनों पीड़ितों का लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में काउंसलिंग और मेडिकल परीक्षण करवाया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध) और धारा 34 (सामान्य इरादे) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# तिहाड़ में लगेंगे प्लास्टिक के एग्जॉस्ट पंखे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- गैंगस्टर ताजपुरिया की हत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कई उपाय उठाये

तिहाड़ जेल ने कारागार में बंद गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कई उपाय किए हैं जिनमें हाल ही में 2,000 से अधिक एग्जॉस्ट फैन को प्लास्टिक वाले पंखों से बदलने और डार्क स्पॉट्स पर पर्याप्त रोशनी के इंतजाम शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दो मई को जेल के अंदर ताजपुरिया की नृशंस हत्या के बाद, दिल्ली जेल महानिदेशक संजय बेनीवाल ने तिहाड़ जेल के वार्डों से खतरनाक वस्तुओं को हटाने के लिए एक परिपत्र जारी किया था, जिसका इस्तेमाल कैदी कामचलाऊ हथियार के रूप में कर सकते हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को यह जिम्मा दिया गया है और इसने तिहाड़ की केंद्रीय कारागार संख्या-एक और अन्य के लिए निविदाएं जारी की हैं। जेल अधिकारियों के अनुसार, तिहाड़ जेल प्रशासन ने कैदियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए और निकट भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए 2,000 से अधिक एग्जॉस्ट फैन को बैरकों के उन वार्डों से हटा दिया, जहां कैदी बंद हैं। एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने कहा, तिहाड़ जेल के वार्डों में लगे 2,000 से अधिक एग्जॉस्ट फैन को हटा दिया गया है और इनकी जगह प्लास्टिक के एग्जॉस्ट फैन लगाए जाएंगे, जो इस महीने तक पीडब्ल्यूडी द्वारा स्थापित किए जाएंगे। गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद एग्जॉस्ट फैन को हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई है।

# ट्रयू ब्लड पम्प बन रक्तदान में सदा अव्वल रहते हैं डेरा सच्चा सौदा के सेवादार

प्रवीन शर्मा। सिरसा/गुरुग्राम

**...जीना** तो है उसी का जिसने ये राज जाना...है काम आदमी का औरों का काम आना...। वर्ष 1971 में बनी फिल्म अधिकार में गायक मोहम्मद रफी द्वारा गया गया यह गीत डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों पर सटीक बैठता है।

ये सेवादार तन-मन और धन से देश, समाज, दीन-दुखियों की सेवा को समर्पित हैं। बात करें रक्तदान की सेवा की तो इसमें भी ये सेवादार सदा आगे रहे हैं और रिकॉर्ड तक बनाए हैं। तभी तो ये सेवादार ट्रयू ब्लड पम्प कहलाते हैं। विश्व रक्तदान दिवस पर हम इन सेवादारों की सेवा भावना को सेल्यूट करते हैं। मिशन सेवा ही इनकी आदत बन चुकी है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए ट्रयू ब्लड पंप के नाम से दुनिया भर में चर्चित डेरा के रक्तदानी बिना किसी स्वार्थ के अनजान लोगों को कीमती रक्त देते हैं। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो वर्ष-2022 तक डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी 9 लाख 77 हजार 738 यूनिट रक्तदान करके लोगों का अमूल्य जीवन बचा चुके हैं। यूनिट



डेरा सच्चा सौदा में शिविर में रक्तदान करते श्रद्धालु। डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह की मौजूदगी में रक्त लेती सेना की टीम। फाइल फोटो।

में दिए जाने वाले ब्लड को अगर लीटर के हिसाब से जोड़ें तो यह चार लाख 39 हजार 982 लीटर रक्त दान कर चुके हैं।

**रक्त दान में चार बार बनाए हैं वर्ल्ड रिकॉर्ड :** डेरा सच्चा सौदा का नाम चार बार रक्तदान के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है। सबसे पहले सात दिसंबर 2003 को शाह सतनाम जी धाम सिरसा में आयोजित रक्तदान कैंप में 15432 यूनिट रक्तदान किया गया। जो रक्तदान के लिए डेरा सच्चा सौदा का पहला गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

दूसरा 10 अक्टूबर 2004 को राजस्थान में गुरु जी की पावन जन्मस्थली श्री गुरुसर मोडिया में लगाए गए कैंप में आठ घंटे में 17921 यूनिट रक्तदान हुआ, वह भी वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुआ है। आठ अगस्त 2010 को गुरुजी के 43वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शाह सतनाम जी धाम सिसा के सचखंड हाल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 43732 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह डेरा सच्चा सौदा का रक्तदान के क्षेत्र में तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस तरह से 2022 तक डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं ने नौ लाख 77 हजार 738 यूनिट रक्त दान किया है। आमजन में जागरूकता पैदा करने के लिए 24 नवम्बर 2013 को 10,563 लोगों ने विशालकाय रक्त बूंद का डिजाइन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

# केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम में युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, पीएम ने दी बधाई

**अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़े युवा शक्ति : राव इंद्रजीत सिंह**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत काल में युवाओं को अमृत लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। वे मंगलवार को गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में भारत सरकार के मिशन मोड रिक्रूटमेंट अभियान के तहत आयोजित पीएम रोजगार मेले में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा योगदान देना है और देश को पुन: एक बार विश्वगुरु बनाना है। ऐसे में देश की युवाशक्ति भारत को अगले 25 साल में विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़े। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ही गुरुग्राम सहित देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधित किया। गुरुग्राम में यह कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आयोजित किया गया था। केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पीएम रोजगार मेले का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि देश कि युवाशक्ति सौभाग्यशाली है कि उन्हें प्रेरणा देने के लिए नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला है। ऐसे में आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हमारे देश को निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर रखने के लिए हमे आने वाले 25 वर्षों पर अपनी शक्ति और सामर्थ्य को केंद्रित करना है। राव ने भारत की गौरवशाली यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि विश्व मे हम सबसे पुरानी सभ्यता हैं। उन्होंने आजादी के बाद के 75 वर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि जिस देश में सुई भी बाहर से बनकर आती थी, आज वह देश अपनी अपनी युवाशक्ति के बल पर अंतरिक्ष में अपने साथ साथ अन्य देशों के सैटेलाइट को भी लांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हम अमेरिका से गेहूं निर्यात करना पड़ता था, लेकिन हमारे देश के कमेरे वर्ग यानी किसानों की अथक मेहनत से देश के अन्न भंडार भरे हुए हैं। कार्यक्रम में भारत सरकार के वित्तिय सेवाएं विभाग के अंडर सेक्रेटरी एलसी त्रेहान, पीएनबी के कार्यकारी निदेशक विजय दुबे, राजीव जैन, एलडीएम अशोक कुमार सहित रोजगार मेले में नियुक्ति पाने वाले विभिन्न युवक व युवतियां उपस्थित रहे।

# जेजेपी हमेशा किसानों की बेहतरी की सोचती है : दलबीर धनखड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



दलबीर धनखड़।

**जननायक** जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ ने जारी एक बयान में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के उस बयान को हास्यास्पद बताया जिसमें सुशील गुप्ता ने हरियाणा में सूरजमुखी के किसानों को एमएसपी दिए जाने की वकालत की है।

दलबीर धनखड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति छलावे की रही है। उन्होंने कहा कि सुशील गुप्ता को चाहिए कि वो पहले पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार से कहे कि वहां के किसानों की सूरजमुखी की खरीद एमएसपी पर करें। उन्होंने कहा कि पंजाब में किसानों को सूरजमुखी 3800 रुपये में बेचनी पड़ रही है, जबकि हरियाणा में प्रभावी मूल्य 5900 रुपये प्रति क्विंटल है। धनखड़ ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा ये कैसा मजाक है। क्या सुशील गुप्ता पहले पंजाब के सीएम भगवंत मान से नहीं कहेंगे कि वहां के किसानों को एमएसपी मिले। दलबीर धनखड़ ने कहा कि हरियाणा में वर्तमान में 14 फसलों पर एमएसपी मिल रहा है, जबकि हमारे पड़ोस के राज्यों में ऐसा नहीं है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के चौतरफा अलग-अलग पार्टियों की सरकारें हैं। लगभग एक जैसी खेती होने के बावजूद हरियाणा जैसे दाम, हरियाणा जैसा पेमेंट सिस्टम और हरियाणा जैसी मंडी व्यवस्था किसी भी राज्य में नहीं है।

# दूधिया रोशनी से जगमगाएगा देवीलाल खेल स्टेडियम



पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **स्टेडियम** की लगभग सभी मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। खिलाड़ियों से लेकर आम नागरिकों के व्यायाम करने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।
> **प्रदीप मलिक**
> **(एसडीएम प्रबंधक खेल स्टेडियम)**

**आम नागरिक और व्यायाम करने वालों को अब उजाले की कमी नहीं खलेगी**

**सोहना** के देवीलाल खेल स्टेडियम में छाया अंधकार खराब स्ट्रीट ठीक कराने के बाद जगगाने लगा। स्टेडियम में सुबह चार और शाम 7 बजे के बाद आने वाले खिलाड़ी या आम नागरिक अपनी व्यायाम करने वालों को अब उजाले की कमी नहीं खलेगी।

सोहना के एक मात्र देवीलाल खेल स्टेडियम में लगी स्ट्रीट लाइट पिछले करीब एक साल से बंद व खराब पड़ी हुई थी। जिन्हें हल्का विधायक संजय सिंह से लेकर शहर के गणमान्य नागरिकों ने खेल स्टेडियम में छाया अंधेरे को उजाला में तबदील किए जाने की मांग की जा रही थी। आखिर खेल स्टेडियम कमेटी ने खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करा दिया है।

स्टेडियम का परिसर अब रात के अंधेरे से उजाला में परिवर्तन हो गया है। स्टेडियम की खराब लाइटों को अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों से लेकर आम नागरिक व योग करने वाले नागरिक मांग कर रहे थे। क्योंकि गर्मी का बढ़ता विकराल रुप को देखते हुए खिलाड़ी व आम नागरिक स्टेडियम में सूरज निकलने से पहले व दिन ढहलने के बाद ही पहुंच रहे थे। लेकिन अंधेरा छाया रहने के कारण दिल खोलकर अपनी तैयारी नहीं कर पा रहे थे।

## महिलाएं भी आती हैं स्टेडियम में

**अपने** शारिरीक क्षमता को निरोग बनाने के लिए व्यायाम के माध्यम से मजबूत बनाने वाले नागरिकों में महिलाओं की भागीदारी भी 30 से 40 फीसदी हर दिन रहती है। महिलाओं से लेकर किशोरियां व महिला खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आती है। दिन ढलने के बाद महिला खिलाड़ी अपने आपको को असुरक्षित समझती रहती थी।

# दिल्ली फूडीज द्वारा आयोजित किया गया जायका ए दिल्ली टफ कुकिंग बैटल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक** रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाइए! अपने पाक जुनून को प्रकट करें और एक असाधारण उत्सव का हिस्सा बनें जो आपको हैरान कर देगा। जायका-ए-दिल्ली की घोषणा दिल्ली फूडीज के संस्थापक अदित कोहली ने की हैं। दिल्ली के जायके को उजागर करने वाला अपनी तरह का एक अनोखा पाक प्रदर्शन, प्रतिभागियों के किचन से लेकर अत्याधुनिक ब्रांड न्यू डीएफजड़ स्टूडियो किचन तक एक शानदार स्वाद उत्सव हैं। खाना पकाने की प्रतियोगिता सह पुरस्कार 100 प्रतिभागियों को दिल्ली के समृद्ध स्वादों को अपनाने, उनकी कल्पना को प्रज्वलित करने और एक सच्चे गैस्ट्रोनोमिक समारोह के लिए मंच स्थापित करने के लिए आपको आमंत्रित करता है।




इस प्रतियोगिता में तीन अविस्मरणीय दौर शामिल हैं। दो रोमांचक ऑनलाइन चुनौतियां और एक महाकाव्य ऑफलाइन कुक-ऑफ़। अपने आप को तैयार करें क्योंकि हर पल सामने आयेगा और पाक कलात्मकता की सुगंध हवा में भर जाती है, सभी को कुशलता से रिकॉर्ड किया जायेगा और विशेष रूप से दिल्ली फूडीज़ समूह पर साझा किया जायेगा। विजेताओं को तीन अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया जायेगा। संस्थापक अदित कोहली कहते हैं, यह चमकने का समय है और अपने पाक कौशल को बड़े दर्शकों को चकाचौंध होने दें। यदि आप एक साधारण भोजन प्रेमी हैं, जो दोस्तों और परिवार के लिए घर पर खाना बनाते हैं और सोचते हैं कि भोजन के लिए आपका जुनून एक बड़े मंच का हकदार है, तो इस कार्यक्रम में खुद को नि:शुल्क पंजीकृत करें। दिल्ली फूडीज कम्युनिटी जायका-ए-दिल्ली अवार्ड्स के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। ये पुरस्कार गर्व से आप में नायक का जश्न मनाते हैं और सर्वश्रेष्ठ घरेलू रसोइयों, घर के रसोइयों, और भावुक भोजन प्रेमियों को आमंत्रित करते हैं जो भावुक रसोइये हैं और खाना पकाने के चिकित्सीय पाते हैं, साथ ही हमारे पास 5-15 आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए एक विशेष जूनियर शेफ श्रेणी है। देश को अपनी असाधारण प्रतिभा दिखाने के लिए। तीसरी श्रेणी रील्समास्टर है, अगर आपको खाने के वीडियो बनाना पसंद है तो यह बड़ी जीत का समय है! रुपये के रोमांचक पुरस्कार। 50000/- उन चैंपियन का इंतजार कर रहे हैं जो दिल्ली के विशाल और समृद्ध व्यंजनों का जश्न मनाने में अद्वितीय कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने में माहिर हैं।

फ्री में रजिस्टर करने के लिए www.facebook.com/groups/delhifoodiez पर जाएं> डीएफजड़ सदस्य बनने के बाद आप स्वचालित रूप से इस पुरस्कार विजेता मंच पर नियमित रूप से साझा की जाने वाली अद्भुत प्रतियोगिताओं और सस्ता प्रस्तावों में भाग ले सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कुरूक्षेत्र में किसानों का आंदोलन समाप्त

**कुरुक्षेत्र।** सूरजमुखी के बीज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पीपली में प्रदर्शन कर रहे किसानों ने मंगलवार को यहां जिला प्रशासन से बातचीत के बाद अपना आंदोलन खत्म कर दिया। यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने दी। कुरुक्षेत्र के उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसानों को सूरजमुखी की फसल के उचित मूल्य का आश्वासन दिया गया है। प्रदर्शनकारी किसानों ने इस मुद्दे पर एक महापंचायत आयोजित करने के बाद सोमवार दोपहर से पीपली के पास राजमार्ग (एनएच-44) को अवरुद्ध कर दिया था। यह राजमार्ग दिल्ली को चंडीगढ़ तथा कुछ अन्य मार्ग से जोड़ता है।

### कार चालक की लापरवाही से बाइक सवार की मौत

**सोहना।** भोंडसी के मारुति कुंज मोड़ के समीप कार चालक की लापरवाही से बाइक सवार की टक्कर लगने से मौत हो गई। मृतक बाइक सवार कबाड़ा बिन्ने का काम करता था। आरोपी कार चालक की पहचान हो गई है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत आरोपी कार चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश का शहर बरेली की मूल निवासी सर्वेश कुमारी ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह हाल में मारुति कुंज में अपने परिवार सहित रहती है। वह और उसका पति कबाड़ा बिनकर परिवार का पालन पोषण कर रहे है। रविवार की रात करीब 8 बजे उसका पति बाइक से मारुति कुंज मोड़ की तरफआ रहा था। सर्विस रोड़ अचानक से एक कार रुकी और उसके चालक ने खिड़की खोल दी। उसका पति इंरदपाल पीछे से आ रहा था। जिसकी टक्कर कार की खिड़की से हो गई और वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। कार चालक की पहचान दिल्ली कीर्ति नगर निवासी रामप्रसाद के रुप में हो गई है। वह अपनी कार में उसके गंभीर हालत में पति इंदरपाल को पार्क अस्पताल गुरुग्राम लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसके पति इंदरपाल को मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान आरोपी चालक अपनी कार समेत मौके से फरार हो गया।

### कारोबारी के साथ मारपीट करते हुए 95 हजार रुपये लूटे

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने अलीपुर निवासी कारोबारी से दो नामजद समेत 3-4 अन्य के खिलाफ 95 हजार रुपये लुटने व मारपीट तथा गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा की गई वारदात वाले घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों से सबूत जुटाने की भी पुलिस से अपील की गई है। पुलिस ने तीन दिन तक गहराई से की गई जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भोंडसी थाना का गांव अलीपुर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका रायसीना क्रेसर जोन में स्टोन मशीन है। वह शुक्रवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे मशीन से अपने घर गाड़ी में जा रहा था। उसके पास 95 हजार रुपये नकद रखें हुए थे। उसके गांव में नीशू राठी के घर के पास गांव के ही निवासी अजब, गुल्लु व 3-4 अन्य मिले। जिन्होने पहले तो उसकी गाड़ी में अपनी गाड़ी से टक्कर मारी। उसके बाद आरोपियों ने लोहे की रॉढ व हॉकी से पहले उसकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया और फिर उसने बाहर निकलकर रोका तो उसके ऊपर जान लेवा हमला किया। लोहे की रॉढ व हॉकी से वारदात करते हुए गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसके जेब में रखें 95 हजार रुपये लूटकर ले गए। राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि यह सारी वारदात नीशू राठी के मकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। क्रेसर मशीन कारोबारी द्वारा दी गई शिकायत व उसके अस्पताल में दाखिल होने के दौरान काटी गई एमएलआर के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर जांच की तथा सीसीटीवी कैमरों में से सबूत जुटाने के बाद नामजद व अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तार किया जाएगा।(समर-थाना प्रभारी भोंडसी)

### बस स्टैंड पर ठेकेदार की पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

**सोहना।** स्थानीय सामान्य बस स्टैंड परिसर में ठेकेदार वाहन चालकों से अवैध रुप से पार्किंग वसूल कर रहा है। जिसकी मनमर्जी से वाहन चालक परेशान हो रहे है। बस स्टैंड प्रभारी भी ठेकेदार को कई बार अवैध पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली न करने की चेतावनी देने का दावा कर रहे है। हरियाणा रोडवेज विभाग ने स्थानीय सामान्य बस स्टैंड परिसर में पार्किंग के लिए खाली कच्चे स्थान को ठेकेदार दिया हुआ है। लेकिन ठेकेदार की मनमर्जी से वाहन मालिक/चालक परेशान हो रहे है। ठेकेदार बस स्टैंड के पक्के फर्श पर अपने पार्किंग वाले वाहनों को खड़ा करवाता है। जबकि ठेकेदार को ठेका देने से पहले रोडवेज विभाग की तरफसे पार्किंग के लिए सहशर्त जमीन निरधारित की गई थी। पार्किंग ठेकेदार ने अपने कर्मचारियों को सामान्य बस स्टैंड के दो मुख्य द्वार पर किराया वसूलने के लिए छोड़े हुए है। ठेकेदार के कर्मचारी बस स्टैंड पर अपने परिजनों को छोड़ने या लेने आने वाले वाहन चालकों से जबरन पार्किंग के नाम पर वसूली कर रहे है। यदि वाहन चालक देने से मना करता है। उससे चंद मिनट में ही झगड़ा करने के लिए उतारु हो जाते है। पार्किंग ठेकेदार को पहले भी कई बार पक्के स्थान पर खड़ें होने वाले वाहनों से वसूली न करने की चेतावनी दी जा चुकी है।(रमेश शर्मा-बस स्टैंड प्रभारी)

### सड़क हादसे में कार की टक्कर से जीजा की मौत, साला घायल

सोहना। बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर गांव निमौठ के पास कार की टक्कर से बाइक सवार जीजा की मौत और साला घायल हो गया। घायल साले को अस्पताल में उपचार देने के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया दिया। मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे सोहना सदर थाना का गांव सतलाका निवासी 19 वर्षीय तारीफ सोहना से अपने साला मुरसलीन निवासी गाव मलाई जिला नूंह के साथ अपने घर जा रहा था। जब वे दोनों बाइक पर बल्लभगढ-सोहना मार्ग पर गांव निमौठ के निकट पहुंचे। तभी सामने से ओवर टेक करते हुई कार आई और बाइक में सीधी टक्कर मार दी।

# किचन और लाइफस्टाइल इनोवेशन को नई ऊंचाई देते हुए कैरिसिल लिमिटेड ने गुरुग्राम में किया आधुनिक 'एक्सपीरियंस सेंटर' का अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**किचन** सिंक और एप्लायंस इंडस्ट्री में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कैरिसिल लिमिटेड ने गुरुग्राम में अपना आधुनिकतम एक्सपीरियंस सेंटर खोला है। एक्सपीरियंस सेंटर को हाल ही में भव्य कार्यक्रम के दौरान शुरू किया गया। इस दौरान नॉर्थ जोन से बड़ी संख्या में डिस्ट्रीब्यूटर, लोकल डीलर्स, बिल्डर और आर्किटेक्ट की मौजूदगी देखने को मिली। कैरिसिल लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री चिराग ए पारेख ने इस मौके पर अपने विचार साझा किए और एक्सीलेंस, इनोवेशन को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया।

कम्पनी के सीएमडी चिराग ए पारेख ने कहा, इस एक्सपीरियंस सेंटर को लॉन्च करते हुए हम उत्साहित हैं। यह किचन एवं लाइफस्टाइल को नई ऊंचाई देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस सेंटर के माध्यम से हम किचन सिंक, एप्लायंस और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता अपने ग्राहकों को प्रदान करेंगे। यह कंपनी के ब्रांड का फ्लैगशिप शोरूम है और इसे किचन एवं लाइफस्टाइल इनोवेशन को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार किया गया है। यहां ग्राहकों के लिए कैरिसिल की संपूर्ण प्रीमियम रेंज उपलब्ध कराई जाएगी।



भारत के आईटी हब में शुमार गुरुग्राम में कैरिसिल के इस एक्सपीरियंस सेंटर ने सेक्टर 29 में कई प्रतिष्ठित ब्रांड के बीच अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की है और यह इस क्षेत्र के सबसे बड़े शोरूम में से है। यह ग्राहकों को पारंपरिक शोरूम से अलग और अनूठा अनुभव देने के लिए बनाया गया है। यह ग्राहकों को जोड़ता है।

आकर्षक लाउंज एरिया में ग्राहक रिलैक्स कर सकते हैं, जहां कैरिसिल की प्रीमियम कॉफी मशीन की कॉफी का भी उन्हें आनंद मिलता है। यहां लाइव किचन भी है, जो ग्राहकों को फर्स्टहैंड एक्सपीरियंस देगा। यहां कैरिसिल के बिल्ट-इन एप्लायंस मिलेंगे, जिनमें किचन चिमनी, रेफिजरेटर, हॉब आदि शामिल हैं। स्टेनलेस एवं क्वार्ट्ज किचन सिंक इसके कलेक्शन को खूबी को और निखारते हैं।

इस एक्सपीरियंस सेंटर में स्टाइल, लक्जरी और फंक्शनैलिटी को साथ लाने की कैरिसिल की फिलॉसफी दिखती है, जो इसे ग्राहकों के लिए खास बना देती है, जहां वे अपने ड्रीम किचन की सभी संभावनाओं का अनुभव कर सकते हैं। आधुनिकतम टेक्नोलॉजी, बेहतरीन एस्थेटिक्स और प्रीमियम क्राफ्टमैनशिप के साथ कैरिसिल किचन सॉल्यूशंस को लेकर लोगों के अनुभव को बदल देने के लिए तैयार है।

# आईआईएफएल फाईनेंस बॉन्ड्स, नौ प्रतिशत तक रिटर्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस अपने बॉन्ड्स इश्यू पर नौ प्रतिशत तक रिटर्न दे रहा है। इन सिक्योर्ड बॉन्ड्स का पब्लिक इश्यू 9 जून, 2023 से शुरू हुआ, जिसके द्वारा 1500 करोड़ रुपये तक एकत्रित किए जाएंगे। इस पूंजी का उपयोग व्यवसायिक वृद्धि और पूंजी संवर्धन के लिए किया जाएगा। बॉन्ड इश्यू 22 जून, 2023 को बंद होगा या फिर मांग के आधार पर उससे पहले भी बंद किया जा सकता है।

आईआईएफएल बॉन्ड्स 60 महीने की अवधि के लिए नौ प्रतिशत प्रतिवर्ष का सर्वोच्च प्रभावशाली रिटर्न प्रदान करते हैं। एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि में उपलब्ध है।

ब्याज का भुगतान 60 माह की अवधि के लिए वार्षिक आधार, परिपक्वता के समय और मासिक आधार पर किया जा सकता है। आईआईएफएल फाईनेंस के ग्रुप सीएफओ, कपीश जैन ने कहा, भारत में 4000 से ज्यादा शाखाओं में मजबूत स्थिति और विस्तृत रिटेल पोर्टफोलियो के साथ आईआईएफएल फाईनेंस सेवाओं की कमी वाली आबादी की क्रेडिट जरूरतों को पूरा करता है।



इसके द्वारा एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इस तरह के और ज्यादा ग्राहकों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा करने और हमारे डिजिटल प्रोसेस परिवर्तन में तेजी लाने के लिए किया जाएगा, ताकि यह प्रक्रिया और ज्यादा सुगम हो।

# नॉन-सर्जिकल, नैक्स्ट जनरेशन क्रायोब्लेशन टेक्नॉलॉजी कैंसर रोगियों के लिए है वरदान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में कैंसर मरीजों के लिए सुकून की खबर है, क्योंकि उनके लिए आ गई है क्रायोब्लेशन टेक्नॉलॉजी। क्रायोब्लेशन एक मिनिमली इन्वेजिव इमेज गाईडेड (अल्ट्रासाउंड या सीटी स्कैन) उपचार है, जिसमें ट्यूमर के क्षेत्र में स्थित बीमारी के टिश्यूज को फ्रीज और नष्ट करने के लिए अत्यधिक कम तापमान की ठंडक का उपयोग किया जाता है। यह टेक्नॉलॉजी इज़रायली कंपनी, आईसक्योर मेडिकल द्वारा दी गई है। इसका फ्लैगशिप उत्पाद, प्रोसेंस ट्यूमर को बहुत कम दर्द के साथ तेजी से फ्रीज कर देता है। सर्वाधिक फ्रीजिंग, सुरक्षा और प्रभावी इलाज के लिए इस तकनीक में लिक्विड नाईट्रोजन (एलएन2) का उपयोग किया जाता है। भारत में आईसक्योर मेडिकल के अधिकृत वितरक नोवोमेड इन्कॉर्पोरेशन प्राईवेट लिमिटेड हैं।

क्रायोब्लेशन के दौरान एक पतली सुई जैसी प्रोब, जिसे क्रायोप्रोब कहा जाता है, को बीमारी वाले हिस्से में डाला जाता है। इस क्रायोप्रोब में लिक्विड नाईट्रोजन कूलैंट का काम करती है, जो आस-पास के टिश्यूज को तेजी से ठंडा कर देती है। जैसे ही टिश्यू फ्रीज हो जाते हैं, उनमें आइस क्रिस्टल बन जाते हैं, जो कोशिका को नष्ट कर देते हैं। इस प्रकार अत्यधिक ठंडा तापमान असामान्य कोशिकाओं को फ्रीज करके नष्ट कर देता है।



गंगा राम हॉस्पिटल में कंसल्टैंट, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट, डॉ. अजीत यादव ने कहा, क्रायोब्लेशन एक मिनिमली इन्वेजिव तकनीक है, जिसमें अत्यधिक ठंडक की मदद से असामान्य टिश्यूज, जैसे ट्यूमर या असामान्य कोशिकाओं को फ्रीज करके नष्ट कर दिया जाता है। पिछले कुछ सालों में यह तकनीक काफी लोकप्रिय हो गई है और विभिन्न प्रकार के ट्यूमर्स को निकालने के लिए इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण टूल बन गई है। क्रायोब्लेशन का एक महत्वपूर्ण फायदा यह है कि यह तकनीक लक्ष्य पर केंद्रित व सटीक है और आस-पास के स्वस्थ टिश्यू को सुरक्षित रखते हुए केवल असामान्य टिश्यू को नष्ट करती है।

जब ट्यूमर किसी महत्वपूर्ण अंग, जैसे रक्तवाहिनियों, नसों या महत्वपूर्ण आंतरिक अंगों के नजदीक हो, जो इलाज में इस स्तर की शुद्धता होना बहुत जरूरी है। क्रायोब्लेशन उन मरीजों को ऐसा नॉन-सर्जिकल विकल्प प्रदान करता है, जो पारंपरिक सर्जरी कराने के लिए उपयुक्त नहीं हैं, और कम इन्वेजिव इलाज कराना चाहते हैं। क्रायोब्लेशन का दूसरा फायदा इसका बहुआयामी उपयोग है। इसे शरीर के विभिन्न हिस्सों, जैसे लिवर, किडनी, फेफड़ों, प्रोस्टेट, स्तन और हड्डियों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए इस विधि द्वारा इंटरवेंशनल एक ही तकनीक से अनेक बीमारियों का इलाज कर सकते हैं। क्रायोब्लेशन ने छोटे रीनल ट्यूमर, लिवर ट्यूमर, और शुरुआती चरण के स्तन कैंसर जैसी कई बीमारियों के लिए बहुत ही उत्तम परिणाम प्रदर्शित किए हैं। इसके अलावा, क्रायोब्लेशन तुलनात्मक रूप से ज्यादा सुरक्षित प्रक्रिया है।

# डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के छात्रों ने फ्रांस की संस्कृति को जाना

### फ्रांस भ्रमण पर गए छात्रों ने एक दूसरे देश की स्कूली गतिविधियों को सांझा किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**फ्रांस के छात्रों संग गतिविधियों को सांझा करते व फोटो खिंचवाते डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के छात्र।**

**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद के सातवीं से 12वीं कक्षा तक के 20 छात्रों का प्रतिनिधि मंडल प्रधानाध्यापिका-मिडिल विंग, संजना महाजन और दो शिक्षिकाओं अंजू सिंह व शिल्पी शर्मा के साथ लीफ्रीहिंदी के तत्वावधान में ज्ञान संवर्धन के लिए फ्रांस दौरे पर गया। जहां फ्रांस के सेंट रेमी स्कूल व डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के छात्र विनिमय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने एफिल टॉवर और लौवर संग्रहालय की सुंदरता का अवलोकन किया। इसके साथ-साथ डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों को फ्रांसीसी छात्रों के साथ बातचीत करने और एक विदेशी देश की संस्कृति के बारे में समझने का भी मौका मिला। इस मौके पर स्कूल की हेड गर्ल परनिका पांडे और हेड बॉय अर्नव जैन द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूल का परिचय दिया गया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों ने मनमोहक रंगोली प्रस्तुत की। फ्रेंच के विद्यार्थियों ने भारतीय साड़ी ड्रेपिंग सीखी तथाा भारतीय नृत्य भी डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों से सीखा। इसके अलावा फ्रांसीसी छात्रों द्वारा क्रेप बनाने के साथ-साथ विभिन्न खेल गतिविधियां भारतीय विद्यार्थियों के साथ की गईं। इसके बाद मेयर हॉल में विशेष कार्यशाला ऑर्ट ऑफ स्केचिंग का आयोजन किया। इस मौके पर भारतीय व फ्रांसीसी छात्रों ने ब्रूसेल्स, बेल्जियम की यात्रा की। जहां उन्होंने यूरोपीय संघ की संसद भवन का भ्रमण किया और उनकी कार्यशैली को जाना। इस मौके पर फ्रांसीसी विद्यार्थियों ने जहां भारतीय विद्यार्थियों का सम्मान किया, वहीं डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने फ्रांसीसी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# एलिवेटिड सड़कें बनाकर एनआईटी की ग्रेटर फरीदाबाद से होगी कनेक्टिवटी

### परियोजना पर 300 करोड़ रुपये होंगे खर्च, डीपीआर तैयार, मंजूरी के लिए सरकार को भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**क्षेत्र** के लोगों के लिए ग्रेटर फरीदाबाद से एनआईटी के बीच यातायात जल्द सुगम बनेगा। परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़खल और बाटा रेलवे ओवर ब्रिज से जोड़ने के लिए एलिवेटेड रोड बनेगा। इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। पीडब्ल्यूडी ने इसे मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजा गया है। इस पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे, इससे शहर के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

फरीदाबाद जिला भौगोलिक रूप से दो भागों में बंटा हुआ है। इसमें एनआईटी क्षेत्र और ग्रेटर फरीदाबाद है। इसका प्रमुख वजह राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे लाइन के कारण एनआईटी और सेक्टर-12 समेत ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र अलग हो जाते हैं। ऐसे में एनआईटी क्षेत्र के लोगों को सेक्टर-12 या ओल्ड फरीदाबाद जाने के लिए नीलम, बाटा और एनएचपीसी रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का प्रयोग करना पड़ता है।

वहीं, ग्रेटर फरीदाबाद जाने के लिए लोगों को हाईवे के साथ आगरा और गुरुग्राम नहर को पार करना होता है। सरकार दोनों नहरों पर कई जगहों पर पुल बनवा रही है, जिससे शहर में यातायात बेहतर बना रहे।

**एलिवेटिड यू-टर्न सड़क से सीधे पहुंच सकेंगे बाइपास :** पश्चिम फरीदाबाद यानी एनआईटी के अंतिम छोर (सैनिक कॉलोनी) को पूर्व फरीदाबाद यानी ग्रेटर फरीदाबाद से सीधी कनेक्टविटी (जुड़ाव) नहीं है। एनआईटी के लोगों को यदि ग्रेटर फरीदाबाद अथवा नोएडा आना-जाना हो तो उन्हें कई रास्तों का सहारा लेना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिंदल एजेंसी को परियोजना परामर्शदाता के रूप में रखा गया था। कंपनी ने दोनों इलाकों को सुगमता से जोड़ने के लिए डीपीआर तैयार कर ली है। जिसमें दोनों क्षेत्रों के बीच बेहतर यातायात के लिए एलिवेटेड यू टर्न सड़क बनाने की योजना तैयार की गई है। बाटा रेलवे ओवर ब्रिज पर राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ उतरते समय स्लिप रोड का निर्माण किया जाएगा। ये स्लिप रोड नीलम पुल की तरफ ऊपर उठती हुई जाएगी। यहां से यही सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करते हुए कोर्ट रोड से जुड़ेगी। यहां एक एलिवेटेड सड़क बल्लभगढ़ की तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ेगी और यही सड़क बाटा रेलवे ओवर ब्रिज से जोड़ी जाएगी। एनआईटी से जिन लोगों को बाईपास या ग्रेटर फरीदाबाद जाना है। वह लोग एलिवेटिड यू-टर्न सड़क का इस्तेमाल कर सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर सकते हैं।

> “ग्रेटर फरीदाबाद और एनआईटी क्षेत्र को जोड़ने के लिए एलिवेटेड यू-टर्न सड़क बनाने की योजना तैयार की गई है। डीपीआर तैयार हो गई है। मंजूरी के लिए सरकार को भेजा गया है।
> **-प्रदीप सिंधू, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग**

# योग प्रशिक्षण शिविर में में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व क्रीड़ा भारती पलवल के संयुक्त तत्वावधान में सेंट सीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलीगढ़ रोड पलवल में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में चौथे दिन योग शिविर का समापन शांति पाठ के बाद हुआ। इस अवसर पर योगा कोच राजबाला, कुमारी विधि, कोमल विशेष रुप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सतबीर पटेल स्कूल चेयरमैन ने की तथा संयोजन सतपाल ने किया। शिविर के उपरांत प्रतिभा खोजो योगासन प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ हुआ। जिसमें दूर दराज से आए हुए प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभाशाली छात्रों में हर्ष बाल योगी, जगत योगी, आशीष योगी, प्रिंस, शिवम, राहुल, दीपक, शिवा, सागर, देवेंद्र, तुषार, कुणाल, विशाल, राजेंद्र, रोबिन को उनके अपने-अपने आयु वर्ग में आकर्षक योग मुद्राओं व कठिन मुकाबले के साथ अपना स्थान प्राप्त करने परचेयरमैन ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मास्टर बंसीलाल, सौरव, ओंकार ने विशेष रूप से उपस्थित रह कर पुरस्कार वितरण की शोभा बढ़ाई। सतबीर पटेल ने बच्चों को योग करने की प्रेरणा देकर ऊंची सोच, कड़ी मेहनत, पक्के इरादे के साथ समाज और देश के हित में काम करने का आह्वान किया। जीवन में योग को अपनी दिनचर्या में लाने का संकल्प दिलाया गया। 21 जून को ज्यादा से ज्यादा छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में आगरा चौक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलवल में भाग लेने का संदेश भी दिया गया।

# जेल में लोक अदालत लगा 21 मामलों की सुनवाई की



**पलवल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव कुनाल गर्ग ने फरीदाबाद जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 21 मामलों पर सुनवाई की गई। जिसमें मजिस्ट्रेट द्वारा पांच कैदियों को उनकी कटी सजा पर रिहा किया गया। मजिस्ट्रेट ने जेल अधिकारियों, कर्मचारियों व कैदियों को कोविड के प्रति जागरूक किया। कोविड के नियमों व सावधानियों का पालन करने का आदेश दिया गया। मजिस्ट्रेट ने जेल के अंदर कैदियों को कानूनी जानकारी दी व विधिक सहायता के बारे में भी बताया। इसके अलावा इसके अलावा अनाथालय आंचल छाया अनाथालय में औचक निरीक्षण भी किया गया। जिसमें वहां मौजूद बच्चों व बुजुर्गों से मिले और उनके द्वारा जारी सुविधाओं के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने अनाथालय के अध्यक्ष आनंद भिक्षु से बच्चों व बुजुर्गों के लिए जारी सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली और उनके बेहतरी के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए। सहायक अधिवक्ता प्राधिकरण पिंकी शर्मा, अमित कुमार, जेल सुपरिटेंडेंट सतेंद्र कुमार गौदारा व क्लर्क गगनदीप जेल मौजूद थे।

# पुलिस आयुक्त ने महिला थाना एनआईटी का किया निरीक्षण

### पुलिसकर्मियों से रूबरू होकर महिला विरुद्ध अपराध में त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त विकास अरोड़ा निरीक्षण करने के लिए फरीदाबाद के एनआईटी में स्थित महिला पुलिस थाना पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने थाना परिसर के रिकॉर्ड चेक करने के बाद साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ तथा एसीपी क्राइम अगेंस्ट वूमेन मोनिका भी अपनी टीम के साथ मौजूद थी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त ने थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मियों से रूबरू होकर उनकी कार्यशैली के बारे में पूछताछ करते हुए उन्हें अनुसंधान के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में पूछा और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों में उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनकी सराहना की। महिलाओं को न्याय दिलवाने के लिए मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के दिशा निर्देश भी दिए। पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर की बिल्डिंग का दौरा करते हुए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने संबंधित हिदायत दी। थाना प्रभारी को थाने में तैनात पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य, उनके खानपान, रहन सहन इत्यादि समस्याओं के बारे में सुनवाई करके उनका जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन पुलिसकर्मियों के कंधे पर ही नागरिकों की सुरक्षा का भार है, इसलिए इनका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है और इसके लिए थाना प्रभारी इन्हें आने वाली समस्याओं का जल्द से जल्द सुलझाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी के पास यह पावर होती है कि वह पीड़ितों के साथ अन्याय करने वालों को सजा दिलाकर पीड़ित को उनका हक दिला सकें। इसलिए सभी अनुसंधान अधिकारी इस दृढ़शक्ति के साथ अपना कार्य करें कि किसी निर्दोष को सजा न हो और कोई अपराधी कानून के शिकंजे से बचकर न जा सके। पीड़ित महिला थाने में इस उम्मीद के साथ आती है कि उन्हें पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करके न्याय दिलवाया जाएगा। इसलिए महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में जल्द से जल्द कार्रवाई करें, ताकि उनकी उम्मीद को कायम रखकर उनके मन में पुलिस के प्रति विश्वास को और भी सुदृढ़ किया जा सके।

# प्राधिकरण शिविर में किसानों व बैंक उपभोक्ताओं को दी कानूनी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**हरियाणा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकुला के निर्देशन में जिला एवं सत्र न्यायाधिश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चैयरमैन पुनीश जिदिंया व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव कुनाल गर्ग मार्गदर्शन में किसानों, बैंक उपभोक्ताओं, बाल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन अधिवक्ता प्राधिकरण जगत सिंह रावत, सहायक अधिवक्ता प्राधिकरण पिंकी शर्मा, सहायक अधिवक्ता प्राधिकरण, सहायक अधिवक्ता प्राधिकरण अमित कुमार व सर्व बैंक अधिकारियों में एलडीएम ओमप्रकाश, प्रबंधक योगेश कुमार, रविंद्र कुमार, देव कुमार मैनेजर, प्रबंधक रविकांत, दलवीर सिंह, विनोद कुमार व शाकिर क्लर्क फरीदाबाद कॉपरेटिव सोसाइटी तथा कृषि विभाग से सिकंदर चौधरी, राकेश सिंह, हितेश तेवतिया, तेज तेवतिया, जगविंदर, अतर सिंह द्वारा किया गया। शिविरों का आयोजन बैंक अधिकारियों व कृषि विभाग के अधिकारियों के संयोजन में किया गया। यह जागरूकता शिविर गांव अलावलपुर, बघौला, कुसलीपुर, धतीर, महेशपुर, चांदहट, अहरवां व पहाड़ी में आयोजित किए गए। शिविरों का संयोजन प्रदीप जोशी प्राधिकरण समन्वयक द्वारा किया गया। जागरूकता शिविरों में अधिवक्ताओं ने प्राधिकरण द्वारा जरूरतमंदों के लिए दी जा रही मुफ्त कानूनी सहायता व नालसा, हालसा की योजनाओं, लोक अदालत व मध्यस्ता केंद्र की उपयोगिता, संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्यों, पर्यावरण संबंधी कानूनों, बाल संरक्षण उन्मूलन अधिनियम, यौन अपराधों से बाल संरक्षण अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों के कानून अधिकारों सहित प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर-01275-298003 व स्थाई लोक अदालत (जन उपयोगी सुविधाएं) व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कानूनी जानकारियां प्रदान की गई। इन शिविरों में बैंक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, व अन्य ऋण संबंधी व वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान दी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मेरा पानी-मेरी विरासत, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि शामिल है।

# स्पेशल अभियान के तहत 53 वाहन चालकों के काटे चालान



**पलवल।** यातायात पुलिस ने नियम के विरुद्ध चलने वाले 53 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। यातायत थाना पलवल प्रभारी उप निरीक्षक प्रीतम सिंह ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत लेन चेंज व अंडर एज वाहन चलने वालों तथा ट्रैफिक नियमों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ पलवल में सात स्थानों पर पुलिस टीमों को तैनात किया गया। जिनके द्वारा लेन चेंज वाहन चलाने वाले 48 व अंडरएज वाहन चलाने वाले पांच वाहन चालको के चालान काटे गए है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा कुल 53 चालान काटे गए हैं। जिला पुलिस की तरफ से आमजन से अपील है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों को सुचारू रूप से आवागमन के लिए यह जरूरी है कि वे सभी यातायात नियमों का पालन करें। निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं। अंडरएज बच्चों को वाहन चलाने को न दें, निर्धारित गति सीमा पर ही अपना वाहन चलाएं। इसके अतिरिक्त पलवल पुलिस द्वारा शहर में बिना नंबर प्लेट या बिना हाई सिक्योरिटी के नंबर प्लेट वाहन, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, गलत पार्किंग में वाहन मिले तो यातायात पुलिस द्वारा उनका चालान किया जाएगा। जिला पुलिस का सहयोग करें। ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व रक्तदाता दिवस पर 53 लोगों ने किया रक्तदान



**पलवल।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हर घर रक्तदाता अभियान के अंतर्गत पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज ने अखिल भारतीय मोबाइल रिटेलर्स एसोसियेशन और जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के सहयोग से आगरा चौक स्थित मोबाइल मार्केट में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का संयोजन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य एवं पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल, सर्वेश अग्रवाल और क्लब की सहसंयोजक अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का शुभारभ डॉ. नरेश डागर, विकास कुमार, राहुल, टेकचंद, बिशन, नवनीत ने किया। शिविर संयोजक विकास मित्तल ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भयंकर गर्मी होने के बावजूद रक्तदाताओं का जोश देखते ही बनता था। हम गर्मी के मौसम में भी रक्त की कमी से किसी भी अंजान की जीवन डोर को नहीं टूटने देंगे। रक्तदान से न केवल दूसरे का जीवन बचाया जा सकता है, अपितु अपने स्वस्थ के प्रति भी सजग रहते हैं। इसका अहसास हमें तब होता है, जब कोई अपना जिंदगी और मौत से जूझ रहा होता है। इसीलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए, जिससे दूसरे की जिंदगी को बचाया जा सके। अल्पना मित्तल और सर्वेश अग्रवाल ने भी कहा कि रक्तदाता को रक्तदान कर हमेशा ही गर्व की अनुभूति होती है, पर विशेष दिन पर किए गए रक्तदान की बात ही कुछ और होती है। रक्तदान शिविर में 53 लोगों ने रक्तदान कर अंजान मित्रों की जान बचाने में अपना सहयोग दिया। इस मौके पर नेपाल सिंह, तरुण, संजीव, मनीषा, मनोज, ललिता, कमलेश, भूषण आदि लोग मौजूद रहे।

### दो बाइकों की टक्कर में महिला की मौत

**पलवल।** करमन बॉर्डर के निकट दो बाइकों की आपस में टक्कर से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के नंगलापूर्ण सिहोरा गांव निवासी विष्णु ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह मीतरोल गांव स्थित गर्ग भट्ठा पर काम करता है। वह अपनी पत्नी बबीता को बाइक पर लेकर गर्ग भट्ठा मीतरोल से अपने गांव नंगला पूर्ण सिहोरा जा रहा था। वे नेशनल हाईवे-19 पर राजस्थान होटल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पति-पत्नी सडक पर दूर जाकर गिरे। उसने बाइक का नंबर तो नोट कर लिया। लेकिन जब वह गंभीर रूप से घायल अपनी पत्नी को संभालने लगा, तभी उक्त बाइक सवार अपनी बाइक को मौके से लेकर फरार हो गया। घायल बबीता को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत में सफदरजंग अस्पताल दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। विष्णु ने बताया कि दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी पत्नी बबीता ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची होडल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने 12 जून को देर रात पीडित पति विष्णु की शिकायत पर बाइक के अज्ञात सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### स्कूटी पर गांजा तस्करी करते दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश व उनकी टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में महेंद्र सिंह तथा रोहित का नाम शामिल है, जो फरीदाबाद के रहने वाले हैं। टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को स्कूटी पर अवैध गांजा तस्करी करते काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 6.100 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी आनाकानी करने लगे, जिसके बाद आरोपियों को एनआईटी थाने लाकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई।

**HERERA/PKL/FBD/94/2019**

Applications are invited online from General Public for booking of Residential Flats in the “VASHISTH HEIGHTS”an Affordable Housing Project, proposed to be developed at Sector 87, Faridabad,by our Company, as per the terms and conditions of the policy prescribed by Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification No. PF-27/48921 dated 19.08.2013, amended upto date (details available at the website of the department i.e. tcpharyana.gov.in)

1. **PROJECT DETAILS:**
Project Approvals / Colonizer/Developer: M/s. **SRS Retreat Service Limited** Vide License No./Year: 146 of 2014 dated 01.09.2014 later on the license is transferred to M/s Hightech construction Co P Ltd on 23.01.2018 vide transfer order having Enst No. LC-2947-PA(SS)-2018/3114, further transferred to **M/s Vashisth Estates Limited** dated 12.08.2022 vide transfer order having Endst No. LC-2947-JE(SK)2022/23910, Building Plan Approved on **Dated: 12/09/2019 vide Memo No. ZP-1019/JD(RM)/2019/22629**
2. **LOCATION :** Sector-87, Faridabad
3. **PROVISIONS: Project Area: 5.00694 Acres**, comprising of a **Total 750 No. of Flats** out of which 5% flats are reserved for management quota and balance 95% flats are available for sale to the General Public
**Common Facilities:** One **Community, One Anganwadi-Cum-Creche.**
4. **RATE OF FLAT AVALIABLE FOR PUBLIC (INCLUSITE GST & OTHER CHARGES) AND AYMENT TERMS**

| Apartment Details (Offer for Public) | Carpet Area in Sq.Ft.(Approx.) | Balcony Area in Sq.Ft. (Approx.) | Total No. of Flats | Total Cost | Booking Amount (5%) | On Allotment (20%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Category 1(2BHK, Type -A) | 462.927 | 100 | 24 | 20,64,736/- | 1,03,237/- | 4,12,947/- |
| Category 2(2BHK, Type -B) | 482.345 | 97.457 | 21 | 21,44,539/- | 1,07,227/- | 4,28,908/- |
| Category 3(2BHK, Type -C) | 483.648 | 97.457 | 53 | 21,50,066/- | 1,07,503/- | 4,30,013/- |
| Category 4(2BHK, Type -D) | 466.199 | 100 | 44 | 20,78,616/- | 1,03,931/- | 4,15,723/- |
| Category 5(3BHK, Type -A) | 643.138 | 103.302 | 32 | 28,29,191/- | 1,41,460/- | 5,65,838/- |
| Category 6(3BHK,Type -A1) | 645.796 | 103.302 | 27 | 28,40,467/- | 1,42,023/- | 5,68,093/- |
| Category 7(3BHK, Type -B) | 644.58 | 123.592 | 28 | 28,35,308/- | 1,41,765/- | 5,67,062/- |

**5% Management Quota applicable GST @1% shall be charged extra on flat value**

Balance 75% of the cost of the flat shall be payable as per stages of construction to be prescribed in the Builder Buyer Agreement. No interest shall be payable before the due date of payment. Default, if any, in making payment of the due instalments will attract penal interest at the rate provided in Rule 15 of the Haryana Real Estate Regulatory Authority, Rules, 2017

**ELIGIBILITY** (i)The applicant should not be debarred from entering legally binding contract under any prevailing law. (ii)Any person can apply but person which includes his/her spouse or his/her dependent children, who do not own any Flat/Plot in any HUDA developed colony/sector or any licensed colony in any of the Urban Areas in the State of Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given first preference in allotment of Flat (iii)An applicant can make only one application. The successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy, in any other colony. In case, he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice of retain only one flat.

**Allotment Criteria:** (i)The allotment of flats shall be done through draw of lots in the presence of committee consisting of Deputy Commissioner or his representative (at least of the Cadre of Haryana Civil Services), Senior Town Planner, (circle office), DTP of the concerned district and the representative of coloniser concerned. (ii)After fixation of the date of draw of lots, an advertisement shall be issued by the Developer, informing the applicants about the details regarding date/time and venue of the draw of lots in the same newspapers in which the original advertisement was issued. (iii)For detailed criteria and time frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicants may also refer to the details in the Affordable Housing Policy, 2013 notified vide No. PF27/48921 dated 19.08.2013, amended upto date (available at the Department website i.e. tcpharyana.gov.in)

5. **BROAD SPECIFICATIONS OF THE FLAT:** Flooring: Rooms-Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Kitchen- Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Toilet-Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Balcony- Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Common Area- Tera -Cota Tiles/ Pavers/Stone/IPS Flooring/Vitrified and any other material as decided by the Developer, Door/Window Frame-MS Z section frame /Press Steel or any other frame as decided by the developer, Doors- Flush Door Painted with flat enamel Paint or as decided by the Developer, Wall Tiles-BathroomCeramic Tiles up to7 Feet height, Kitchen-Ceramic Tiles up to 2 Feet height above counter, Kitchen Counter Top-Stone/IPS, Wall Finish-Colour Wash/Dry Distemper, Plumbing Fitting-PPR Pipes/CPVC Pipes/UPVC Pipes or equivalent, Sanitary Fitting-Chinaware and CP Fittings, Electric Switches / Wiring-ISI Marked or equivalent, Structure-RCC frames Structure designed for SESMIC forces as per latest IS Code
6. **APPLICATIONS TIMELINES**
(I) Application form will be filled online by registering on the website https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home w.e.f 31.05.2023
(ii) Last Date of submission of the Application: 15.06.2023

**VASHISTH ESTATES LIMITED**
D-84, 2nd Floor, Phase -1, Okhla, New Delhi–110020 | Email Id:- info@vashisthheights.com | Mob. : 9354246138

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 14 जून, 2023



## नोवाक जोकोविच

### असाधारण उपलब्धि

**नोवाक जोकोविच** की 23वीं ग्रैंड स्लैम विजय एक असाधारण उपलब्धि है। फ्रेंच ओपेन में 23वीं ग्रैंड स्लैम उपाधि जीतना नोवाक जोकोविच की असाधारण प्रतिभा, दृढ़ता तथा अडिग प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जोकोविच ने लगातार इन गुणों का प्रदर्शन किया है। इस असाधारण उपलब्धि से न केवल जोकोविच का दर्जा मजबूत हुआ है और वे खेल के इतिहास में एक महानतम खिलाड़ी बन गए हैं, बल्कि इस विजय से ग्रैंड स्लैम उपाधियों की संख्या के आधार पर उन्होंने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी राफेल नाडाल को पीछे धकेल दिया है। फ्रेंच ओपेन के फाइनल में जोकोविच ने कोर्ट पर शानदार प्रतिभा दिखाई तथा उन्होंने सभी चुनौतियों का सामना अपने असाधारण कौशल, मानसिक दृढ़ता तथा ध्यान केन्द्रित करने की अटूट क्षमता से किया। अत्यधिक प्रतिभाशाली विरोधी के खिलाफ उनकी विजय ने यह प्रदर्शित किया कि वे असाधारण दबाव में भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकते हैं। जोकोविच सभी प्रकार की सतहों के अनुकूल स्वयं को ढाल लेते हैं जो उनके उल्लेखनीय कॅरियर का सबसे महत्वपूर्ण आयाम है। 23वीं ग्रैंड स्लैम उपाधि प्राप्त कर जोकोविच ने राफेल नाडाल का रिकार्ड तोड़ दिया है। इस उपलब्धि से महान टेनिस खिलाड़ियों में उनका स्थान पक्का हो गया है। यह उनकी असाधारण कार्यशैली, प्रतिबद्धता और प्रतिभा का प्रमाण है कि वे लगातार सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करने में सफल हुए हैं तथा उन्होंने वह रिकार्ड भी तोड़ा है जिस तक पहुंचना पहले असंभव माना जाता था। रिकार्ड तोड़ने के इस क्षण तक जोकोविच की यात्रा भी असाधारण से कम नहीं है। अपने पूरे कॅरियर में उनको असंख्य चुनौतियों, पराजयों तथा समकक्षों से असाधारण प्रतियोगिता का सामना करना पड़ा। लेकिन दृढ़ता और मानसिक शक्ति हमेशा उनकी सबसे बड़ी पूंजी रही है। उनमें पराजयों से बाहर निकल कर फिर विजय प्राप्त करने की क्षमता तथा गलतियों से सीखने का गुण विद्यमान है जिसने उनको खेल के शिखर पर पहुंचा दिया है। जोकोविच केवल ग्रैंड स्लैम जीतने के कारण ही अपने समकक्षों से अलग नहीं हैं, बल्कि सभी प्रमुख टूर्नामेंटों में उनकी निरंतरता लगातार बनी हुई है। अडिग रूप से ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता तथा सफलता की भूख ने उनको कुल 23 उपाधियां जीतने में सहायता की है। उन्होंने आस्ट्रेलियन ओपेन, फ्रेंच ओपेन, विम्बलडन तथा यूएस ओपेन में विजय प्राप्त की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी परिवर्तनशीलता तथा परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता रेखांकित करती है क्योंकि उन्होंने हर ग्रैंड स्लैम उपाधि जीती है।



पिछले कुछ वर्षों से कायम जोकोविच का प्रभुत्व सचमुच उल्लेखनीय है। अथक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रयासों से उनको अभूतपूर्व सफलतायें मिली हैं। वे साल दर साल अपना फार्म तथा सर्वश्रेष्ठ शारीरिक स्थिति बनाए रखने में सफल हुए हैं जो खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जोकोविच ने टेनिस इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। उनकी उपलब्धियां उनकी अविश्वसनीय प्रतिभा, कठोर श्रम तथा बलिदान का प्रमाण हैं जो किसी खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए जरूरी गुण हैं। आने वाली पीढ़ियां नोवाक जोकोविच की 23वीं ग्रैंड स्लैम उपाधि विजय को याद रखेंगी। यह उनकी असाधारण प्रतिभा, मानसिक दृढ़ता तथा अदम्य इच्छाशक्ति का प्रमाण है। वे लगातार वे सीमायें तोड़ते जा रहे हैं जो टेनिस कोर्ट में संभव हैं। इस प्रकार जोकोविच सभी खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा बन गए हैं। उनका प्रदर्शन हमें याद दिलाता है कि अडिग प्रतिबद्धता तथा सफलता की अदम्य इच्छा से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

# डालर के वर्चस्व पर उठते सवाल

ई-कामर्स पर नीतिगत जटिलता है। सरकार को खुदरा, आनलाइन व आफलाइन तथा छोटे व बड़े व्यापार में शत प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देनी चाहिए।

**उत्तम चक्रवर्ती**
(लेखक, बैंगलुरू विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)





ब्रिक्स देशों का समूह आश्चर्यजनक रूप से अमेरिकी डालर की प्रतियोगिता करने वाली नई मुद्रा विकसित करने का प्रयास कर रहा है। इस समूह में ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। वि-डालरीकरण या डालर का वर्चस्व समाप्त करने में मास्को व बीजिंग आक्रामक रूप से प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस व्यापक परिवर्तन से डालर का मूल्य बहुत जल्द ही अपनी चमक खो देगा। ब्रिक्स देशों में बढ़ते निवेश से खर्च तथा आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इसके परिणामस्वरूप अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि ब्रिक्स देश अपनी योजना पर आगे बढ़ कर नई मुद्रा बनाने में सफल होते हैं तो इससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं में स्थिरता आएगी। कोई आश्चर्य नहीं कि वि-डालरीकरण की प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डालर का वर्चस्व घटेगा और इसकी अपरिहार्यता कम होगी।

तेल या अन्य वस्तुओं के व्यापार, विदेशी मुद्रा भंडार के लिए डालर खरीदने, द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने तथा डालर वर्चस्व वाली परिसंपत्तियां खरीदने, आदि मामले डालरीकरण के उदाहरण हैं। डालर के व्यापक प्रयोग के कारण दूसरी अर्थव्यवस्थाओं पर अमेरिका का वर्चस्व बहुत अधिक है। अमेरिका परंपरागत रूप से प्रतिबंधों को अपनी विदेश नीति लक्ष्य प्राप्ति में सहयोगी मानता रहा है। वि-डालरीकरण का लक्ष्य राष्ट्रीय केन्द्रीय बैंकों को उन भू-राजनीतिक खतरों से सुरक्षा देना है जो दुनिया की आरक्षित मुद्रा के रूप में अमेरिकी डालर की उपस्थिति से पैदा होते हैं। हालिया वर्षों में 'वि-डालरीकरण' अवधारणा मजबूत हो रही है क्योंकि विभिन्न देश अमेरिकी डालर पर निर्भरता घटा कर अपनी अर्थव्यवस्थाओं पर नियंत्रण स्थापित करना चाहते हैं। अनेक देशों को अमेरिकी प्रतिबंधों या प्रभाव के कारण आर्थिक व भू-राजनीतिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वि-डालरीकरण के अनेक कारण हैं। लेकिन रूस व यूक्रेन के बीच बढ़ते संघर्ष ने वि-डालरीकरण को गति दी है। रूस का 300 बिलियन डालर का विदेशी मुद्रा भंडार फ्रीज कर दिया गया है तथा रूस के यूक्रेन पर हमले के दंड में रूसी बैंकों को स्विफ्ट इंटरनेशनल पेमेंट सिस्टम में प्रतिबंधित किया गया है। रूसी विधिनिर्माता तथा संघीय असेम्बली में निचले सदन के उपाध्यक्ष अलेक्जांद्र बाबाकोव ने दावा किया है कि ब्रिक्स देश नई भुगतान व्यवस्था पर काम कर रहे हैं। वि-डालरीकरण के अनेक समीकरण हैं जो मुद्रा, शक्ति तथा अंतरराष्ट्रीय संबंधों तक फैले हैं। वि-डालरीकरण के पैरोकारों का तर्क है कि इससे डालर तथा अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर निर्भरता घटेगी तथा विभिन्न देश अमेरिका के आर्थिक व राजनीतिक दृष्टिकोण का मुकाबला करने में सफल होंगे।

उनका यह दावा भी है कि इससे विकासशील देशों में वित्तीय संकट की संभावना घटेगी क्योंकि वे अपनी मुद्रा का मूल्य व ब्याज दरें निर्धारित करने में ज्यादा स्वतंत्र होंगे। वि-डालरीकरण के संबंध में भारत की स्थिति तथा उसके दृष्टिकोण में संभावित परिवर्तन बहस का विषय है। चीन, रूस, ब्राजील, भारत, आसियान देश, कीनिया, सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब अमीरात जसे कुछ देश वि-डालरीकरण की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत लंबे समय से अमेरिका का साझीदार है, पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वह डालर की तुलना में रुपये का विकल्प अपनाने के मामले में चीन के साथ है। अमेरिका अपने प्रमुख साझीदार तथा हिंद-प्रशांत में सहयोगी के रूप में भारत को महत्व देता है। ऐसे में रूस और चीन द्वारा डालर प्रयोग को हतोत्साहित करने के प्रयासों को भारत सरकार व्यावहारिक के बजाय वैचारिक रूप से भी देख रही है। नई दिल्ली सार्वजनिक रूप से ब्रिक्स देशों के डालर वर्चस्व तोड़ने के कदमों का खुला समर्थन नहीं कर रही है। भारत और चीन के बीच हालिया सैनिक टकराव व गतिरोध से भारत डालर का दर्जा गिराने के चीन के प्रयासों का समर्थन नहीं कर पा रहा है।

चीन अब मुखर रूप से डालर के वर्चस्व को चुनौती दे रहा है। अमेरिका-चीन संबंधों में गिरावट ने अमेरिकी मुद्रा की शक्ति तथा चीनी वाणिज्य व तकनीक क्षमता में बाधा डालने की उसकी संभावना पर ध्यान आकर्षित किया है। इसके कारण चीन अमेरिकी-प्रभुत्व वाली विश्व व्यवस्था में सहभागिता रखने के बजाय ब्रिक्स देशों में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। रूस को लंबे समय से आशा है कि ब्रिक्स देशों की राजनीतिक शक्ति से वि-डालरीकरण की प्रक्रिया को गति मिलेगी। हालांकि, भारत से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह डालर का असर घटाने में ब्रिक्स रणनीति का सीधे हिस्सा बनेगा, पर वह अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य व वित्त में स्थानीय मुद्राओं का प्रयोग प्रोत्साहित कर इन प्रयासों में सहायता कर सकता है। भारत के प्रति चीन की शत्रुता तथा उसके द्वारा पाक-प्रायोजित आतंकियों के समर्थन के कारण भारत का सर्वोत्तम हित अमेरिका से निकटता है।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तानाशाही वाले चीन के उलट अमेरिका एक लोकतंत्र है। विशेषज्ञों का तर्क है कि उचित नीतियां अपना कर भारत वि-डालरीकरण के पक्ष में आ सकता है। भारत को इसके लिए व्यापार सरप्लस या चालू खाते का सरप्लस तैयार करना होगा ताकि रूपये का प्रयोग विश्व व्यापार मुद्रा के रूप में हो सके। इससे मुद्रा एक्सचेंज बाजार में रुपये की मांग बढ़ेगी तथा डालर पर उसकी निर्भरता घटेगी। रूस हर महीने भारतीय रुपये की परिसंपत्तियों के रूप में 1 बिलियन डालर एकत्र कर रहा है, लेकिन भारत के साथ असमान आर्थिक संबंधों के कारण यह पैसा फंसा रहेगा। यह यूक्रेन युद्ध के बाद विदेशों में एकत्रित रूसी संपदा का हिस्सा है।

युद्ध के बाद रूस भारत को पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात करने वाला प्रमुख देश बन गया है। युद्ध के कारण यूरोपीय उपभोक्ताओं ने अपना खर्च घटाया है जिससे रूस को पूरब के साथ व्यापार बढ़ाना पड़ा है। कहा जाता है कि भारत रूस और चीन से स्विफ्ट का विकल्प तलाशने के बारे में बात कर रहा है। इससे भारत अपनी मुद्रा का प्रयोग उन देशों के साथ व्यापार में कर सकता है जिन पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया हो।

रूस और चीन के साथ भारत का व्यापार वि-डालरीकरण में इसकी दिलचस्पी का कारण बन सकता है। भारत वर्तमान समय में रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है और दोनों देशों के बीच अन्य क्षेत्रों में भी व्यापार बढ़ सकता है। चीन के साथ भी भारत का व्यापार काफी है। भारत भले ही रूस व चीन के साथ वाणिज्यिक संबंध बनाए रखने के पक्ष में हो, पर विश्व वित्तीय व्यवस्था में अमेरिकी मुद्रा के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए देखना होगा कि भारत डालर पर निर्भरता घटाने की दिशा में क्या कदम उठाता है। बाधाओं के बावजूद वि-डालरीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा के रूप में अमेरिकी डालर लंबे समय से लाभ की स्थिति में बना हुआ है। कम ब्याज दर, भारी व्यापार घाटा तथा व्यापक प्रसार इनमें शामिल हैं। यदि डालर का दर्जा गिर जाए तो अमेरिका का आर्थिक तथा भू-राजनीतिक वर्चस्व घटेगा। ऐसी स्थिति में यह वैश्विक आरक्षित मुद्रा तथा अन्य मुद्राओं के बीच लेनदेन का माध्यम की स्थिति खो सकता है। यदि नई आरक्षित मुद्रा या बहुआयामी मुद्रा का विकास होता है तो इससे अमेरिकी डालर को खतरा पैदा हो सकता है। इससे वह वैश्विक तरलता संसाधन का अपना दर्जा खो देगा जो वित्तीय अस्थिरता का कारण बन सकती है।

वि-डालरीकरण की चर्चाओं के बीच भारत को बदलती स्थितियों के अनुरूप संभावित व्यवस्थाओं पर गौर करना चाहिए। विभिन्न देशों की सरकारें कंपनियों को कर रियायतें या अन्य लाभ देकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में घरेलू मुद्राओं को महत्व दे सकती हैं। रूस से पेट्रोलियम, तेल, खनिज व सैनिक साजोसामान के कुछ आयात के लिए भारत 2019 से रुपयों में अनौपचारिक भुगतान की पैरवी कर रहा है। सरकारें अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध विकसित कर तथा अन्य मुद्राओं में निवेश कर डालर पर अपनी निर्भरता घटा सकती हैं। संभवत: वर्तमान स्थिति में नए भुगतान माध्यमों के बारे में 'प्रतीक्षा करो और देखो' वाला दृष्टिकोण उचित होगा।

# अपने लेन-देन का खाता स्पष्ट रखें

> "देना एक शानदार गुण है जो आशीर्वाद और प्रचुरता लाता है जब तक यह एक पूर्ण स्थान से आ रहा है।"

**राजयोगी ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक चिंतक हैं)



जबकि पैसा खुशी नहीं खरीद सकता है, यह निश्चित रूप से आपको अपने दुख का रूप चुनने देता है, अमेरिका के महान हास्य अभिनेता ग्रूचो मार्क्स ने कहा। हम सभी पैसे से प्यार करते हैं... है ना? यह एक सच्चाई है कि पैसा दुनिया को घुमाता है क्योंकि यह असंभव को संभव और अकल्पनीय को वास्तविक बना सकता है। इसलिए, यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पैसा लगभग सब कुछ कर सकता है। लेकिन, जैसा कि ऊपर बताया गया है, क्या पैसे से खुशी खरीदी जा सकती है? यदि यह उत्तर हां होता, तो उस स्थिति में सभी करोड़पति अत्यधिक सुखी होते और गरीब, जो विश्व में बहुसंख्यक हैं, दुखी होते। इसलिए, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि धन का सुख से जुड़ाव इस बात पर निर्भर नहीं करता है कि हमारे पास कितना है, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं और हम अपने संसाधनों से कैसे संबंधित हैं।

बेशक, मामूली साधनों वाले व्यक्ति को कई चिंताएं होंगी, जैसे बिलों का भुगतान करना और बच्चों की स्कूली शिक्षा, लेकिन फिर धनी लोगों को अक्सर दीवारों के पीछे खुद को बचाने और बख्तरबंद कारों में ड्राइव करने की आवश्यकता होती है। तो, उस अर्थ में, एक खानाबदोश जो रेगिस्तान में एक तंबू में रहता है, बहुत खुश हो सकता है। सही? हिंदी में, धन का अर्थ है धन जो क्रिया देना से लिया गया है, जिसका अर्थ है देना। हम सभी अपने रास्ते में आने वाली हर चीज और किसी भी चीज को लेना पसंद करते हैं, क्या यह सच नहीं है? पर जब कुछ देने की बात आती है तो हमारा चेहरा उदास हो जाता है और हमारा दिल डूब जाता है, ऐसा क्यों है? अगर हम देखें कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, तो हमें पता चलता है कि हम लेने वालों का समाज बन गए हैं और आश्चर्य की बात यह है कि जब लेने की बात आती है, तो हममें से कोई भी लागत की गणना नहीं करता है, लेकिन जब देने की बात आती है तो हर छोटी वस्तु की जांच और गणना की जाती है। भारत में कई वर्षों से अपनी संपत्ति को दूसरों के साथ दान करने या साझा करने की संस्कृति रही है। इसके पीछे पूरा विचार यह रहा है कि किसी के पास जो कुछ भी अधिक है, उसे उसे दिया जाना चाहिए जिसे इसकी आवश्यकता है और बदले में आशीर्वाद और शुभकामनाएं अर्जित करें। इसलिए, हमें इस तथ्य का एहसास होना चाहिए कि पैसा केवल एक उपकरण है जिसे सभी के लिए खुशी पैदा करने के लिए बिना किसी लालच, मोह या स्वार्थ के बुद्धिमानी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



एक प्रबुद्ध व्यक्ति हमेशा अधिक से अधिक लोगों की अधिकतम भलाई के लिए धन का उपयोग करेगा, जबकि आध्यात्मिक रूप से सशक्त आत्मा के लिए, धन अच्छे कर्म और स्वयं और दूसरों के लिए एक अच्छा भाग्य बनाने का एक साधन बन जाता है। तो, कहानी का नैतिक यह है कि पैसे ने कभी भी मनुष्य को स्थायी रूप से खुश नहीं किया है और न ही कभी होगा। लेने वालों के रूप में, हम कुछ भी वापस प्रदान किए बिना या बदले में थोड़ा सा वापस प्रदान किए बिना दूसरों से जितना हो सके उतना हासिल करने की पूरी कोशिश करते हैं। जो लोग लेने वाले हैं वे उदार या उदार लोगों के रूप में नहीं जाने जाते हैं और इसमें मेरे लिए क्या है की मानसिकता रखते हैं। ऐसे लोग यह देखने के इच्छुक होते हैं कि वे दूसरों से क्या प्राप्त कर सकते हैं, कभी-कभी खुद को कुछ देने के विकल्प पर विचार किए बिना। दूसरी ओर, दाता वे होते हैं जो नि:स्वार्थ होते हैं और उनके पास जो कुछ भी है या जो उनके पास है उसमें से बहुत कुछ देने की प्रवृत्ति रखते हैं और आमतौर पर कुछ भी वापस लेने के लिए तैयार नहीं होते हैं।

देना एक शानदार गुण है जो आशीर्वाद और प्रचुरता लाता है, जब तक यह एक पूर्ण स्थान से आ रहा है और सही मात्रा में उपयोग किया जाता है। जब यह शुद्ध स्थान और देने की सच्ची इच्छा से आता है तो ब्रह्मांड देने के लिए बहुत अच्छी प्रतिक्रिया देता है। दुर्भाग्य से आज के समय की विडम्बना यह है कि हमने अपनी वर्तमान पीढ़ी को अपना उचित हिस्सा दिए बिना सिर्फ लेने.. लेने और लेने का प्रशिक्षण दे दिया है। हमने ऐसी प्रणालियां स्थापित की हैं जो बदले में थोड़ा देने और बहुत कुछ पाने के दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती हैं। हालांकि, स्मार्टनेस की इस पूरी कार्रवाई में हम यह भूल जाते हैं कि इस दुनिया में कुछ भी कीमत चुकाए बिना नहीं आता है, अगर अभी नहीं तो बाद में निश्चित रूप से होगा। मुफ्त में कुछ भी नहीं मिलता, यही सार्वभौम नियम है।

यदि इस सरल नियम और इसके सभी गहरे निहितार्थों को समझा और स्वीकार किया जा सकता है, तो दूसरों के साथ हमारा व्यवहार ईमानदारी पर आधारित होगा। जो लेन-देन के खाते को संतुलित रखना सीख जाते हैं, वे दिवालिया होने से बच सकते हैं।

## आप की बात

### नागरिकों को साधुवाद

**पश्चिमी अमेरिकी** राज्य एमॉन्टाना के उन 16 बच्चों को साधुवाद जिन्होंनेए पुरे अमेरिकी इतिहास में पहली बार जलवायु परिवर्तन रोकने में विफल रहने के कारण स्थानीय राज्य सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। शायद पूरे विश्व का यह पहला मामला हो जहाँ के कुछ कर्मठ युवा कार्यकर्ताओं ने वो काम किया है जिसकी उम्मीद हम अपने हुक्मरानों से रखते थे । इनका आरोप है कि राज्य ने स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण के उनके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन किया है। मोंटाना में जीवाश्म ईंधन उद्योग के लिए राज्य सरकार का चल रहा समर्थन उन्हें असमान रूप से नुकसान पहुंचा रहा है। यह मामला देश दुनिया में इसी तरह के मुकदमों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर सकता है। मोंटाना एक प्रमुख कोयला निर्यातक है और अमेरिका में कोयले का सबसे बड़ा भंडार है। कोयला उद्योग में नौकरियां राज्य में औसत आय से लगभग 30 प्रतिशत अधिक भुगतान करती हैं। पूरी दुनिया की सरकारें फासिल ईंधनों के खिलाफ कोई ठोस एवं कड़े कदम उठाने से डर रहीं हैं। जिससे धरती का तापमान बेतहासा बढ़ रहा है। इसके भयानक नतीजे हर जगह दिख रहे हैं, पर अधिकांश देशों की सरकारें निहित स्वार्थी तत्वों के कारण निष्क्रिय हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### विपक्षी एकता

**विपक्षी एकता** के दूत के रूप में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देशभर में घूम रहे हैं। 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की एक बैठक होने जा रही है जिसमें अनेक दलों के शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, एकजुटता दिखाने का मौका पिछले दिनों कर्नाटक में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में भी मिला था, लेकिन उसमें आम आदमी पार्टी-आप के अरविंद केजरीवाल व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को बुलाया नहीं गया तो ममता बनर्जी गईं ही नहीं। बीजद, जनता दल सेक्युलर, बसपा, शिरोमणि अकाली दल, टीडीपी व वाईएसआर कांग्रेस के नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का यह अर्थ निकाला गया कि वे भाजपा-विरोधी मोर्चा का हिस्सा नहीं बनेंगे। स्पष्ट है कि भाजपा से मुकाबले के लिए सभी गैर भाजपा या गैर राजग दलों की एकता संभव नहीं दिखती है। अनेक विपक्षी दलों में भी परस्पर दुराग्रह व्याप्त है जिसके चलते वे पहले एक-दूसरे को निपटाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस से आप व अनेक क्षेत्रीय दलों का टकराव किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में विपक्षी एकता की अवधारणा एक प्रकार से बीरबल की खिचड़ी जैसी लगती है।

– **सदन जी,** पटना

### हरियाणा की पहल

**हरियाणा** की खट्टर सरकार ने प्रदेश के सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को प्रति माह 10,000 रुपये देने और बस यात्रा मुफ्त करवाने का ऐलान किया है। खट्टर सरकार का यह सराहनीय व अनुकरणीय कार्य है! अब तक पद्म पुरस्कार व अन्य पुरस्कारों में विशिष्ट योग्यता वाले लोगों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न दिया जाता है जो उनके गौरव को तो बढ़ता है, मगर उनके जीवन में अन्य कोई उपयोग या सहयोग नहीं कर पता है। वर्तमान समय में जबकि सांसद, विधायक व मंत्री अपनी प्रति माह की तनख्वाह खुद ही बढ़ा कर लाखों रुपए महीना तय कर लेते हैं और अनेक अनेक मुफ्त सुविधायें प्राप्त करते हैं। ऐसे में यदि पद्म पुरस्कार व सैनिकों को दिए गए बड़े पुरस्कार विजेताओं को यदि देश के सभी राज्य प्रति माह उचित मानदेय, मुफ्त यात्रा व अन्य सुविधाएं दें तो यह उनके कार्य का सही-सही सम्मान होगा और इससे पुरस्कार विजेताओं तथा उनके परिवार के जीवनयापन में बहुत बड़ा सहारा प्राप्त हो सकेगा। देखना होगा कि अन्य राज्यों में शासन करने वाली व विपक्ष में बैठने वाली पार्टियां हरियाणा सरकार के इस निर्णय को किस तरह लेती हैं।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सुप्रिया को कमान

**सुप्रिया सुले** के हाथ में एनसीपी की कमान देने का अभियान तो शरद पवार के तथाकथित इस्तीफे से ही शुरू हो गया था। पार्टी पर अपनी पकड़ की जांच पड़ताल करने के बाद उन्होंने अंतत: दो अध्यक्ष बना दिए, मगर असली शक्तियां सुप्रिया सुले के हाथ में ही हैं। सुप्रिया सुले कह रही है कि यदि उन्हें महाराष्ट्र में बहुमत मिलेगा तो मुख्यमंत्री अजीत पवार ही होगे। लेकिन न एनसीपी को महाराष्ट्र में पूर्ण बहुत मिलने वाला है और न अजीत पवार मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। अब अजीत पवार को अपने भविष्य का फैसला यथाशीघ्र कर लेना चाहिए, नहीं तो दुविधा में दोनों गये-माया मिली ना राम, वाला मामला हो जाएगा। लगता है कि शरद पवार ने बड़े कुटिल तरीके से अजीत पवार का पत्ता साफ कर दिया है और इस ढंग से किया है कि उनकी पार्टी को कोई नुकसान न पहुंचे। अब अजीत पवार की असली राजनीतिक परीक्षा शुरू हुई है कि वह किस दल से जुड़ते हैं या अपना अलग से कोई दाल बनाते हैं। अब एनसीपी में उनके पर कतर दिए गए हैं और वह स्वच्छंद उड़ान नहीं भर सकते। देखना होगा वे क्या करेंगे?

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# त्वरित व संतुष्टिपरक हो लोगों की समस्याओं का समाधान

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 500 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है। इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराएं।

सीएम योगी ने ये निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एकएक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 500 लोगों से मुलाकात की। आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भूमाफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

### बच्ची का कराया अन्नप्राशन

**मंगलवार** सुबह जनता दर्शन में एक ऐसे दंपति भी पहुंचे थे जो किसी समस्या के निस्तारण की गुहार लेकर नहीं आए थे। बल्कि उनकी इच्छा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों अपनी सात माह की बिटिया का अन्नप्राशन कराने की थी। सीएम ने उनकी यह ख्वाहिश पूरी करते हुए बच्ची को गोद में लेकर खीर खिलाई। उन्होंने बच्ची को खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया।

# मऊ के आबकारी अधिकारी भ्रष्टाचार में निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल के निर्देश पर जनपद मऊ के जिला आबकारी अधिकारी जेजे प्रसाद को निलंबित कर दिया गया है। जेजे प्रसाद के विरुद्ध हर माह के प्रारम्भ में सभी दुकानों की लॉग इन आईडी (शॉप आईडी) से डिस्पैच निशेध करने तथा अनुज्ञापियों से रिश्वत मांगे जाने की शिकायतें थी। संयुक्त आबकारी आयुक्त, गोरखपुर द्वारा जांच कराने पर प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए। इस पर मंत्री द्वारा जेजे प्रसाद को निलम्बित करने तथा इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए का निर्देश दिया गया। अग्रवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री एवं सरकार की मंशा भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेन्स की है। इसके अनुपालपन में अधिकारीगण अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के सम्यक निर्वहन के लिए अत्यन्त ही ईमानदारी, निष्ठा एवं विभागीय हित में कार्य करें।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने लाभार्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र




● इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ छठवें रोजगार मेले का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमती** नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में छठवें रोजगार मेले का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के मिशन रोज़गार के अंतर्गत किया गया। यह कार्यक्रम देश के 43 शहरों में आयोजित किया गया जिसके लिए भारत सरकार द्वारा वित्तीय सेवायें विभाग, वित्त मंत्रालय को नोडल एजेंसी के रूप में उत्तरदायित्व दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के 4 केन्द्रों यथा लखनऊ, मुरादाबाद, वाराणसी तथा गोरखपुर में रोज़गार मेले का सफल आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के लगभग एक हजार नियुक्ति पत्र विभिन्न सरकारी विभागों के अभ्यर्थियों को वितरित किए गए।

लखनऊ में आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में स्मृति जुबिन इरानी केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति रही। इसके साथ ही कार्यक्रम में विधायक योगेश शुक्ल तथा सुशील कुमार सिंह निदेशक वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार भी उपस्थित रहे। लखनऊ में आयोजित रोजगार मेले के लिए प्रदेश स्तर पर राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक बैंक- बैंक ऑफ बड़ौदा को नोडल विभाग के रूप में नामित किया गया था। बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक संयोजक एसएलबीसी (उप्र) राजेश कुमार सिंह के संयोजन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा व संयोजक, एसएलबीसी (उप्र) ने अपने स्वागत संबोधन द्वारा किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देश के समस्त 43 केन्द्रों में आयोजित किए गए रोज़गार मेलों से जुड़े व नवनियुक्त लाभार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने देश के विकास में युवाओं की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी द्वारा लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। गौरतलब है कि कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों जैसे सरकारी बैंक, बीमा कम्पनी, रेलवे, सीबीडीटी, रक्षा विभाग, आईआईटी, कानपुर, उच्च व माध्यमिक शिक्षा आदि के कुल 352 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए।

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में नवनियुक्तों को उनके भविष्य के नए चरण के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंन नवनियुक्त लाभार्थियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर ऑनलाइन मॉड्यूल, कर्मयोगी प्रांरभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने के लिए प्रेरित किया। जहां 400 स अधिक ई- लर्निंग पाठ्यक्रम कहीं भी किसी भी उपकरण के प्रारूप में सीखने के लिए भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने समस्त लाभार्थियों से सत्यनिष्ठा व समर्पण के साथ अपना कार्य करते हुए देश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनका आह्वान किया।

# भाजपा और कांग्रेस में हिन्दुत्ववादी दिखाने की होड़: मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि आजकल कांग्रेस और भाजपा में यह होड़ लगी हुई है कि कौन बड़ा हिंदुत्ववादी है। कौन बड़ा हिंदू भक्त है। इसी के चक्कर में पूजा पाठ में दोनों अपने आपको माहिर दिखा रहे हैं। इसका साफ मतलब यह है कि इससे बाकी अन्य धर्म की उपेक्षा की जा रही है। यह संविधान की मंशा के विरुद्ध है।

मंगलवार को एक बयान जारी कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कहा कि हमारे देश में हिंदुओं के अलावा मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी आदि धर्म के लोग भी रहते हैं और सभी दलों को इनका भी बराबर सम्मान और ध्यान रखना चाहिए। साथ ही सभी ऐतिहासिक स्थलों को भी सुरक्षित रखना चाहिए क्योंकि आजकल ऐतिहासिक स्थलों के साथ भी छेड़छाड़ की जा रही है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में दलित और आदिवासियों का उत्पीड़न हो रहा है। जल्द हो रहे विधानसभा चुनाव में इन चारों राज्यों में बसपा यह मुद्दा उठाएगी। इसके प्रति जनता को जागरूक करेगी। वहां के लिए पार्टी ने राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद और मुख्य कोऑर्डिनेटर राम जी गौतम को लगाया है।

# विपक्षी पार्टियां जनता को गुमराह कर कर रहीं हैं गठबंधन: भूपेंद्र सिंह चौधरी

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने टिफिन बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी महाजनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर संवाद कर रही है। विपक्षी पार्टी जहां जनता को गुमराह करके आपस में गठबंधन कर रही हैं जबकि भाजपा का गठबंधन जनता के साथ हो चुका है।

भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को राजधानी लखनऊ के तुलसी गंगा मंडपम, निराला नगर में पूर्वी विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ संवाद एवं टिफिन बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच पहुंच रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्षों में देश का चौमुखी विकास हुआ है और गरीब वंचित वर्ग को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पूर्वजों ने जो सपना देखा था भारतीय जनता पार्टी की सरकार उसी दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव के आधार पर पार्टी की कार्य योजना तैयार करें। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण ही भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश में सरकार है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी पहली बार सभी नगर निगम में बड़े बहुमत के साथ जीती। पहली बार बड़ी संख्या में नगर पालिकाओ में भी भारतीय जनता पार्टी ने विजय प्राप्त की। यह सब पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी लगातार जीत रही है। भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र के संकल्पों को पूरा किया है। बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा सभी क्षेत्रों में कार्य किया है। धारा 370, राम मंदिर का निर्माण सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के सपने साकार हो रहे है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में अपराध न्यूनतम स्तर पर है। अपराध के खिलाफ सरकार की नीतियों की चर्चा पूरी दुनिया में है। हमारा संकल्प है भारत तथा भारतीय संस्कृति के आधार पर पूरी दुनिया में अपनी व्यवस्था स्थापित करें। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद और समर्थन देती है। आज भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। भारतीय जनता पार्टी का स्वरूप सर्वव्यापी व सर्व स्पर्शी है। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में 41 प्रतिशत वोट भाजपा को मिला था, 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी गठबंधन एक होने के बाद भी भाजपा को 51 प्रतिशत वोट हासिल हुए। उन्होंने कहा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने जो एजेंडा तय किया सरकार लगातार उसी पर चल रही है। आप सब के प्रयास से भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है इसमें कोई भी कार्यकर्ता कभी भी ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। समाजवादी पार्टी परिवार की पार्टी है। समाजवादी पार्टी में परिवार के लोगों का ही विकास होता है। राष्ट्रीय विचारधारा के कारण आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्वोत्तर राज्यों में भी है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी देश की परंपरा, आस्था और संस्कृति के हिसाब से ही आगे बढ़ेगी।

# मुख्यमंत्री जुलाई माह में करेंगे अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ: सीएस



● इन विद्यालयों में कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व सभी मंडलायुक्तों को एक बार अवश्य निरीक्षण करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में अटल आवासीय विद्यालय की राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव ने समस्त मंडलायुक्तों से अटल आवासीय विद्यालयों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बरेली एवं मुरादाबाद को छोड़कर सभी विद्यालय आगामी जुलाई से कक्षाएं शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कुछ विद्यालयों में फिनशिंग वर्क सहित छिटपुट कार्य अवशेष हैं, सभी कार्यों को 30 जून तक पूरा कराने के लिए सम्बन्धित मंडलायुक्त द्वारा आश्वस्त किया गया।

इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ मुख्यमंत्री आगामी जुलाई माह में किसी भी दिन कर सकते हैं। देश में पहली बार पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों, अनाथ एवं निराश्रित बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक विकास एवं समग्र व्यक्तित्व का विकास कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। यह पूरे देश के लिए मॉडल है, इसलिए इन विद्यालयों के भव्य शुभारंभ की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व सभी मंडलायुक्तों द्वारा एक बार निरीक्षण अवश्य कर लिया जाए। विद्यालयों में कक्षाएं प्रारंभ होने में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी विद्यालयों में बिजली, पानी, ड्रेनेज, विद्यालय पहुंचने के लिए सड़क आदि मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बरेली में अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों को लखनऊ तथा मुरादाबाद के बच्चों को मेरठ निर्माण कार्य पूरा होने तक समायोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरेली व मुरादाबाद में कार्यदायी संस्था को विद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिये निर्देशित किया जाये और समय-समय पर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जायेए ताकि अगले शैक्षणिक वर्ष से पूर्व नव वर्ष 2024 में अन्य विद्यालयों में समायोजित बच्चों को उनके विद्यालय में भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व अध्यापकों व गैर शैक्षणिक पदों पर चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के लिए एक मानकीकृत शैक्षणिक कैलंडर तैयार किया जाएं। इन विद्यालयों के संचालन के लिये गठित सेल में युवा अधिकारियों का चयन किया जाए। बैठक में बताया गया कि सभी अटल आवासीय विद्यालयों में एक वर्ष के अनुबंध पर प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रशासनिक तथा शैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। विद्यालय में फर्नीचर एवं आईटी सम्बन्धित सामग्रियों का निर्धारण एवं मानकीकरण कर समिति का गठन एवं क्रय-प्रक्रिया प्रारम्भ कर दिया गया है। संचालन सम्बन्धित अन्य सेवाएं जैसे बच्चों के भोजन के लिए मेस एवं विद्यालयों में सुरक्षा, सफाई, गार्डनिंग इत्यादि कार्यों की एसओपी मण्डल स्तर पर उपलब्ध करा दी गई है, जिसके क्रम में मण्डल स्तर पर संस्था चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।

# गर्भवती के इलाज में लापरवाही पर डिप्टी सीएम सख्त, जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पद स्थित मातृ एवं शिशु रेफरल हॉस्पिटल में गर्भवती के इलाज में गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। पीड़ित परिवार ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से शिकायत की है। जिस पर डिप्टी सीएम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच के आदेश दिए हैं। बीते 11 जून को जानकीपुरम निवासी 25 वर्षीय गर्भवती महिला को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हुई। परिजन गर्भवती को लेकर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में पहुँचे। परिजन का आरोप है कि इमरजेंसी में दो घंटे तक किसी भी डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा। जबकि गर्भवती को भीषण दर्द और रक्तस्राव हो रहा था। इस दौरान कई बार डॉक्टरों से फरियाद की, पर सुनवाई नहीं हुई। काफी देर बाद डॉक्टर आईं। जांच के बाद मिसकैरेज की जानकारी दी। परिजन का आरोप हैं कि बिना बेहोशी दिए, इलाज की प्रक्रिया की। इस दौरान मरीज दर्द से कराह रही थीं। लेबर रूम में गंदगी थी। डॉक्टर भी समय पर राउंड नहीं ले रही हैं। गड़बड़ियों से दुखी परिजन ने मरीज की छुट्टी करा ली। परिजन ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से शिकायत की।

# यूपी राष्ट्र की आत्मा तो एमपी देश का हृदय: उषा ठाकुर

● लखनऊ में मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग के मार्केटिंग कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## उत्तर प्रदेश सरकार भोपाल में अपना मार्केटिंग कार्यालय स्थापित करेगी: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मध्य** प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति धर्मन्यास तथा धर्मस्व मंत्री ऊषा ठाकुर एवं उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग के मार्केटिंग कार्यालय का उदघाटन किया। इस अवसर पर ऊषा ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग का कार्यालय खुलना एक सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का हृदय है जबकि उत्तर प्रदेश राष्ट्र की आत्मा। दोनों ही प्रदेश सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, भौगोलिक, भाषा, वेशभूषा, खान-पान एवं रहन-सहन के दृष्टिकोण से दो सगे भाईयों जैसे हैं। दोनों ही प्रदेशों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। एक राष्ट्र श्रेष्ठ भारत के तहत पर्यटन को बढ़ावा देकर नागरिकों के मध्य प्रगाढ़ता को और अधिक बढ़ाया जा सकता है। नवाचार की दृष्टि से दोनों ही प्रदेश महत्वपूर्ण हैं। ऊषा ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश में महाकाल, ओंकारेश्वर, दतिया शक्तिपीठ के साथ-साथ टाइगर प्रदेश, घड़ियाल प्रदेश के रूप में प्रसिद्ध है एवं यहां पर बड़ी संख्या में प्राकृतिक स्थल भी मौजूद हैं। जहां पर लोग पर्यटन की दृष्टि से आ सकते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों से मध्य प्रदेश आने और पर्यटन का लुफ्त उठाने आ आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ओरछा में एक तरफ जहां राजा राम के दर्शन वहीं चित्रकूट में वनवासी राम के दर्शन किये जा सकते हैं। चित्रकूट में भगवान राम ने माता सीता एवं छोटे भाई लक्ष्मण के साथ वास किया था। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे स्थलों को दोनों प्रदेश एक सर्किट के रूप में विकसित करें तो लोगों के पर्यटन की दृष्टि से यह काफी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। साथ ही लोग भारतीय संस्कृति एवं समृद्धता से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के 243 स्कूलों का नाम भारतीय क्रान्तिकारियों के नाम पर कर दिया गया है। जिसका उद्देश्य है कि लोग इनके बलिदानों को याद कर सकें और आत्मसात कर सकें। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मध्य प्रदेश के पर्यटन मंत्री एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि लखनऊ की धरती पर कार्यालय खोलने से दोनों ही प्रदेशों में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही दोनों प्रदेशों में आत्मियता भी बढ़ेगी और सांस्कृतिक एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की कल्चरल एवं स्प्रीचुएल समृद्धता पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। जल्द ही उत्तर प्रदेश सरकार भी मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अपना मार्केटिंग कार्यालय स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यूपी में काशी है तो भोपाल में उज्जैन का महाकाल मंदिर। साथ ही बहुत सी प्राकृतिक स्थल दोनों ही प्रदेशों को समृद्ध करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने यहां पर्यटन की दृष्टि से इको टूरिज्म पर कार्य कर रही है एवं रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट के विकास पर भी काम चल रहा है।

# एक्सप्रेस-वे की तरह चौड़े व सुंदर होंगे यूपी के हाईवे

● प्रदेश के कई राज्य मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के काम ने पकड़ा जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने प्रदेश की सड़कों के विस्तारीकरण] सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण को लेकर वृहद स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। प्रदेश की इन्फ्रास्ट्रक्चरल ग्रोथ को बढ़ावा देने के साथ ही सड़क यात्रा को सुगम, सुरक्षित बनाने और यात्रा अवधि को कम करने के प्रयास के तहत प्रदेश में तीन राज्यमार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के काम ने जोर पकड़ लिया है। वहीं, प्रदेश के कई क्षेत्रों में चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स के निराकरण के साथ ही आगरा में 3 व बरेली में 6 सेतुओं के निर्माण से संबंधित कार्यों को पूर्ण करने के लिए धनराशि आवंटन को स्वीकृत किया गया है। राज्य सड़क निधि से प्रयागराज मंडल के 35 मार्गों पर कार्यों को सुचारू रखने के लिए धनराशि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

प्रदेश में राज्यमार्गों के सुदृढ़ीकरण का मार्ग प्रशस्त करने में जुटी योगी सरकार ने 3 राज्यमार्गों में जारी कार्यों के लिए कुल 58 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर उसके आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में कौशांबी पर्यटन स्थल को प्रयागराज एयरपोर्ट से जोड़ने वाले मार्ग को फोरलेन करने के लिए 50 करोड़, प्रयागराज से भारतगंज-प्रतापपुर मार्ग के चौड़ीकरण व आजमगढ़ में चिरैयाकोट बेल्थरारोड के चेनेज व दो लेन में 39.6 किमी तक चौड़ीकरण के लिए 4.4 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में पहली किस्त में 46 करोड़ व दूसरी किस्त में 12.4 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त करने का लोक निर्माण विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। साल 2018 से 2022 के बीच आगरा मंडल क्षेत्र में स्वीकृत हुए कुल 3 सेतुओं के लिए कुल 4.54 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत मथुरा में पीलीभीत से भरतपुर मार्ग पर (कृष्णपुरी चौराहे के निकट) बन रहे सेतु, फिरोजाबाद में आया नदी पर लघु पुल और मैनपुरी के मददापुर से मिर्जापुर मार्ग पर लघु सेतु व पहुंच मार्ग में सुरक्षात्मक कार्यों के लिए मौजूदा स्वीकृत राशि का उपयोग किया जाएगा। वहीं, बरेली में 6 विभिन्न सेतुओं के निर्माण के लिए 9 करोड़ दो लाख रुपए व बस्ती में निर्माणाधीन नए पुल के लिए 1.10 करोड़ रुपए के धनराशि आवंटन को हरी झंडी मिल गई है। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिह्नित ब्लैक स्पॉट के निराकरण और सड़क सौंदर्यीकरण को लेकर भी कार्रवाई को अंजाम देने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस क्रम में अमरोहा जिले के हसनपुर स्थित मार्गों पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट और हरदोई के बिलग्राम साणडी-अललगंज मार्ग पर भी चिह्नित ब्लैक स्पॉट के निराकरण के लिए 1.74 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही संबंधित रोड स्ट्रेच में पड़ने वाले चौराहों के सुदृढ़ीकरण को लेकर भी इसी राशि का उपयोग किया जाएगा। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इसी प्रकार ब्लैक स्पॉट्स के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। राज्य संपत्ति निधि के उपयोग से प्रदेश के प्रयागराज मंडल स्थित विभिन्न जिलों के 35 मार्गों के कायाकल्प का मार्ग सुनिश्चित हो गया है। इस क्रम मेंए वर्ष 2021 से 2023 के मध्य स्वीकृत इन मार्गों के निर्माण के लिए 10.63 करोड़ रुपए की अनुमानित राशि आवंटित किए जाने का आदेश लोक निर्माण विभाग से हो गया है। इनमें फतेहपुर में 6, प्रतापगढ़ में 9, कौशाम्बी में 8 और प्रयागराज में कुल 12 प्रस्तावित मार्गों के निर्माण, सुदृढ़ीकरण और रख-रखाव के लिए इस धनराशि का प्रयोग होगा। इसके अलावा राजमार्गों के एंट्री-एग्जिट प्वॉइंट्स और धार्मिक पर्यटन के लिहाज से प्रमुख स्थलों के कॉरीडोर्स पर स्वागत द्वार बनाने की दिशा में भी प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में लोक निर्माण विभाग द्वारा व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 14 जून, 2023



उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड, प्रवेश परीक्षा-2023

# 15 जून को दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न
- नौ परीक्षा केंद्रों पर 4300 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**उप्र संयुक्त** बी0एड0, प्रवेश परीक्षा-2023 दिनांक 15 जून, 23 को दो पालियों में (प्रथम पाली प्रात: 9.00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2.00 बजे से 5.00 बजे तक) जनपद के 09 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसमें 4300 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। यह प्रवेश परीक्षा बुन्देलखण्ड विवि झांसी द्वारा आयोजित की जा रही है। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, पेयजल, महिला एवं पुरूष शौचालय, रैम्प, बिजली, पंखा आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र प्रतिनिधि एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने केन्द्रों का निरीक्षण कर उक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें। बीएड परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक में नगर निगम से कोई अधिकारी समय से न पहुंचने पर उन्होंने जवाब तलब करने के निर्देश दिए। कहा कि जनपद में धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू है, इसके प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। परीक्षा परिसर में कोई भी अनाधृकित व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का संचालन नहीं किया जायेगा। परीक्षा के दौरान केन्द्र के निर्धारित परिधि में फोटो कापीयर मशीनें, साइबर कैफे आदि संचालित नहीं होंगे। कोविड-19 प्रोटोकाल के समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं पुलिस बल निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर गहनता पूर्वक तलाशी ली जाये, जिससे कोई परीक्षार्थी अनुचित साधन जैसे इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मोबाइल, ब्लूटूथ आदि न ले जा सके। उन्होंने कहा कि निर्देशिका में उल्लिखित निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूर्ण शुचिता के साथ सकुशल परीक्षा सम्पन्न करायी जाये। उन्होंने कहा कि सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें पूरी जानकारी समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा के दौरान कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने आवागमन की व्यवस्था हेतु ए0आर0एम0 रोडवेज व ए0आर0टी0ओ0 को निर्देश दिए। नगर में यातायात को सुचारू रखने तथा बस स्टेशनो रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों एवं अन्य चयनित स्थलों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। परीक्षा को शांतिपूर्वक, नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय की निर्देशिका के अनुसार प्रत्येक 02 परीक्षा केन्द्र पर 01 केन्द्र प्रतिनिधि तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर 01-01 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर 02-02 पर्यवेक्षक भी तैनात किए गये है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडे सहित संबंधित अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## मिलावटी खाद्य सामग्री को लेकर चला अभियान



**मोहम्मदी खीरी।** सहायक आयुक्त खाद्य खीरी कौशलेंद्र शर्मा के दिशा.निर्देशन पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर सिद्दीकी ने मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 धारा 31 के अंतर्गत बिना खाद्य पंजीकरण व्यवसाय करने वाले मोहम्मद दानिश, मैकूलाल, सचिन, विनोद, सुशील, मुनील, रामसागर, शरद, मनोज इत्यादि व्यवसायियों पर सहायक आयुक्त खाद्य खीरी के स्वीकृत के बाद सभी पर न्यायालय न्याय निर्णायक/ अपर जिला मजिस्ट्रेट जनपद खीरी न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया।

# मोदी सरकार के नेतृत्व में देश बन रहा आत्म निर्भर

- देश लगातार नए आयाम की तरफ बढ़ रहा

**संवाददाता।** सीतापुर

**केन्द्र** में फिर से मोदी सरकार की वापसी के लिए भाजपा इन दिनों केन्द्र सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए 9 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मेलनों के जरिए जनता के पास भी पहुंच रही है। इसी क्रम में मंगलवार सदर विधान सभा क्षेत्र में शहर के एक गेस्ट हाउस में भाजपा के सभी मोर्चों का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एमएलसी लखीमपुर खीरी और प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा की मोदी सरकार के नेतृत्व में आज देश आत्म निर्भर बन रहा है। देश लगातार नए आयाम की तरफ बढ़ रहा है। सभी मोर्चा के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि भले ही कोई महा गठबन्धन बने लेकिन सीतापुर की धरती पर जो भी प्रत्याशी आएगा, वह हार कर ही जाएगा। सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, नगर पालिका सीतापुर अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेन्द्र अवस्थी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष रामजीवन जायसवाल, क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा आशीष कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, जिलाउपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, नीरज वर्मा झल्लर, ब्लाक प्रमुख खैराबाद, अजय विश्वकर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि खैराबाद अभिषेक गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, कंचन प्रभा पांडेय, जिला मंत्री जया सिहं, जिला संयोजक सयुंक्त मोर्चा सम्मेलन उदित बाजपेई, मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी, अनिल विश्वकर्मा, ईशू मेहरोत्रा, रानू गुप्ता, विवेक विश्वकर्मा, अंकित गुप्ता, गौरव अग्रवाल, संदीप मिश्रा, अमन विक्रम सिंह, कामेश शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थानाध्यक्ष मैलानी सहित पुलिस कर्मियों की जमकर धुनाई

- पुलिस ने 48 ग्रामीणों को नामजद कर 16 को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी




**मैलानी** थाना क्षेत्र के गांव कंधईपुर में सोमवार की शाम को हुए विवाद में पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने एक फार्मर एवं रेल कर्मचारी सहित 48 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत किया है, जिसमें मौके पर हिरासत में लिए गए 16 लोगों का चालान भेजा गया है। सोमवार की शाम ग्रामीणों को समझाने गई पुलिस पर दबंग हमलावर हो गए। लाठी-डंडे लेकर ग्रामीणों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। इसमें पुलिसकर्मियों को चोट भी लग गई। इसके बाद कई थानों का फोर्स गांव पहुंच गया,पुलिस ने कई ग्रामीणों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद 16 लोगों पहचान होने के बाद बाकी लोगों को छोड़ दिया गया था। पुलिस ने पीड़ित परिवारों द्वारा दी गई तहरीर पर मैलानी थाना क्षेत्र के फार्मर अमन पाल, रमेश चंद्र बेदी, रेल कर्मचारी कामता सहित राहुल, सुमन, पप्पू, अनिल, ओमकार, शेर सिंह, रामचन्द्र, आकाश, सत्यपाल, मूलचन्द्र, दिनेश, संजय, बब्लू, संतोष, राजकुमार, रविन्द, गीता, सरिता, रोशनलाल, अमर सिंह, जयपाल, सर्वेश, सुनील, छोटन्ने, राकेश, लक्ष्मण, राम कृपाल, किशोरी, नीरज, रामख्याली, गुड्डु, राममूर्ति, रवेंद्र सहित 48 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। एक माह पहले मैलानी थाना क्षेत्र के गांव कंधईपुर निवासी बृजेश अचानक गायब हो गया था।उसका शव गांव के ही कैलाश पुत्र राम सिंह के घर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला था। मृतक के पिता दुलीचंद ने कैलाश के पिता राम सिंह पर पुरानी रंजिश में हत्या किए जाने का आरोप लगाया। बताया जाता है कि आरोपी के बिरादरी के घर गांव में करीब एक दर्जन ही है। पीड़ित परिवार की बिरादरी की संख्या ज्यादा है। डरकर आरोपी पक्ष के लोग गांव छोड़कर चले गए। घटना को अब करीब एक महीना बीत चुका था। आरोपी पक्ष के लोग गांव वापस आना चाहते थे। इसको लेकर पुलिस कुछ दिन पहले कंधईपुर गांव गई थी और पीड़ित परिवार व उसकी बिरादरी के लोगों को समझाया था कि आरोपी के परिवार के लोगों को गांव में रहने दिया जाए। लेकिन वह नहीं माने थे। बताया जाता है कि सोमवार को एसओ मैलानी राहुल सिंह गौड़ फोर्स एवं आरोपी पक्ष के परिवारों के साथ गांव कंधईपुर पहुंचे और पीड़ित के परिवार को और दूसरे पक्ष के लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे थे। इसी बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और आरोपी परिवारों के सदस्यों एवं पुलिस पर हमला कर दिया।

# महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

- डीएम अनुज सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों संग की बैठक, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग हर घर आंगन सप्ताह के आयोजन पर की चर्चा

**संवाददाता।** सीतापुर

**प्रतिवर्ष** 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोगो को एक स्वस्थ जीवन दे रहा है। इस वर्ष नवें अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस को महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं हर घर आंगन सप्ताह के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को डीएम अनुज सिंह ने अधिकारियों संग बैठक की और तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस वर्ष हर घर आंगन योग नामक थीम रखी गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने निर्देश दिया कि हर घर आंगन सप्ताह के आयोजन के लिए पहले से ही माहौल बना लिया जाए, और इसमे स्वयं सहायता समूहों का भी सहयोग लिया जाए। कहा कि योग दिवस और हर घर आंगन सप्ताह के लिए प्रशिक्षण अभी से दिया जा रहा है ताकि यह आयोजन सफल हो सके। प्रशिक्षण के लिए ऐसे लोग शामिल किए जाए जिनको योग कराने में रुचि हो और योग सीखना चाहते हों। डीएम ने माइक्रोप्लान बनाने का भी सुझाव दिया और कहा कि योग दिवस की फोटो वेबसाइट एंव आयुषकवच पर अपलोड की जाए। डीएम ने अधिकारियों के निर्देश दिए कि वाइब्रेट प्रोटोकाल का अनुपालन अवश्य करें। डीएम ने योग दिवस से पहले शहर के सभी पार्कों की सफाई और पानी की उचित व्यवस्था कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी को दिए। शहर के ध्यानचंद स्टेडियम, सरोजनी वाटिका महावीर उद्यान, वैदेही वाटिका, डाक्टर बी आर अम्बेडकर सहित अन्य पार्कों के अलावा लालबाग पार्क में भी योग दिवस का आयोजन कराने को कहा। इससे सम्बन्धित एक बैनर लगवाने के लिए भी निर्देशित किया। योग दिवस पर आयोजन स्थल पर नशा सेवन के प्रति जागरुकता लाए जाने के लिए भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नव युवकों को नशा मुक्ति के प्रति सजग किया जाए। ताकि उनमें नशे की लत न पड़ने पाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस राजेन्द्र सिंह को निर्देश दिया की सभी विद्यालयों में बच्चों को योग करने हेतु प्रेरित करते हुए वृहद स्तर पर योग कराया जाए। बैठक में सीडीओ अक्षत वर्मा, डीडीओ हरिश्चंद्र प्रजापति, डीपीआरओ मनोज कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी डाक्टर सुरेश कुमार सचान सहित अधिकारी व स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बताते चलें कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी उन्होने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसकी पहल की जिसके बाद 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव को पूर्ण बहुमत से पारित किया था। बता दें कि कुल 193 सदस्य देशो में से 177 सदस्य देशों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को रूप में मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## क्विक न्यूज

### तीन अवैध कालोनियों पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई



**बरेली।** प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा कुम्हरा रोड पर 3 जगह अवैध कालोनियों के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जिसमे पवन सक्सेना एवं हजरत द्वारा ग्राम खजुरिया जुल्फिकार कुम्हरा रोड पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए सड़क, विद्युत पोल, साईट ऑफिस एवं भूखंडों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था।दूसरा अतीक अहमद आदि द्वारा ग्राम खजुरिया जुल्फिकार कुम्हरा रोड पर लगभग 6500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माण/ विकास कार्य करते हुए सड़क, साईट ऑफिस एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था। तीसरा सुरेन्द्र सागर आदि द्वारा ग्राम खजुरिया जुल्फिकार कुम्हरा रोड पर लगभग 11 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए सड़क, नाली एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था। इन अवैध कालोनियों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुंसगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए प्राधिकरण के अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन टीम के द्वारा आज अवैध कालोनियों के विरूद्व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा जन सामान्य को सचेत किया जाता है कि किसी भी प्रकार की सम्पत्ति खरीदते समय विक्रेता से मानचित्र स्वीकृति सम्बन्धी अभिलेख मॉग कर यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा खरीदी जा रही सम्पत्ति नियमानुसार प्राधिकरण से स्वीकृत है। बरेली विकास क्षेत्र के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा अनाधिकृत निर्माणों अवैध कालोनियों आदि पर प्रभावी रूप से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### नेक्लेस न लाने पर लौटी बारात

**संडीला(हरदोई)।** बारात में दूल्हन के लिए सोने का नेक्लेस न लाने से मामला बिगड़ गया और अंततः कन्या ने निकाह से इनकार कर दिया जिससे बारात बैरंग लौट गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम हास बरौली निवासी एक व्यक्ति की पुत्री की बारात लखीमपुर खीरी से आई थी। बारात में लड़की पक्ष वालों ने बारातियों की काफी अवभगत की। निकाह से पूर्व जब वर पक्ष की ओर से लाए गए जेवर दूल्हन के घर भेजे गए तो उसमें पूर्व में तय किया गया नेक्लेस नहीं था। इसपर औरतों में विरोध के स्वर उठने शुरू हुए और धीरे धीरे यह मामला इतना बढ़ा की लड़की ने स्वंय निकाह से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया लेकिन मामला नहीं सुलझा और आखिरकार वर पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। दोनों पक्षों को थाने लाई लेकिन मामला बन नहीं सका और अंततः बारात बैरंग वापस लौट गई।

### बाल मजदूरी के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

**बरेली।** दुकान पर बच्चों से काम कराने वाले 3 दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। सुभाषनगर और बारादरी थाना क्षेत्र में बाल मजदूरी के विरुद्ध अभियान चलाने के बाद बचपन बचाओ आंदोलन की टीम ने कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया इलाके में अभियान चलाया। यहां ऑटो रिपेयरिंग और इलेक्ट्रिकल की तीन दुकानों पर काम करते हुए नौ नाबालिग बच्चे मिले। सभी दुकान मालिकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बच्चों को बार्न बेबी फोल्ड भेजा गया। अभियान के सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी ने कैंट थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बचपन बचाओ आंदोलन की टीम और मानव तस्करी विरोधी यूनिट की संयुक्त टीम ने कैंट के नकटिया पर अभियान चलाया। यहां ऑटो सर्विस पर काम करते हुए अमरिया का नाबालिग बच्चा मिला। उसने बताया कि मालिक नकटिया की चेतिया कॉलोनी निवासी रजी शेख है। टीम को रजा सर्विस सेंटर पर काम करते हुए तीन नाबालिग बच्चे मिले। उन्होंने बताया वह मोहनपुर, उमरिया और मोहनपुर के रहने वाले है। बच्चों ने मालिक का नाम ठिरिया निजावत खा निवासी लियाकत अली खा बताया। इसके अलावा अजहरी इलेक्ट्रिकल पर बिजली के पंखे बांधने का काम करते हुए पांच नाबालिग बच्चे मिले। मालिक का नाम नकटिया निवासी अब्दुल कादिर बताया। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिती की सदस्य राखी चौहान के समक्ष पेश किया गया। यहां से सभी बच्चों को बार्न बेबी फोल्ड भेजा गया। इस टीम में बचपन बचाओ आंदोलन के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर देशराज सिंह, सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी कृष्ण प्रताप शर्मा, सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी ललित कुमार यादव, सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी मनीष कुमार वर्मा मौजूद रहे, मानव तस्करी विरोधी यूनिट के प्रभारी निरीक्षक हरवीर सिंह, एसआई अशोक कुमार, योगेश्वर शर्मा, गरिमा जोशी, हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश, इंद्रपाल, विनोद कुमार और चाइल्ड लाइन की सदस्य रवि गंगवार मौजूद रहे।

### मंदिर में चोरी या शराब पीने को लेकर विवाद, होगी जांच

**बरेली।** अलीगंज प्रकरण में एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने सीओ आंवला को जांच करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि थाना प्रभारी ने मंदिर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया था। घटना के समय मौके पर पहुंचे दरोगा ने बताया था, कि तीन युवकों के बीच में शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें मारपीट हुई थी। ज्ञात हो कि अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव बचरा का रहने वाला फहीम पुत्र अकील को ग्रामीणों ने मंदिर में चोरी का आरोप लगाकर मारपीट के बाद पुलिस के हवाले किया था। इस मामले में अलीगंज थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने गांव के ही श्याम पाल पुत्र हेमराज की ओर से चोरी का मुकदमा दर्ज कर फहीम को जेल भेज दिया। जबकि घटना वाले दिन मौके पर पहुंचे दरोगा सूरजपाल ने बताया था कि गांव के ही तीन लोग मंदिर के पीछे शराब पी रहे थे। शराब पीने को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें दो दोस्तों ने मिलकर दूसरे समुदाय के एक दोस्त को जमकर पीट दिया था। जिसमें युवक को गंभीर चोटें आई थी। एसआई ने बताया था कि मंदिर में चोरी का मामला पूरी तरह से फर्जी है। दोनों युवकों ने खुद को बचाने के लिए ग्रामीणों को गुमराह किया है। इसी दो अलग-अलग थ्योरी की शिकायत पर एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने आंवला सीओ दीपशिखा को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी हैं।

### एनपीएस के विरोध में 27 जून को होगा प्रदर्शन

**बरेली।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल कार्यालय इज्जतनगर पर ज्वाइंट फोरम के तत्वाधान में संयोजक बसंत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में 27 जून को लखनऊ विधान सभा पर प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया। एन.ई रेलवे मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष और बरेली ज्वाइंट फोरम केंद्र एवं राज्य सरकारों के संयुक्त फोरम के तत्वाधान में दिनांक 27 जून को लखनऊ पहुंचकर न्यू पेंशन स्कीम का विरोध किया जाएगा। बैठक में लखनऊ पहुंचने की रणनीति तय की गई तथा यह भी निर्णय लिया गया कि जितने भी साथी होंगे वे अपने वाहन, ट्रेन, बस इत्यादि से लखनऊ पहुंचने का काम करेंगे। आज की इस बैठक में एन.ई रेलवे मजदूर यूनियन के इज्जतनगर मंडल के मंडल मंत्री कामरान अहमद, संयुक्त मण्डल मंत्री रोहित कुमार, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला शाखा बरेली के अध्यक्ष सुनील जैन, चेयरमैन संघर्ष समिति के अध्यक्ष अंचल अहेली, विमल कुमार वशिष्ठ / प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश, उमाकांत शर्मा/ मंडल अध्यक्ष, इंजीनियर विवेक शर्मा, तापस मिश्रा / प्रदेश अध्यक्ष बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, सर्वेश शर्मा/ प्रदेश अध्यक्ष अमीन संघ उत्तर प्रदेश, रविंद्र सिंह/सह संयोजक बरेली ज्वाइंट फोरम महासचिव उत्तर प्रदेश इंकम टैक्स कन्फेडरेशन, राधारमण मिश्रा/ कृषि विभाग बरेली, तेजपाल सिंह जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत राज कर्मचारी सफाई संघ, ब्रज भूषण, जितेंद्र इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मोदी के नेतृत्व में विदेशों में बढ़ा भारत का मान - अवनीश पटेल

- सभी वर्गों का हुआ समेकित विकास
- भाजपा नेताओं ने उपलब्धियां गिनाकर बनाया माहौल
- देश के इतिहास में पहली बार मिला मोदी जैसा पीएम

**संवाददाता।** सीतापुर

**मोदी** सरकार के 9 साल पूरे होने तक भाजपा इन दिनो सम्मेलनों के जरिए उपलब्धियों का बखान कर रही है। पार्टी के नेता विधान सभा क्षेत्रों में अलग-अलग सम्मेलनों के जरिए जनता के बीच जन कल्याणकारी योजनाओं को गिनाकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में दिनरात एक किए हुए है। इसी क्रम में मंगलवार को रेउसा ब्लाक परिसर में भारतीय जनता पार्टी का लाभार्थी सम्मेलन हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि स्नातक एमएलसी अवनीष पटेल ने मोदी सरकार के 9 साल में जो भी विकास कार्य हुए उनपर प्रकाश डाला। उन्होने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है, तो देश के भीतर गरीब वंचित किसान महिला सहित सभी वर्गों का समेकित विकास हुआ है। उन्होने कहा देश को ऐसा प्रधानमंत्री इतिहास में पहली बार मिला है। मुख्य अतिथि ने कहा की 2014 की तुलना में 2023 में देश के हर क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। सम्मेलन में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने भी भाजपा सरकार की योजनाओं का बखान किया। सम्मेलन में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान, रामेन्द्र तिवारी, संजय कुशवाहा, मनोज सिंह, सतनाम सिंह, लक्ष्मी मौर्य, ज्ञानेश शुक्ला, पीयूष कुशवाहा, संजीव मिश्र, रानी दीक्षित, कंचन बाजपेई सहित तमाम लाभार्थी क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सम्मेलन के बाद मुख्य अतिथि स्नातक एमएलसी अवनीश पटेल मीडिया से भी मुखातिब हुए।

# जन सुनवाई दिवस में 05 शिकायतें प्राप्त, एक का मौके पर निस्तारण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ -सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं - शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन सुनवाई दिवस में 05 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 01 शिकायत का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को जन सुनवाई दिवस में रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जनसुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया।

# बारात में लड़कियों के साथ जबरन डांस करने पर बवाल

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**एक** विवाह समारोह में डीजे पर डांस कर रही लड़कियों के साथ जबरन कई लड़कों के डांस करने पर बवाल हो गया। इस संबंध में आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरांय मारुफपुर में एक व्यक्ति की पुत्री की बारात आई थी और बारात के द्वाराचार का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान डीजे पर बज रहे गानों पर परिवार की कुछ लड़कियों ने डांस करना शुरू कर दिया तभी गांव के लगभग एक दर्जन लड़के वहां पहुंचे और लड़कियों के साथ डांस करना शुरू कर दिया। इसका दूसरे पृक्ष ने विरोध किया। जिससे बारात में हंगामा शुरू हो गया और बात इतनी बढ़ गई कि एक दर्जन से अधिक लोग लाठी डंडे लेकर बारात में पहुंच गए। जमकर मारपीट होने लगी। इस घटना में लड़की के पिता तथा अन्य परिवारजनों को काफी चोटें लगीं। इसी बीच तमाम लोग वहां पहुंचे और कन्या के पिता तथा अन्य परिजन को बचाया। ग्राम निवासी वीरेन्द्र पुत्र महावीर, शिवम पुत्र वीरेन्द्र, अमित पुत्र मदनलाल, लालजीत पुत्र हरीशचन्द्र, बउआ पुत्र हरीशचन्द्र, सुधीर पुत्र मंगू, सुभाष पुत्र हेमराज तथा विजय पुत्र महादीन के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गयी। प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गयी है। नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है और शीघ्र ही अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# आज दीवानी न्यायालय पहुंचकर करें रक्तदान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**रक्तदान** महादान के उद्देश्य को सार्थक करते हुए दीवानी न्यायालय में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल की ओर से किया गया है। इस कैंप में में अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील जिला पुरुष चिकित्सालय सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी द्वारा की गई है। जिला पुरुष चिकित्सालय सीएमएस डॉ आई के रामचंदानी ने बताया कि रक्तदान आम जनमानस को महादान के लिए प्रेरित करता है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान 4 से अधिक लोगों की जान बचाता है। ऐसे में आज जरूरत है कि लोग आगे बढ़कर रक्तदान करें। इसी के उद्देश को सार्थक करने के लिए दीवानी न्यायालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए जिला चिकित्सालय की ओर से सीनियर लैब टेक्नीशियन लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसमें सीनियर लैब टेक्नीशियन इंद्रजीत सिंहए एलटी अमन मल्होत्रा और राहुल गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि लोग अधिक से अधिक संख्या में दीवानी न्यायालय पहुंचकर रक्तदान करें। जिससे अधिक से अधिक लोगों की जिंदगी को बचाया जा सके। उन्होंने अपील की कि रक्तदान करने से किसी को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता। किसी भी तरह का शरीर को नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान करने से शरीर की तमाम बीमारियां समाप्त होती है। नया रक्त बनता है। जो हमारे शरीर को और अधिक स्फूर्ति और शक्ति प्रदान करता है।

## एआरसीएस बने अर्बन बैंक के प्रशासक, कार्यभार संभाला



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रमोद कुमार शुक्ला ने लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लि0 प्रधान कार्यालय में प्रशासक का कार्यभार संभाला। बताते चलें कि अंतरिम प्रबंध कमेटी द्वारा लखीमपुर अर्बन कोआपरेटिव बैंक लि0 उप्र में योगदान करने के उपरांत मंगलवार को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रमोद कुमार शुक्ला को लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लि0 की अंतरिम प्रबंध कमेटी का अध्यक्ष नामित किया। इस दौरान बैंक चेयरमैन कार्यालय में प्रशासक ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर बैंक की वित्तीय स्थिति जमा व अन्य योजनाओं पर चर्चा की। लखीमपुर अर्बन कोआपरेटिव बैंक लि0 की अध्यक्ष पुष्पा सिंह के कार्यकाल समाप्त होने के बाद सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रमोद कुमार शुक्ला ने प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाला।

# नगर निगम की टीम वकीलों के चेंबर गिराने पहुँची,हुई नोकझोक

**संवाददाता।** बरेली



**थाना** कोतवाली क्षेत्र के जनपद न्यायलय से कुछ दूरी पर ऑफिसर्स होस्टल के पास बकिलो के चेम्बर बने है। मंगलवार की सुबह को लगभग 9 बजकर 30 मिनट पर नगर निगम पहुची बताया आईजीआरएस की शिकायत का निस्तारण करने पहुंची नगर निगम की टीम से अधिवक्ताओं की नोकझोंक हुई । हालांकि नगर निगम की टीम ने कुछ निर्माणाधीन चेंबर को जेसीबी से गिरा दिया। लेकिन एक पक्के चेंबर के अंदर अधिवक्ता के सोने की वजह से नगर निगम की टीम ने साथी अधिवक्ताओं के कहने पर 1 दिन का समय देते हुए अपने आप अतिक्रमण हटवाने की बात कहीं। कचहरी रोड पर अधिवक्ताओं द्वारा अवैध चेंबर बनाने की शिकायत पर अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी श्वेता यादव नगर निगम की टीम पुलिस फोर्स को साथ लेकर अतिक्रमण हटवाने पहुंची, उन्होंने निर्माणधीन चेंबर को गिरा दिया। टीम को देखते ही एक अधिवक्ता ने अपना चेंबर अंदर से बंद कर लिया। आवाजें देने के बावजूद भी उन्होंने गेट नहीं खोला। इसको देखते हुए अपर नगर आयुक्त ने साथी अधिवक्ताओं से वार्ता कर इसको हटाने का समय देते हुए वापस लौट गए। नगर निगम की टीम ने कोहडापीर क्षेत्र में भी अतिक्रमण अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान परिवर्तन दल की टीम भी साथ में रही। और नए निर्माण नही करने की चेतावनी दे गए। पुराना जैसा चेम्बर था उसी तरह रहेगा।

## सार्वजनिक सुरक्षा पर खर्च किए जाएंगे 6 करोड़

**सीतापुर।** शहर की खूबसूरती में अब चार चांद लगेगें,शहर को सवांरने के लिए 1.16 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन रुपयों से शहर में जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, पार्कों का सौंदर्यीकरण, सड़को का निर्माण और मरम्मत सहित अन्य विकास कार्य कराये जाएंगे। मंगलवार को नपाप सीतापुर बोर्ड की बजट बैठक चेयरमैन नेहा अवस्थी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 1.16 करोड़ का बजट पास हुआ और अनुमानित आय को प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न मदों से होने वाली आय की जानकारी देते हुए लेखाकार ने बताया कि कर एंव दरों से 11 करोड़, करीब 6.4 करोड़ करेत्तर आय, 71 करोड़ शासकीय अनुदान राज्य वित्त आयोग, आदि को लेकर प्रस्तुत की गई। बताया कि सार्वजनिक सुरक्षा पर 6 करोड़, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं पर 44.5 करोड़ खर्च किए जाएंगे। बैठक में रामशरण, राबिया खातून, रिजवान, आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपाइयों की टिफिन बैठक

● बैठकों के द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं में भाईचारा बढ़ाने का प्रयास



संवाददाता। चित्रकूट

**भाजपा** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल पूरे होने पर महासम्पर्क अभियान के तहत टिफिन बैठक भजन संध्या रैन बसेरा सीतापुर में की। मंगलवार को हुई बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि ऐसी बैठकों से कार्यकर्ताओं में भाईचारा बढ़ता है। केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश अनुसार पीएम मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर टिफिन बैठक में नौ वर्षों में भारत ने विकास में दिन- प्रतिदिन तरक्की की है। मोदी ने जनकल्याण की योजनाएं चलाई हैं, जो आमजनता के हित में है। बैठकर भोजन करने से आपसी मतभेद दूर होते हैं। समय-समय पर इस ढंग के आयोजन परिवार और पार्टी में होते रहने चाहिए। कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से भोजन लाये थे। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अनुभव और जोश से मिलकर मजबूत संगठन बनता है।

पूर्व सांसद भैरो मिश्रा ने कहा कि टिफिन बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। सबने साथ बैठकर टिफिन को आपस में समरसता के भाव से भोजन किया। पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर कीर्तिमानों को स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक रामबाबू गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

इससे पूर्व भाजपा नेताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारम्भ किया। इस मौके पर जिला महामंत्री राजेश जयसवाल, अश्वनी अवस्थी, बृजेश पांडे, दिनेश तिवारी, पंकज अग्रवाल, शिवशंकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अवैध संबंधों के शक में पति ने की पत्नी की गोली मारकर हत्या



संवाददाता। चित्रकूट

**भरतकूप** थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव के कलेक्ट्रेट के एक कर्मचारी ने अपनी पत्नी सुनीता (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। हत्या की ये घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में मंगलवार को हुई। बताया गया कि कलेक्ट्रेट के एक कर्मचारी उमेश पटेल के कई महिलाओं से अवैध संबंधों के शक को लेकर पत्नी सुनीता देवी से आये दिन विवाद होता था। आज भी पत्नी ने पति पर दूसरी महिलाओं से मिलने का आरोप लगाया तो वह तैस में आकर पत्नी सुनीता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर हत्या कर दी।

मृतका के भाई सुनील कुमार पटेल बताया कि उमेश के कई महिलाओं से अवैध संबंध थे। सुनीता की शादी को बीस वर्ष हो चुके हैं। पति के अवैध संबंधों के चलते आए दिन पत्नी से विवाद होता था। इसे लेकर मायके वाले समझा-बुझाकर ससुराल भेज देते थे। पति उमेश पटेल रिश्तेदारों से कहता था कि वह पत्नी की हत्या करके दूसरी शादी कर लेगा। इसके चलते उसने ये घटना अंजाम दिया है।

# किसानों को योजनाओं के लाभ के लिए लगाए गए कैंप

● पीएम किसान योजना के लाभ से वंचित किसानों को कैंप में मिलेगा लाभ



संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश सरकार प्रदेश द्वारा किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा निर्विवाद वरासत को पारदर्शिता के साथ गांव गांव में कैंप लगाकर निस्तारण करने के आदेश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी चित्रकूट के निर्देशन में उप जिलाधिकारी प्रमोद झा द्वारा तहसील परिसर में महा कैंप लगाकर निस्तारण कराया जा रहा है।

उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मनसा अनुरूप तहसीलदार संजय अग्रहरी की देखरेख में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का कैंप लगाया गया है तहसील क्षेत्र के जिस किसान को सम्मान निधि का लाभ ना मिल रहा हो वह कैंप में आकर सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ ले सकता है और यह महा अभियान 30 मई से 15 जून तक चलाया जाएगा उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार राजापुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम वासियों की उपस्थिति में कैंप लगाकर भौतिक रूप से खतोनियो को पढ़ते हुए मृतकों की जानकारी लेते हुए निर्विवाद बारासत की कार्यवाही की जाएगी।

## पत्रकार अखिलेश दीक्षित को मिला भागीरथ सम्मान से किया गया सम्मानित



**चित्रकूट।** लखनऊ में हुए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के चिंतन शिविर में जिले के युवा पत्रकार अखिलेश दीक्षित को भागीरथ सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रदेश की राजधानी में गांधी भवन प्रेक्षागृह में महासंघ की प्रांतीय कार्यसमिति के हुए समारोह से लौटे अखिलेश ने बताया कि इस दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने संगठन की मांगों को शासन से पूरा कराने का भरोसा दिया। डॉ शर्मा ने पत्रकारों के वाहनों को टोल प्लाजा पर निःशुल्क इंट्री, पत्रकार सम्मान निधि आदि मांगों को उचित ठहराया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई।

# संदिग्ध रूप से नवविवाहिता का शव फांसी पर लटकता मिला





**रसूलाबाद,** कानपुर देहात। शादी के मात्र छह दिनों बाद ही संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता का शव फांसी पर लटका मिलने पर हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

थाना क्षेत्र के तिश्ती गांव में नवविवाहिता का शव फंदे पर लटकता मिलने से हडकम्प मच गया, मामले की सूचना पुलिस को भेजी गयी मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जनपद की ही मूल निवासिनी रीना की शादी तिश्ती निवासी सूजर के साथ 7 जून को हुयी थी। ससुराल में विदा होकर आने के बाद सूरज नशे की हालत में अपने घर आने लगा जिससे कलह व वाद विवाद होन लगा। सोमवार की रात्रि भी दम्पत्ति में आपसी वाद-विवाद हुआ था मॅगलवार की सुबह रीना का शव घर से कुछ दूरी पर पेड से लटकता मिला, शव के पास ही मृतका का बैग और सामान पडा हुआ था। मृतका के मायकेजनों ने मौके पर जमकर हंगामा किया तथा मात्र छह दिन में ही रीना की मौत पर ससुरालीजनों को कठघरे में खड़ा करना शुरू कर दिया। पुलिस भी आत्महत्या की थ्योरी को बल देती प्रतीत हो रही है, मामले सच तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

# चैयरमैन ने शिकायतें सुनकर मामलों का किया निस्तारण



**रूरा,** कानपुर देहात। नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने नगर पॅचायत कार्यालय में जनता दरबार लगा नागरिकों की समस्यायें सुनी। जनता दरबार में आयी कुल 11 शिकायतों में 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया, चैयरमैन रामजी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में कुल 11 शिकायतें आयी, जिनमें 3 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर डीसीसीसी के अर्न्तगत यूपी सरकार द्वाा संचालित टोलफ्री 9हेल्प लाइन पोर्टल 1533 के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नीलाव शाल्या, प्रशान्त ओमर, नगर पॅचायतकर्मी राजेश रावत, सैनूर अहमद, राजकिशोर वर्मा, याद कुमार यादव, आकाश कुशवाहा, रामशरण राजा गुप्ता, शिवम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आग लगने से दर्जन भर मकान स्वाहा

● जंगल में आग लगने की सूचना पर भी विलंब से पहुंची दमकल

● लेखपाल ने गांव जाकर आग से नुकसान का लिया जायजा



संवाददाता। उरई, जालौन

**मंगलवार** को कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम गोरा कलां के दर्जन भर ग्रामीणों के लिये फायर बिग्रेड की लापरवाही के चलते ऐसी मुसीबत लेकर आया कि जंगल में लगी ने उनके आशियानों को खाक में मिला दिया। आग से तबाह हुये दर्जन भर ग्रामीणों की नकदी, जेवरात, कपड़े, अनाज सहित अन्य कीमती सामान स्वाहा हो गया। बाद में तीन घंटे बाद जब अधिकारियों को जंगल में लगी आग गांव तक पहुंचने की सूचना मिली तब आनन फानन में उरई, जालौन व कालपी से दमकल गाड़ियों ने गांव पहुंचकर आग बुझाने में जुटी तब कहीं जाकर अन्य ग्रामीणों के आशियाने गांव की चपेट में आने से बच सके।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर में गोरा कलां से एक किलोमीटर दूर जंगल में आग लगी थी जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा फायरबिग्रेड को दी गयी लेकिन उन्होंने ग्रामीणों की सूचना को गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद जंगल की आग गोरा कलां गांव तक जा पहुंची जिससे देवेंद्र पुत्र लल्लू का मकान आग से जलकर नष्ट हो गया साथ ही बेटे की शादी में दान दहेज में मिला सामान, 75 हजार की नकदी, जेवरात सहित कपड़े सहित सब कुछ जलकर खाक हो गया। इसीक्रम में सिंकू पुत्र देवेंद्र के मकान में आग लगने से जेवरा, नकदी सहित पूरा सामान जलकर खाक हो गया। प्रेमचंद्र पुत्र संतराम, जगदीश पुत्र संतराम, मुंशी पुत्र लल्लू, संजय पुत्र लल्लू, गोविंद पुत्र गयाप्रसाद, शक्तिकपूर के मकान में आग से भूसा, अनाज सहित अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गया।

गांव में आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल पहुंचा और अग्निपीड़ितों के नुकसान की सर्वे रिपोर्ट बनाने में जुट गया था। समाचार लिखे जाने तक जहां गोरा कलां के जंगल में आग धधक रही थी।

## क्विक न्यूज

### अघोषित बिजली कटौती से लोगों का जीना हुआ मुहाल

**फर्रुखाबाद।** जहां एक ओर योगी सरकार के मंत्री व जनप्रतिनिधि मोदी जी के नौ वर्ष के कार्यकाल के जश्न मना रहे है, वहीं फर्रुखाबाद नगर की बिजली की अघोषित बिजली कटौती से इस भीषण गर्मी में आम जनमानस का जीना मुहाल हो गया है। बिजली अधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी उनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। नगर के सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी अभी हाल में ही कश्मीर में अपनी पत्नी के साथ कश्मीर की वादियों का आनंद ले कर आए हैं। फर्रुखाबाद नगर का दुर्भाग्य है कि यहां परनगर में चार -चार जनप्रतिनिधियों का निवास स्थान होने पर भी बिजली कटौती से आम जनमानस का बुरा हाल है। फर्रुखाबाद के जनप्रतिनिधियों का जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है वह अपने निजी कार्यो में व्यस्त हैं। नगरवासी अघोषित बिजली कटौती का का अभिशाप का दंश नगर की जनता झेल रही है। भीषण गर्मी में नगर की जनता पीने के पानी के संकट से जूझ रही है।

### होमगार्डों को कचहरी परिसर में मिला विश्राम कक्ष



**उरई, जालौन।** काफी अर्से से कलेक्ट्रेट परिसर में विश्राम कक्ष बनाए जाने को लेकर प्रयासरत रहे होमगार्ड जवानों को आखिरकार जिला प्रशासन ने भवन का निर्माण कर आज मंगलवार को उन्हें विधिवत उद्घाटन के पश्चात सौंप दिया। विश्राम कक्ष बनने से होमगार्ड जवानों में खुशी की लहर देखी गई। गौरतलब हो कि होमगार्ड जवानों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में अब तक विश्राम कक्ष ना होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था उनकी इस दिक्कत को देखते हुए जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट स्थित कैंटीन के बगल में उनके विश्राम करने के लिए एक कक्ष का निर्माण करा कर आज मंगलवार को उस का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी चांदनी सिंह के कर कमलों से विधिवत फीता काटकर करा दिया गया।

### आत्महत्या दुष्प्रेषण के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** डेरापुर पुलिस ने आत्महत्या दुष्प्रेषण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आपको बताते चले कि बीते वर्ष 11 अगस्त को दयाशॅकर पुत्र बालकराम द्वारा अपनी पत्नी निशा देवी को आत्महत्या के लिये उकसाने के सम्बन्ध में आत्महत्या दुष्प्रेषण का मुकदमा दर्ज किया गया था। मॅगलवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी दयाशॅकर को रसधान डेरापुर रोड के उरसान तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह, का. एदल व टीकम सिंह की प्रमुख भूमिका रही।

### जिला सहकारी संघ के चुनाव में भी भाजपा का दबदबा

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा के नेतृत्व और उनके कार्यकाल में 12वां चुनाव भी जीत लिया। बता दें कि जिला सहकारी संघ के चुनाव में भाजपा ने पहली बार खाता खोला है और बड़ी जीत दर्ज किया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया की जिला सहकारी संघ के चुनाव में भी बड़ी सफलता मिली है। इसमें अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता सहित सहकारिता से जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है कि भाजपा ने इस चुनाव में भी फतह दर्ज किया। जिला सहकारी संघ स्थित कार्यालय में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर शीतला पांडेय तथा उपाध्यक्ष पद पर रामबाबू गुप्ता की ताजपोशी की गई।

# बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा- 2023, 15 जून 2023 को शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण नकल विहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने समस्त केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा- 2023 दिनांक 15 जून 2023 को परीक्षा हेतु प्रस्तावित केंद्र अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर, अकबरपुर इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुखरायां, रामस्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज पुखरायां, श्री कृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर में सम्पन्न करायी जाएगी । सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के रखरखाव आदि की व्यवस्था कराएं, यदि सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी है तो उसे पूर्ण कराएं,सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है। उक्त सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 2191 परीक्षार्थी शामिल होंगे, परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी प्रथम पाली प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 2 बजे से 5 बजे तक संपन्न होंगी। केंद्र व्यवस्थापक समय से विद्यालय में पहुंचकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएंगे।

## किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**फतेहपुर।** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस से शिकायत के बाद आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई। पिता पीड़िता को साथ लेकर एसपी की चौखट पर पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दस जून की शाम करीब पांच बजे उसकी 14 वर्षीय बेटी को पड़ोस का ही रहने वाला युवक इंद्रभान सिंह बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

# विधायक के अंगरक्षक की पिस्टल चुराने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पांच दिन पूर्व देर रात खागा विधायक कृष्णा पासवान के अंगरक्षक हेड कांस्टेबल के घर से चोरी हुई सरकारी रिवाल्वर को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं चोर को गिरफ्तार करते हुए एसपी ने घटना का खुलासा किया। एसपी के अनुसार चोरी गये तीस कारतूस भी बरामद कर लिये गये हैं। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस टीम ने चोरी का खुलासा किया है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र पासवान राधानगर थाना क्षेत्र के गंगानगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी ड्यूटी खागा विधायक कृष्णा पासवान के अंगरक्षक के रूप में लगाई गई है।

# पेज एक का शेष

## जैक डोर्सी...

नहीं होते। डोर्सी के इस दावे के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि वह लोकतंत्र को कमजोर कर रही है तथा विरोध के स्वर को कुचल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, भाजपा-आरएसएस के राजनीतिक वंशज, जिनके पूर्वज स्वतंत्रता के आंदोलन में हिन्दुस्तानियों के खिलाफ़ खड़े होकर अंग्रेजों के पक्ष में लड़े, वो ट्विटर के पूर्व सीईओ के बयान पर राष्ट्रवाद का ढोंग न रचें उ देश को शर्मिंदा करने में भाजपा अव्वल है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सरकार को पत्रकारों, मीडिया और सोशल मीडिया मंचों को डराना-धमकाना बंद करना चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डोर्सी के बयान को लेकर मंगलवार को कहा कि अगर किसानों के आंदोलन को विफल करने का प्रयास किया गया था, तो यह गलत है। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने दावा कि मोदी सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान न सिर्फ किसानों को डराया-धमकाया था, बल्कि वो भी किया जिसका दावा डोर्सी ने किया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम एचुरी ने कहा कि इस सरकार में पूरे इकोसिस्टम का पुरजोर तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है। उधर, भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने मंगलवार को ट्विटर के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सोशल मीडिया कंपनी ने 2020-2022 के बीच कानूनों का उल्लंघन किया था।

## मणिपुर शांति...

में मेइती समुदाय के 25, कुकी समुदाय के 11 और नागा समुदाय के 10 प्रतिनिधि शामिल हैं। राज्यपाल अनुसुइया उइके को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में तीन मुस्लिम और दो नेपाली समुदाय के सदस्य भी शामिल हैं। एक महीने पहले मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हुई जातीय हिंसा में कम से कम 100 लोगों की जान चली गई और 310 अन्य घायल हो गए थे। राज्य में शांति बहाल करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है।

## मोदी की...

अधिक लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने की प्रतिबद्धता, स्वच्छ ऊर्जा के अवसरों का लाभ उठाने तथा भ्रष्टाचार से निपटने- में जुड़ गया है। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक यात्रा से पहले यहां हैं, जो उन संबंधों को और मजबूत करेगी जिसे राष्ट्रपति बाइडन ने 21वीं सदी के अहम संबंध बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने कहा कि पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच व्यापार रिकॉर्ड 191 अरब डॉलर तक पहुंच गया और इसी के साथ अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। अमेरिकी कंपनियों ने उत्पादन से लेकर दूरसंचार तक भारत में कम से कम 54 अरब डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय कंपनियों ने सूचना प्रौद्योगिकी, दवाइयों तथा अन्य क्षेत्रों में 40 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है जिससे कैलिफोर्निया से जॉर्जिया तक 4,25,000 नौकरियों को बल मिला है। विदेश मंत्री ने कहा कि फरवरी में एअर इंडिया ने 200 से अधिक बोइंग विमानों की खरीद की घोषणा की जिससे 44 राज्यों में अनुमानित दस लाख से अधिक नौकरियों को बल मिलेगा। विदेश मंत्री ने कहा, कृत्रिम मेधा से क्वांटम कम्प्यूटिंग तक हम साथ मिलकर भविष्य के नवाचारों को और उन्हें संचालित करने वाले नियमों को आकार देने में मदद कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जनवरी माह में यूएसआईबीसी ने राउंडटेबल शुरू किया था जहां दोनों देशों की सरकारों ने महत्वपूर्ण एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकी पर एक नई पहल की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, हम अमेरिका और भारत में सरकारों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ा रहे हैं और उसका विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सौर विनिर्माण प्रतिष्ठान बनाने में मदद के वास्ते यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन ने एक प्रमुख अमेरिकी कंपनी को 50 करोड़ डालर दिए हैं। इस परियोजना से भारत में घरों, स्कूलों और व्यवसायों में लगभग तीन करोड़ बल्ब को ऊर्जा मिलेगी, भारतीयों और अमेरिकियों के लिए एक हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर इस महीने अमेरिकी की राजकीय यात्रा करेंगे। उनकी चार दिवसीय यात्रा 21 जून से शुरू होगी।

## परिवारवादी दलों...

पर भी निशाना साधते हुए कहा कि एक पूर्व रेल मंत्री पर नौकरियों के बदले गरीब किसानों की जमीन अपने नाम करवाने के लिए आपराधिक मामला चल रहा है। मोदी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पहले एक से डेढ़ साल लगते थे, लेकिन अब यह पारदर्शी रूप से कुछ महीनों में पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा, एक तरफ परिवारवादी पार्टियां हैं, भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियां हैं, देश के नौजवानों को लूटने वाली पार्टियां हैं... उनका रास्ता है रेट कार्ड ... जबकि हम युवाओं के भविष्य को सेफ गार्ड करने का काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि रेट कार्ड युवाओं के सपनों को चूर-चूर कर देते हैं जबकि केंद्र की वर्तमान सरकार उनके संकल्पों को साकार करने में लगी है। उन्होंने कहा, हम आपकी और आपके परिवार की सभी इच्छाओं और आकांक्षाओं को सेफ गार्ड करने में लगे हैं। अब देश तय करेगा देश के नौजवानों का भविष्य रेट कार्ड के भरोसे चलेगा कि सेफ गार्ड व्यवस्था के अंदर सुरक्षित तरीके से पनपेगा। केंद्र सरकार के रोजगार अभियान को पारदर्शिता और सुशासन का प्रमाण बताते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि परिवारवादी राजनीतिक दलों ने हर व्यवस्था में भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया और जब सरकारी नौकरी की बात आती थी तो वे भ्रष्टाचार ही करते थे। उन्होंने कहा, देश के करोड़ों लोगों के साथ इन पार्टियों ने विश्वासघात किया है। हमारी सरकार पारदर्शिता भी लाई है और हमने भाई-भतीजावाद को भी खत्म किया है। मोदी ने कहा कि रोजगार मेले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा, सरकारी नौकरी देने वाले प्रमुख संस्थानों- संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने पहले के मुकाबले ज्यादा युवाओं को नौकरी दी हैं। इन संस्थाओं का जोर परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने पर भी रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों ने लोगों को भाषा के नाम पर एक-दूसरे से भिड़ाने और देश को तोड़ने का काम किया लेकिन उनकी सरकार भाषा को लोगों को रोजगार देने का माध्यम बना रही है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी को अपना सपना पूरा करना हो तो कोई भी भाषा उसके सामने दीवार ना बने। भारत सरकार आज जिस तरह मातृभाषा में भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं पर जोर दे रही है उसका भी सर्वाधिक लाभ युवाओं को मिल रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा होने से युवाओं को आसानी से अपनी योग्यता साबित करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को लेकर जितना विश्वास और उसकी अर्थव्यवस्था पर जितना भरोसा आज है, वह पहले कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा, आज पूरी दुनिया हमारी विकास यात्रा में साथ चलने को तत्पर है। भारत को लेकर विश्वास और हमारी अर्थव्यवस्था पर इतना भरोसा पहले कभी नहीं रहा। तमाम कठिनाइयों के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। विश्व की बड़ी बड़ी कंपनियां उत्पादन के लिए भारत आ रही हैं। मोदी ने कहा कि वैश्विक मंदी, कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जा रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत एक दशक पहले की तुलना में ज्यादा स्थिर, ज्यादा सुरक्षित और ज्यादा मजबूत देश है। राजनीतिक भ्रष्टाचार, योजनाओं में गड़बड़ी और जनता-जनार्दन के धन का दुरूपयोग... पुरानी सरकारों में यही पहचान बन गई थी लेकिन आज भारत सरकार की पहचान स्थिर सरकार, उसके निर्णायक फैसलों से हो रही है। आज भारत सरकार की पहचान उसके आर्थिक और प्रगतिशील सामाजिक सुधारों से हो रही है।

## जदयू पर...

जाएगा। हालांकि, हम लोग महागठबंधन से बाहर नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने पिछले साल राजग छोड़ने और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी वफादारी के कारण महागठबंधन में शामिल होने का फैसला किया था, उस वक्त वह पार्टी के अध्यक्ष थे। सुमन ने कहा कि यह मुख्यमंत्री को तय करना है कि हमें महागठबंधन में रखा जाएगा या निष्कासित किया जाएगा। हम उसी के अनुसार निर्णय करेंगे। लेकिन, जद (यू) के प्रस्ताव को देखते हुए मुझे अपनी पार्टी को विलुप्त होने से बचाने का फैसला लेना पड़ा। इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया। ताजा घटनाक्रम पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जीतन राम मांझी के बेटे का इस्तीफा महागठबंधन में मौजूद खाई का सबूत है। महागठबंधन को लोगों ने खारिज कर दिया है और यह अगले साल लोकसभा चुनाव में स्पष्ट होगा और एक साल बाद विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार होगी। महागठबंधन के सबसे बड़े घटक दल राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि जीतन राम मांझी अपने दबाव की रणनीति और चालबाजी के लिए जाने जाते हैं। हालांकि हमारी सरकार इस फैसले से प्रभावित नहीं होगी, यह एक ऐसा कदम है जिसका उन्हें बाद में पछतावा होगा। सुमन जहां बिहार विधान परिषद की सदस्य हैं, वहीं बिहार विधानसभा में हम के मांझी समेत कुल चार विधायक हैं। प्रदेश के 243 सदस्यीय विधानसभा में सरकार के बने रहने के लिए 122 सदस्यों की आवश्यकता होती है। हम को छोड़ कर महागठबंधन के सदस्यों की संख्या अब भी 160 है। इसमें कांग्रेस और वामपंथी दल भी शामिल हैं। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि इस साल की शुरुआत में पूर्णिया में महागठबंधन की रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मांझी को गुमराह करने की भाजपा की कोशिशों के बारे में बात की थी। लगता है वह झांसे में आ गए हैं। जद (यू) द्वारा विलय के दबाव के दावों में दम नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर...

स्थानों पर ले जाया गया है और उनका अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में इलाज जारी है। भद्रवाह निवासी अजीम मलिक ने बताया कि भूकंप के झटकों से उसका मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मलिक ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह तेज भूकंप था और मेरे मकान में दरारें आ गई हैं। घबराए स्कूली छात्र भद्रवाह घाटी के खेतों में एकत्र हो गए और शिक्षकों को रो रहे छात्रों को तसल्ली देते और समझाते देखा गया। भूकंप के झटके डोडा से करीब 150 किलोमीटर दूर हिमाचल प्रदेश के चंबा में महसूस किए गए। शिमला निवासी नंदिनी ने कहा, भूकंप के कारण मेरे रसोईघर की चीजें हिल रही थीं। भूकंप पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया, लेकिन इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है।

## गुजरात ने...

ओर बढ़ने की आशंका है। इस वजह से 15-17 जून तक उत्तर गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश होगी। उन्होंने कहा कि समुद्र के अशांत होने और आने वाले चक्रवात के कारण क्षेत्र में अत्यधिक भारी वर्षा के मद्देनजर मछली पकड़ने संबंधी गतिविधियों को 16 जून तक निलंबित कर दिया गया है। मोहंती ने कहा, समुद्र 14 जून तक बहुत अशांत रहेगा, 15 जून को इसका स्तर और बढ़ जाएगा। पांडे ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि इस चक्रवात से कोई जनहानि न हो। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान दो चरणों में शुरू किया गया है और सबसे पहले समुद्र तट से पांच किलोमीटर तक की दूरी पर रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा। उन्होंने बताया कि इसके बाद तट से पांच से 10 किलोमीटर की दूरी पर रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाएगा और इस दौरान बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार ने कहा है कि प्रभावित जिलों देवभूमि द्वारका, राजकोट, जामनगर, जूनागढ़, पोरबंदर, गिर सोमनाथ, मोरबी और वलसाड में एनडीआरएफ की 17 और एसडीआरएफ की 12 टीम पूरी तरह तैयार हैं। पश्चिम रेलवे ने कहा कि उसने एहतियात के तौर पर अब तक 69 ट्रेन रद्द की हैं, 32 ट्रेन को गंतव्य से पहले रोक दिया है और 26 अन्य ट्रेन के कार्यक्रम में भी बदलाव किया गया है। इस बीच, भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने चक्रवात बिपारजॉय के असर से खराब मौसम के बीच रातभर चले अभियान के तहत द्वारका तट से 40 किलोमीटर दूर तेल निकालने के लिए समुद्र पर बनाए गए प्लेटफॉर्म (ऑयल रिग) से 50 कर्मचारियों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। आईसीजी ने एएलएच विमान तथा शूर पोत से आयल रिग की सिंगापुर से कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला। सेना ने बाढ़ राहत टुकड़ियों को रणनीतिक स्थानों पर तैयार रखा है। एक रक्षा विज्ञप्ति में कहा गया है, सेना के अधिकारियों ने नागरिक प्रशासन के साथ-साथ एनडीआरएफ के साथ संयुक्त रूप से राहत कार्यों की योजना बनाई है। इस संवाद ने आपदा प्रबंधन में शामिल सभी एजेंसियों को अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और एक दूसरे से लाभ प्राप्त करने के लिए एक मंच दिया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि तेज हवाओं और भारी बारिश के मद्देनजर हताहतों की संख्या कम से कम रहे, इसके लिए पड़ोसी राज्य राजस्थान से भी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

# जेलेंस्की के गृहनगर में रूसी मिसाइल का हमला, 11 की मौत

## कई मलबे में दबे, घायल

**भाषा।** कीव



**यूक्रेन के** क्रिवई रीह शहर में रिहाइशी इमारतों पर रूसी मिसाइल हमलों में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है जबकि कम से कम एक व्यक्ति के मलबे में दबे होने की आशंका है। यह जानकारी क्षेत्रीय अधिकारियों ने दी। क्रिवई रीह के मेयर ऑलेक्सांद्र विल्कुल ने कहा कि मृतक संख्या कम से कम 10 हो गई है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति अभी भी शायद मलबे में दबा हुआ है और 28 लोग घायल हुए हैं। दिप्रोपेत्रोव्स्क के गवर्नर सेरहिए लेसाक ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर लिखा कि पांच मंजिला रिहायशी इमारत पर क्रूज मिसाइल से हमला किया गया जिससे इमारत में आग लग गई। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में यूक्रेन पर रूस के हमले में रक्तपात की यह ताजा घटना है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं जिसमें दमकलकर्मी आग को बुझाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। जेलेंस्की ने लिखा , और मिसाइलें दागी गईं। रूसी हत्यारे रिहाइशी इमारतों, शहरों और आम लोगों के खिलाफ युद्ध जारी रखे हुए हैं। देश के जमीनी सैनिकों के कमांडर ने मंगलवार सुबह कहा कि यूक्रेनी सेना बखमुत के बाहर आगे बढ़ रही हैं। ऑलेक्सांद्र सिरस्की ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि रूसी सेनाएं अपना प्रभाव खो रही हैं। स्थानीय गवर्नर ओलेह साइनिहुबोव ने टेलीग्राम पर कहा कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से हमला किया गया और आसपास के इलाकों पर गोले दागे गए। उन्होंने बताया कि गोलाबारी में खारकीव के दक्षिणपूर्वी शहर शेव्चोन्कोव में दो नागरिक घायल हो गए। खारकीव के मेयर इहोर तेरेखोव ने मंगलवार को तड़के सूचना दी कि ड्रोन हमले में शहर के उत्तर पूर्व में स्थित एक गोदाम तथा एक व्यावसाई केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया। कीव सैन्य प्रशासन ने बताया कि राजधानी को मंगलवार को भी निशाना बनाया गया लेकिन आने वाली मिसाइलों को हवाई सुरक्षा से नष्ट कर दिया गया और वहां किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि हवाई रक्षा से रात के दौरान 14 क्रूज मिसाइल में से 10 को मार गिराया गया और रूसी सेना द्वारा छोड़े गए ईरान निर्मित चार शहीद ड्रोन में से एक को मार गिराया गया। इस बीच, यूक्रेन के सैनिकों के प्रमुख ने कहा कि देश की सेना दोनेत्स्क क्षेत्र के बखमुत शहर के बाहर आगे बढ़ रही है।ऑलेक्सांद्र सिरस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी सेना किनारों पर मोर्चे गंवा रही है, जबकि यूक्रेनी सैनिक क्षेत्र में 'रक्षात्मक' अभियान चला रहे हैं।हफ्तों से, यूक्रेन के अधिकारी बखमुत के पश्चिम में छोटी बढ़त की सूचना दे रहे हैं, जो पिछले महीने मॉस्को की सेना के नियंत्रण में आने से पहले युद्ध में तबाह हो गया था।जेलेंस्की के कार्यालय ने कहा कि दोनेत्स्क के यूक्रेनी कब्जे वाले क्षेत्रों में लगभग एक दर्जन सीमावर्ती कस्बों और गांवों में गोलाबारी बढ़ी, क्योंकि यूक्रेन के सैनिक आगे बढ़ रहे थे।साथ ही मंगलवार को, रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया जिसमें उसने दावा किया कि उसमें जर्मनी निर्मित लियोपार्ड 2 टैंक और अमेरिका निर्मित ब्रैडली लड़ाकू वाहन दिख रहा है जिसे यूक्रेन की सेना से नियंत्रण में लिया गया है। उप रक्षा मंत्री हन्ना मालियार ने सोमवार को टेलीग्राम पर लिखा कि बीते सप्ताह पूर्वी यूक्रेन में 90 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के सात गांवों पर यूक्रेनी बलों ने पुन: नियंत्रण स्थापित कर लिया है।

## हमले की स्थिति में रूसी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचाएगा बेलारूस: लुकाशेंको

**मॉस्को।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने मंगलवार को कहा कि यदि उनके देश पर हमला होता है तो वह बेलारूस में तैनात किए जाने वाले रूसी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने का आदेश देने से हिचकिचाएंगे नहीं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस साल की शुरुआत में मॉस्को के पड़ोसी एवं सहयोगी देश बेलारूस में कम दूरी की मारक क्षमता वाले परमाणु हथियारों को तैनात करने की योजना की घोषणा की थी और इस कदम को यूक्रेन को मदद मुहैया करा रहे पश्चिम को एक चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी बेलटीए के अनुसार, लुकाशेंको ने कहा, भगवान न करे कि मुझे इन हथियारों का इस्तेमाल करने का फैसला करना पड़े, लेकिन यदि हमला होता है तो हम हिचकिचाएंगे नहीं। रूस ने लुकाशेंको के बयान के बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लुकाशेंको ने कहा कि उन्होंने ही पुतिन से बेलारूस में रूसी परमाणु हथियार तैनात करने को कहा था। उन्होंने तर्क दिया कि यह कदम किसी संभावित हमले को रोकने के लिए आवश्यक है। लुकाशेंको ने कहा, मेरा मानना है कि कोई भी ऐसे देश से लड़ना नहीं चाहेगा, जिसके पास ए हथियार होंगे। पुतिन ने लुकाशेंको के साथ शुक्रवार की बैठक के दौरान कहा था कि परमाणु हथियारों के लिए सुविधाओं के निर्माण का काम सात-आठ जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा

## अभियोग के बावजूद कुछ लोगों का ट्रंप का समर्थन करना थोड़ी चौंकाने वाली बात: जिल बाइडन

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपने एकल प्रचार अभियान में सोमवार को कहा कि यह थोड़ी चौंकाने वाली बात है कि डोनाल्ड ट्रंप पर संघीय अभियोग के बावजूद बड़ी संख्या में रिपब्लिकन अब भी उनका समर्थन करने के बारे में सोच रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस विषय पर बोलने से बचने की कोशिश करते हैं, लेकिन जिल ने स्पष्ट शब्दों में अपनी बात रखी। जिल ने डेमोक्रेटिक पार्टी को चंदा देने वालों से कहा कि 2024 का चुनाव दो विकल्पों के बीच लड़ाई है, जिसमें एक ओर राष्ट्रपति जो बाइडन का मजबूत, स्थिर नेतृत्व है और दूसरी ओर एमएजीए रिपब्लिकन की अराजकता, भ्रष्टाचार, घृणा तथा विभाजन है। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) डोनाल्ड ट्रंप का लोकप्रिय नारा है। मैनहट्टन के अपर ईस्ट साइड के एक अपार्टमेंट में डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ लोगों को संबोधित करते हुए प्रथम महिला ने कहा कि विमान से उतरने के बाद वह एक हेडलाइन देखकर हैरान रह गईं, जिसमें एक सर्वेक्षण के हवाले से कहा गया था कि अधिकतर रिपब्लिकन ट्रंप को वोट देने की योजना बना रहे थे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गोपनीय दस्तावेज अपने आवास में रखने को लेकर दर्ज आपराधिक मामले में मंगलवार को अदालत में पेश होंगे। जिल ने कहा, उन्हें अभियोग से कोई लेना-देना नहीं है।



## पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले पूर्व-नियोजित : इमरान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि पिछले महीने उनकी गिरफ्तारी के बाद देश मे सैन्य प्रतिष्ठानो पर हमला उनकी पार्टी के खिलाफ पूरी सटीकता के साथ कार्वाई के लिए पूर्व नियोजित था। नेशनल असेबली द्वारा नौ मई की हिसा मे शामिल एक राजनीतिक दल के खिलाफ त्वरित कार्वाई की मांग वाले प्रस्ताव को पारित किए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को 70-वर्षीय खान ने सिलसिलेवार ट्वीट मे सत्तारूढ़ गठबंधन की आलोचना की।

## नेपाल के राष्ट्रपति फिर से अस्पताल में भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सीने मे दर्द की शिकायत के बाद मंगलवार को यहां एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, 78 वर्षीय पौडेल को पूर्वाह्न 11 बजे बांसबाड़ी स्थित शहीद गंगालाल नेशनल हार्ट सेंटर मे भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि हालांकि, उनकी स्वास्थ्य स्थिति सामान्य है।पौडेल के निजी चिकित्सक नीरज बाम ने कहा, राष्ट्रपति को कुछ भी गंभीर नही हुआ है। वह नियमित जांच के लिए अस्पताल गए है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक उन्हे बुधवार को छुट्टी दे दी जाएगी।

## न्यूयॉर्क की पहली महिला पुलिस आयुक्त ने इस्तीफा दिया

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर की पहली महिला पुलिस आयुक्त कीचेंड सेवेल ने 18 महीने तक पद पर रहने के बाद इस्तीफा दे दिया है। मेयर एरिक एडम्स द्वारा नियुक्त की गईं सेवेल ने सोमवार दोपहर ईमेल के जरिए विभाग को इस्तीफा भेजा। उन्होंने लिखा, यहां मेरा समय खत्म होने जा रहा है, लेकिन मै न्यूयॉर्क पुलिस विभाग की वकालत और समर्थन से पीछे नही हटूंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एडम्स ने एक बयान में इस कदम की पुष्टि की और दृढ नेतृत्व के लिए सेवेल का आभार व्यक्त किया।

## पाकिस्तान में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद सहित देश के कुछ हिस्सों में मंगलवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। पाकिस्तान मौसम विज्ञान (पीएमडी) के मुताबिक, भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार अपराह्न 1:04 बजे महसूस किए गए, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। पीएमडी ने कहा कि भूकंप का केंद्र पूर्वी कश्मीर था। लाहौर, इस्लामाबाद और पेशावर में भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों को अपने कार्यालयों और घरों से निकले पर मजबूर होना पड़ा। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई खबर नही है। पंजाब में भूकंप के झटके शकर गढ़, चिचावतनी, सियालकोट, मंडी बहाउद्दीन, रावलपिंडी, झेलम, हाफिजाबाद और जफरवाल में महसूस किए गए।

## पाकिस्तान के साथ संबंधों को बढ़ाने का इच्छुक है रूस: विदेश मंत्री लावरोव

**इस्लामाबाद।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि उनका देश पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधो को बढ़ाने का इच्छुक है। रूस से रियायती दरों पर तेल की पहली खेप लेकर एक पोत कराची बंदरगाह पहुंचा है और इसी बीच विदेश मंत्री का यह बयान आया है। समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपनी एक खबर मे कहा कि लावरोव का यह बयान दोनों देशो के बीच राजनयिक संबंधो के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आया है। लावरोव ने कहा कि रूस पाकिस्तान को सीमा पार अपराध तथा आतंकवाद सहित साझा सुरक्षा चुनौतियों तथा खतरों से निपटने के संयुक्त प्रयासों में अहम अंतरराष्ट्रीय साझेदार मानता है।

## ब्रिटेन में सरकार के कदमों पर सार्वजनिक जांच ने सुनवाई शुरू की

**लंदन।** ब्रिटेन मे कोविड-19 की तैयारियो और उससे निपटने के लिए सरकार के कदमों की सार्वजनिक जांच ने मंगलवार को लंदन में सुनवाई शुरू की। महामारी के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वाले कुछ शोक संतप्त परिवारों की करीबी नजर इस जांच पर है।तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने पिछले साल स्वतंत्र जांच का औपचारिक रूप से आदेश दिया था।

# 21वीं सदी में भारत से बेहतर साझेदार कोई नहीं है: अधिकारी

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत वैश्विक राजनीति के प्रत्एक पहलू में अहम भूमिका अदा करता है और इससे बेहतर कोई साझेदार हो ही नहीं सकता। बाइडन



प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी का यह बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधिकारिक यात्रा पर आमंत्रित करने के पीछे प्रशासन के कारणों को जानने का एक मौका देता है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और उनकी पत्नी तथा प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा पर अमेरिका जाने वाले हैं। वह 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। राष्ट्रपति बाइडन और उनकी पत्नी मोदी के सम्मान में 22 जून को रात्रिभोज देंगे। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक आधा दर्जन से अधिक बार अमेरिका की यात्राएं कर चुके मोदी (72) को अब पहली बार आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान अमेरिका के करीबी मित्र देशों को ही दिया जाता है। बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, राष्ट्रपति का मानना है कि दुनिया के किसी भी देश के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में भारत के साथ उसके संबंध काफी उन्नत है। मुझे भी लगता है कि वह इस बात को पूरी तरह से मानते हैं कि जब हम 21वीं सदी की ओर देखते हैं और अगर आपको इस चुनौतीपूर्ण वक्त में साझेदारी करनी है तो भारत से अच्छा साझेदार और कोई है ही नहीं...। मोदी तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं जिन्हें अमेरिका की ओर से राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मोदी तीसरे विदेशी नेता हैं जिन्हें राष्ट्रपति बाइडन ने आमंत्रित किया है।

## बाइडन परिवार 21 जून को मोदी के लिए आत्मीय रात्रिभोज आयोजित करेगा, 22 को राजकीय रात्रिभोज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का परिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए 21 जून को एक आत्मीय रात्रिभोज की मेजबानी करने की योजना बना रहा है और इसके एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय-व्हाइट हाउस मे राजकीय रात्रिभोज का आयोजन किया जाएगा। अमेरिका के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने यह जानकारी दी।जो बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने मोदी को एक आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है।इस हाई-प्रोफाइल यात्रा संबंधी योजना से अवगत एक अधिकारी ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान 22 जून को साउथ लॉन्स मे एक प्रभावशाली स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा और बाद मे रात को यही पर राजकीय रात्रिभोज का आयोजन होगा, जिसमे मनोरंजन का विशेष प्रबंध होगा। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, व्हाइट हाउस के लॉन मे बहुत महत्वपूर्ण स्वागत समारोह होगा। मुझे उम्मीद है कि एक रात पहले, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति बाइडन एवं बाइडन परिवार को एक साथ बैठकर कुछ देर आत्मीयता के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा। अभी यह नही बताया गया है कि इस रात्रिभोज का आयोजन कहां किया जाएगा। अमेरिका पहुंचने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय मे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम मे भाग लेंगे और इसके बाद वह वाशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। मोदी की यात्रा के दौरान 22 जून का दिन व्यस्त रहेगा और दिन के आखिर मे राजकीय भोज का आयोजन किया जाएगा।

## भारत का क्वाड में बेहतरीन सहयोग : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका की भारत के साथ महत्वपूर्ण रक्षा साझेदारी है और क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद समूह) मे बेहतरीन सहयोग है। व्हाइट हाउस मे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी यात्रा से पहले सोमवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन मे यह बात कही। उन्होने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी के यहां आने को लेकर उत्साहित है। एक सवाल के जवाब मे किर्बी ने कहा, जैसा कि आप जानते है, अमेरिका की भारत के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा साझेदारी है और क्वाड मे, हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे भारत के साथ बेहतरीन सहयोग है ... हम (मोदी की) यात्रा के लिए उत्सुक है।

## मोदी की यात्रा के लिए जबरदस्त उत्साह है: बाइडन के सहयोगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष सहयोगी ने कहा है कि अमेरिका और भारत के रणनीतिक संबंधो मे कई तत्वो को रेखांकित करने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। जो बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने मोदी को एक आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है और इस दौरान 22 जून को राजकीय रात्रिभोज का भी आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रपति के उप सहायक एवं हिंद-प्रशांत के लिए समन्वयक कर्ट कैंपबेल ने सोमवार को पीटीआई से एक साक्षात्कार मे कहा, आगामी यात्रा को लेकर जबरदस्त जोश एवं उत्साह है। अमेरिका और भारत के संबंधो के हितधारक हमारे रिश्तो की महत्ता का जश्न मनाने और द्विपक्षीय संबंधो को और मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के वास्ते, बड़ी संख्या मे वाशिंगटन आ रहे है।

# अमेरिकी सांसदों ने रूस का सहयोग करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा

**भाषा।** केपटाउन

**अमेरिकी सांसदों** के एक समूह ने जो बाइडन प्रशासन से रूस का कथित सहयोग करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कार्वाई करने को कहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स में मंगलवार को इस बारे में खबर प्रकाशित हुई है। सांसदों ने व्यापार पर एक महत्वपूर्ण बैठक को दक्षिण अफ्रीका से दूसरे देश स्थानांतरित करने के लिए भी कहा है। सांसदों ने कहा है कि रूस के लिए हथियारों समेत दक्षिण अफ्रीका की सहायता अफ्रीकी विकास और अवसर कानून (एजीओए) के तहत अमेरिका से व्यापार लाभ प्राप्त करने की पात्रता पर सवाल उठाती है। एजीओए अमेरिकी संसद द्वारा पारित कानून है जो उप-सहारा अफ्रीकी देशों को उनके निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार में कुछ शर्तों के साथ शुल्क-मुक्त पहुंच की अनुमति देता है। दक्षिण अफ्रीका सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक है। दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्लेसन मोनीला ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी सांसदों के पत्र का संज्ञान लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण अफ्रीका को एजीओए बैठक की मेजबानी के लिए अमेरिकी सरकार का समर्थन बरकरार है। एजीओए के माध्यम से अमेरिका को दक्षिण अफ्रीका का निर्यात पिछले साल 3 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

# नॉटिंघम में वाहन की टक्कर से तीन लोगों की मौत, तीन अन्य घायल




**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन के** नॉटिंघम शहर में मंगलवार तड़के एक वाहन की टक्कर से तीन लोगों की मौत और तीन अन्य के घायल हो जाने के बाद एक व्यक्ति को हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। नॉटिंघम पुलिस के चीफ कांस्टेबल केट मिनेल ने कहा, यह भयावह एवं त्रासद घटना है जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। दो व्यक्ति एक सड़क पर मृत पाए गए जबकि तीसरा व्यक्ति दूसरी सड़क पर मृत मिला। इस दुर्घटना में शामिल वाहन से एक अन्य स्थान पर तीन लोग घायल हो गए और उन तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल उनकी स्थिति के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शी लीन हैग्गिट सुबह करीब साढ़े पांच बजे उस समय अपने काम पर जा रही थी तब उसने एक सफेद गाड़ी को तेजी से अपने नजदीक से गुजरते देखा। उसने गाड़ी के शीशे में चालक का चेहरा देख लिया और उसे पीछे से पुलिस की एक गाड़ी आती हुई दिखी। ऐसे में सफेद गाड़ी के चालक ने गति और बढ़ा दी तथा एक पुरूष एवं एक महिला को टक्कर मार दी। हैग्गिट ने पत्रकारों से कहा, वह उनको टक्कर मारकर भाग गया और उसने पीछे मुड़ने की जरूरत नहीं समझी। टक्कर ऐसी थी कि महिला फुटपाथ पर जाकर गिरी जबकि पुरूष हवा में उछल गया। काश, मैं इसे नहीं देख पाती। मैं बुरी तरह हिल गई।

## न्यूयॉर्क में 36 लोगों को ले जा रही नाव पलटी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में सोमवार को एक गुफा की यात्रा के दौरान 36 लोगो को ले जा रही एक नाव पलट गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि पुलिस और दमकलकर्मियों को नियाग्रा जलप्रपात से लगभग 20 मील उत्तर-पूर्व मे लॉकपोर्ट केव टूर्स पर सुबह साढ़े ग्यारह बजे बुलाया गया। पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, बचावकर्मी सभी को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काम कर रहे हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, इस घटना के बारे में अभी विस्तृत जानकारी उपलब्ध नही है।

## सीरिया में हेलीकॉप्टर हादसे में अमेरिकी सेना के 22 जवान घायल

**बेरूत।** उत्तर पूर्व सीरिया मे सप्ताहांत मे एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना मे अमेरिकी सेना के 22 जवान घायल हो गए। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को एक बयान मे कहा कि घायल जवानो का इलाज चल रहा है। उसने कहा कि घटना के कारणो का पता लगाया जा रहा है।उसने कहा, उत्तर पूर्व सीरिया मे एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना मे अमेरिकी सेना के विभिन्न रैंक के 22 सदस्य घायल हो गए। सेना के मुताबिक, घटना रविवार को हुई ।

# गर्म हो रही है समुद्र तल पर ठंडे पानी की परत

**भाषा।** साउथैंप्टन-कैंब्रिज

**अंटार्कटिक** में हमारे नए शोध से पता चलता है कि समुद्र तल पर ठंडे पानी की महत्वपूर्ण परत, जो दुनिया को घुमाती है और ज्यादातर वायुमंडलीय गर्मी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सोखने की समुद्र की क्षमता को बनाए रखने में मदद करती है, अब गर्म हो रही है और सिकुड़ रही है।इनमें से अधिकांश मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो अंटार्कटिक बर्फ की परतों को पिघला रहा है और इस संचलन को नियंत्रित करने वाली जटिल प्रणाली को बाधित कर रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है, जहां तक पिछले 30 वर्षों का संबंध है, देखे गए परिवर्तनों के लिए एक प्राकृतिक चक्र आंशिक रूप से जिम्मेदार हो सकता है।औद्योगिक युग की शुरुआत के बाद से मानव द्वारा उत्पादित अतिरिक्त गर्मी का 90ञ से अधिक और अतिरिक्त कार्बन डाइआक्साइड का लगभग 30ञ समुद्र ने अवशोषित किया है। इसने पृथ्वी की सतह पर जहाँ हम रहते हैं,



जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को बहुत कम कर दिया है।वायुमंडल और महासागर के बीच गैसों और गर्मी का अधिकांश आदान-प्रदान दक्षिणी महासागर में अंटार्कटिका के आसपास पानी की जटिल ऊर्ध्वाधर गतिविधियों के माध्यम से होता है। इस ऊर्ध्वाधर गतिविधि के सबसे बड़े चालकों में से एक वह है, जिसे समुद्र विज्ञानी अंटार्कटिक तल का पानी कहते हैं।अंटार्कटिक समुद्र तट के आसपास, हिमांक बिंदु के पास समुद्री जल बहुत ठंडी हवा के संपर्क में आता है और समुद्री बर्फ में जम जाता है, यह नमक को बाहर निकालता है और ठंडे, नमकीन और घने पानी को छोड़ने के लिए मीठे पानी को सोख लेता है।इस

### जलवायु परिवर्तन में इसका भी है हाथ

घने पानी का अधिकांश भाग अंटार्कटिका के आसपास के कुछ ही स्थानों पर उत्पन्न होता है। इन जगहों पर, बर्फीले महाद्वीप से बहने वाली हवा लगातार नवगठित समुद्री बर्फ को आसपास की बर्फ की तहों से दूर धकेलती है ताकि खुले पानी के क्षेत्रों को बनाया जा सके, जिन्हें पोलिनेया कहते हैं।ए पोलिनेया आइस फैक्ट्रियां बड़ी मात्रा में ठंडे और खारे पानी का उत्पादन करती हैं जो अंटार्कटिका की महाद्वीपीय ढलान से समुद्र के तल की तरफ एक पनडुब्बी झरने की तरह बहता है। वहां पहुंचने पर, अंटार्कटिक तल का पानी, दुनिया का सबसे गहरा और सबसे घना जल द्रव्यमान और अपनी तरह का सबसे बड़ा जल भंडार दुनिया भर में फैल जाता है, जो सैकड़ों या हजारों वर्षों तक वातावरण से कार्बन का भंडारण करता है। जैसे ही अंटार्कटिक तल का पानी समुद्र तल के साथ उत्तर की ओर बढ़ता है, यह महान महासागर संचरण प्रणाली को चलाता है, ऐसी धाराएं जो समुद्र की घाटियों के आसपास गर्मी, कार्बन और पोषक तत्वों का पुनर्वितरण करती हैं और वैश्विक जलवायु को नियंत्रित करती हैं। हमारे नए शोध ने जहाजों और उपग्रहों के अवलोकनों का उपयोग यह जानने के लिए किया है कि वेडेल सागर, दक्षिणी महासागर के अटलांटिक क्षेत्र और इस जल द्रव्यमान के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक के निचले पानी की मात्रा में पिछले 30 वर्षों में 20ञ से अधिक की कमी आई है। यह गहरे वेडेल सागर के वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म होने का कारण बना। हमारे सबूत बताते हैं कि इस क्षेत्र में अपतटीय हवाओं का कमजोर होना पोलिनेया के सिकुड़ने और ठंडे, घने, नमकीन पानी को कम करने के लिए जिम्मेदार है, जो अंटार्कटिक तल के पानी को भरता है और वैश्विक महासागर कन्वेयर को चलाता है। यह जलवायु प्रणाली के लिए गहरे प्रभाव के साथ, गहरे पलटने वाले संचलन को धीमा कर सकता है।

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that my client, RITA SHARMA D/O SHRI SANWAL SINGH R/O HOSUE NO.212, MUNIRKA VILLAGE, NEW DELHI-110067, is the owner of FLAT NO.A-102, MUNIRKA CO-OPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD., PLOT NO.11, SECTOR-9, DWARKA, NEW DELHI, have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original ALLOTMENT LETTER and POSSESSION LETTER of the above said property have been lost or misplaced by our client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No. 545709/2023) dated 12.06.2023. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9650798761 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Group Housing) or Director (Group Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, SMT. KARUNA PATEL is the purchaser / Owner of Property bearing No.B-85, Kirti Nagar (WHS), New Delhi vide File No .F.9 (142)77/LSB/(I).I lost/misplaced Original Allotment Letter and Possession Letter of the above said property. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No. 547868/2023 dated.13/06/2023 any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No. 9716358109 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (INDUSTRIAL) or Asstt, Director (INDUSTRIAL), A-Block, First Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

To be known to all, TAHIR HASAN S/o LATE NIAZ HASAN KHAN R/o FLAT NO.175, GROUND FLOOR, SIDHARTHA ENCLAVE, NEW DELHI-110014 Mutatee/Owner of DDA SFS FLAT NO. 175, on GROUND FLOOR (alongwith Servant Quarter No.48), CAT-III, SIDHARTHA ENCLAVE, NEW DELHI-110014 have applied for certified copies & conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. Allocation Letter, Demand/Allotment Letter, NOC For Water and Electricity Connection, Site Possession Slip, Mutation Letter & Other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 547929/2023 dated 13/06/2023 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9415218142 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest,objection with respect to this property,can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-SFS or Director (H)-SFS, Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that my client, (1) SHRI VINIT LAL S/O SHRI J.M. LAL AND (2) MRS. NEETI LAL W/O SHRI VINIT LAL BOTH RESIDENTS OF FLAT NO.C-177, GROUND FLOOR, GOLF VIEW APARTMENTS, SAKET, MALVIYA NAGAR, NEW DELHI-110017, are the owners of DDA MIG FLAT NO.177, ON GROUND FLOOR, BLOCK-C, SITUATED AT SAKET, MALVIYA NAGAR, NEW DELHI-110017, VIDE DDA FILE NO.F.32(2)77/MIG, have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original ALLOTMENT LETTER, DDA POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION and SITE POSSESSION SLIP of the above said property have been lost or misplaced by our client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No. 547006/2023 dated 13.06.2023. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9810080559 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB Housing) MIG or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that Mrs. Ruchi Kapoor w/o Mr. Gaurav Kapoor who is owner of the Ground Floor without roof/terrace rights of Property Bearing No. 3/52, area measuring 100 sq. yds., situated at Ramesh Nagar, New Delhi-110015vide Sale deed dated 10.06.2021 (Document No. 4860)purchased from Mr. Pritpal Singh s/o Late Mr. Sujan Singh and same to be finance & mortgage by Aditya Birla Housing Finance Ltd. That the Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Sujan Singh is Lost/Misplaced/Not available.To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301, Contact # 0120-4269379

PUBLIC NOTICE

My client Arjun Kumar Sehgal S/o Late Hans Raj Sehgal, R/o A-12, Defence Colony, New Delhi-110024 do hereby notify for public at large that he is executing the Will Dated 16.11.2016 of her daughter Late Ashima Sehgal after her death, who expired on 19.02.2021 and as per her will deed made on dated 16.11.2016 in favour of my client. Any person/s have objection/claim (s), interest for the proposed Will Deed Registration of aforesaid Ashima Sehgal may contact the undersigned within 2 days from the publication of the notice, falling which the claim of any such person will be considered to have been waived and/or abandoned and the Will Deed shall be Registered and implemented with immediate effect.

AMIT ANAND (ADVOCATE),
102, G.K. House, Plot No. 187/A, Sant Nagar, New Delhi-110065 M.No. 9958068885

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1)ASHOK LEYLAND LIMITED-AI181 REG. NO.HR55AM3600-YOM 2022
2) TATA ACE REG. NO. DL1LAE5457-YOM-2021
3) TATA ACE REG.NO. DL1LAH3704-YOM-2022
4) EICHER REG.NO. HR55AN4536-YOM-2022
5) TATA 1512 REG.NO. DL1GE0578-YOM-2022
6)TATA MOTORS LTD.-CB_LPT_1512 REG. NO.HR38AE5655-YOM-2022
7)TATA MOTORS LTD.-CB_LPT_1512 REG. NO.HR38AE5793-YOM-2022
8) TATA MOTOR LPT 1512 REG. NO.UP16HT5739-YOM-2021
9) TATA LP 1512 REG. NO.HR38AB4527-YOM-2020
10) ASHOK LEYLAND LIMITED - CB_AL1214 REG. NO. UP80ET4648-YOM -2019
11) ASHOK LEYLAND LIMITED- CB_AL 1618 FULLY BUILT CONTAINER REG. NO. HR38Y5141-YOM -2018
12) TATA ACE REG. NO.DL1LAF8956-YOM-2021

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 7798988481
EMAIL–abhinav.lal@kotak.com

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed that I Shreyasi Shrivastava D/o Late Deepika Shrivastava G/o Late Mithlesh Saxena R/o L-27/F Sheikh Sarai Phase-2 New Delhi-110017 the owner of LIG Flat No. L-27/F Second floor and i have Lost/Misplaced the original allotment cum demand letter, possession letter, NOC, water connection and site possession slip in respect of the above said flat and i have Lodged an FIR/NCR Vide LR No. 478355/2023 dated 24/5/2023 with police station crime branch delhi. if anybody finds the said documents inform me at above said address. if any other claimant has any right in the aforesaid property. he should file an FIR and give Intimation to Dy/Asst. Director LIG(Lab Housing) DDA Vikas Sadan INA New Delhi within 15 Days from the date of issue of this notice.

Thanks,

PUBLIC NOTICE

It is hereby brought to the notice of public at large that the following original documents of property being all that land in Survey no. 91/13 (Part), situated at Gachibowli village, Serlingampalli Mandal, Rangareddy Distt., have been lost and not in possession of Present owner i.e. (1) Original Provisional Allotment letter dated 18.03.2017, (2) Original Final Allotment letter dated 13.04.2017, (3) Original Possession Certificate dated 15.09.2017, (4) Original letter dated 04.10.2017, the said documents are in the name of Bhagwati Products Ltd. The owner has lodged online police complaint vide L.R. No.-473286/2023 dated 23.05.2023 as well as publishing this notice in this regard. Any person (other than owner), who comes in knowledge or possession of aforementioned Original documents, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the deed and / or the aforesaid Property and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid property on the basis of aforementioned Original documents or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim within 15 days from date of publication of this Notice.

Sushil Kumar Singh (Advocate)
F-10, LGF, Jangpura Ext., New Delhi-110014

# लोगों को गुमराह कर रही कांग्रेसः राजनाथ

**● रक्षा मंत्री ने नाम लिए बिना प्रियंका वाड्रा को मौसमी हिंदू बताया**

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** में नर्मदा नदी की पूजा करने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा को उनका नाम लिए बिना मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें मौसमी हिंदू करार दिया। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है, जिन्हें हकीकत समझनी चाहिए। उन्होंने कहा, अब कुछ लोग मौसमी हिंदू बन गए हैं। सिंह ने कहा, अब किसी कार्यक्रम से पहले नर्मदा जी की पूजा की जा रही है। आपको नर्मदा जी का स्मरण पहले क्यों नहीं आया। अब क्यों किया जा रहा है, नर्मदा जी का स्मरण। नर्मदा जी को बचाने का काम अगर किसी ने किया है तो वो आपके लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे हनुमान की गदा लेकर जनसभा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले राम व हनुमान का नाम लेते ही लगता था कि इनके ऊपर पहाड़ टूट पड़ा है। आंख बचाकर राम व हनुमान का नाम लेते थे। क्यों ऐसा होता था। यह वही कांग्रेस है जिसने अयोध्या में राम मंदिर बनाने का संकल्प लेने का विरोध किया था। हमें चार सरकारें कुर्बान करनी पड़ीं.... अब ए हनुमान की गदा लेकर जनता को गुमराह करने आए हैं लेकिन आप हकीकत समझना।

प्रियंका गांधी ने सोमवार को प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जबलपुर में हिंदुओं द्वारा पवित्र मानी जाने वाली नर्मदा नदी में पूजा अर्चना कर प्रचार अभियान की शुरुआत की। उनकी जनसभा के स्थान पर कांग्रेस द्वारा भगवान हनुमान की गदा की प्रतिकृति भी स्थापित की गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा के वादे के अनुरूप अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है और जानकारी के मुताबिक अगले साल 22 जनवरी को रामलला वहां स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि जहां भगवान राम हैं वहां हनुमान की गदा मौजूद है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मप्र में पिछले विधानसभा चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। अब वे नए सिरे से पांच गारंटी का आश्वासन दे रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, उन्होंने (कांग्रेस) किसानों के कर्ज माफ करने की पहली गारंटी भी पूरी नहीं की। भारत दुनिया में ताकतवर हो गया है और कोई हमें चुनौती देने की हिम्मत नहीं कर सकता। नियंत्रण रेखा से पार 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान के आतंकवादियों ने भारत की धरती पर हमला किया था। हमले के बाद हमारे प्रधानमंत्री ने हमें फोन किया और 10 मिनट में फैसला किया। इसके बाद सेना के जवान पाकिस्तान की धरती पर गए और आतंकवादियों को खत्म करने में सफल रहे। सिंह ने कहा, हमने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। हमारे भीतर वह शक्ति है कि हम इस तरफ भी मार सकते हैं और जरूरत पड़ने पर दूसरी तरफ जाकर भी मार सकते हैं। भारत ने न तो दुनिया के किसी देश पर हमला किया है और न ही किसी देश की एक इंच जमीन पर कब्जा किया है, जो भारत के चरित्र को परिभाषित करता है।

सिंह ने कहा, भारत का यह चरित्र इसलिए है क्योंकि हम सीमा के दूसरी तरफ रहने वाले लोगों को भी वसुधैव कुटुम्बकम के तहत अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। हम किसी पर हमला नहीं करते हैं। हम किसी को छेड़ते नहीं लेकिन कोई हमें छेड़ेगा तो उसे छोड़ते भी नहीं हैं। इस अवसर पर, सिंह ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 70 लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में कुल 1,400 करोड़ रुपए तथा 2,000 रुपए प्रति किसान की राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उन्होंने वादा किया था कि राज्य सरकार उन किसानों के कृषि ऋण पर अर्जित ब्याज जमा करेगी, जिन्होंने ऋण नहीं चुकाया क्योंकि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उनके ऋण को माफ करने का वादा किया था। ऐसे किसानों को रक्षा मंत्री द्वारा ब्याज के रूप में 2,123 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। सिंह ने लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में फसल बीमा के 2,900 करोड़ रुपए भी हस्तांतरित किए।

# भारत की स्थाई सदस्यता के साथ सुरक्षा परिषद में विस्तार का समय आ गया : राजनाथ

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की मंगलवार को जोरदार पैरवी करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र के निकायों को और अधिक लोकतांत्रिक एवं हमारे समय की हकीकतों का द्योतक बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के 75 वें साल के अवसर पर यहां आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता नहीं मिलती है तो यह इस वैश्विक संगठन की नैतिक वैधता को कमजोर करेगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में मंच पर आसीन संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक शोम्बी शार्प की उपस्थिति में यह बात कही।

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा, शांतिसैनिकों के सामने नजर आ रही चुनौतियों का स्वरूप बदल रहा है, ऐसे में नवोन्मेषी पहल तथा जिम्मेदार देशों के बीच सहयोग में वृद्धि की जरूरत है। हमें प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी और संसाधनों में निवेश करना चाहिए ताकि हमारे शांतिसैनिक सुरक्षित एवं प्रभावी रहें। उन्होंने शांति अभियानों में महिलाओं की सार्थक भागीदारी की पैरवी करते इस बात पर बल दिया कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में मिशन के दौरान उनके विशेष योगदान को सराहा जाना चाहिए। पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन यूएन ट्रूस सुपरविजन ओर्गनाइजेशन 29 मई, 1948 में फलस्तीन में शुरु हुआ था। सिंह ने यह भी कहा, यदि हम अतीत का स्मरण करते हैं तो हमें भविष्य की ओर भी देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूरे संयुक्त राष्ट्र परिवेश पर नजर डालना महत्वपूर्ण है और यह देखने की जरूरत है कि उसमें सुधार लाने के लिए क्या किया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, एक सबसे अहम सुधार, जो हमारी बाट जोह रहा है, वह है निर्णय लेने वाले संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न निकायों , जिनमें सुरक्षा परिषद भी शामिल है, उन्हें दुनिया की लोकतांत्रिक वास्तविकताओं का और अधिक द्योतक बनाया जाए।



फिलहाल सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई सदस्य और 10 निर्वाचित अस्थाई सदस्य होते हैं। स्थाई सदस्य चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं जबकि अस्थाई सदस्य दो साल के लिए निर्वाचित होते हैं। भारत ने पिछले साल दिसंबर में इस परिषद में अस्थाई सदस्य के रूप में दो साल का अपना कार्यकाल पूरा किया था। केवल स्थाई सदस्य के पास ही किसी भी अहम प्रस्ताव पर वीटो करने की शक्ति है। सिंह ने कहा, यदि दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट नहीं मिलती है तो यह संयुक्त राष्ट्र की नैतिक वैधता को कमजोर करेगा। इसलिए अब समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र के निकायों को और लोकतांत्रिक और हमारे समय की वर्तमान हकीकतों का द्योतक बनाया जाए। बाद में रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत के पास संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में समृद्ध योगदान की विरासत है।

बयान में कहा गया है , समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार कर भारत को उसका स्थाई सदस्य बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने अप्रैल में कहा था कि यदि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को संयुक्त राष्ट्र की निर्णय लेने वाली संस्था सुरक्षा परिषद से बाहर रखा जा रहा है तो भारत द्वारा उसमें बड़ा सुधार करने की मांग करना बिल्कुल ठीक है। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए सालों से बढ़-चढ़कर मुहिम चला रहा है। उसका कहना है कि वह स्थाई सदस्यता का हकदार है। अपने संबोधन में सिंह ने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में काम चुके या काम कर रहे सभी भारतीयों के प्रति आभार प्रकट किया। जब लड़ाई होती है तो सीधे तौर पर उसमें शामिल पक्षों के लिए यह हानिकारक तो होता ही है, साथ ही, जो उसमें परोक्ष रूप से उससे जुड़े होते हैं , उनपर भी नकारात्मक असर होता है। हाल की रूस-यूक्रेन लड़ाई का ढेरों नकारात्मक असर हुआ। विभिन्न अफ्रीकी और एशियाई देशों में खाद्य संकट पैदा हो गया तथा दुनिया के सामने ऊर्जा संकट खड़ा हो गया।

# मप्र सरकार ने किसानों के लिए सहायता बढ़ाकर 6000 रुपए प्रति वर्ष की

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार को एक कल्याणकारी योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता को 4000 रुपए से बढ़ाकर 6000 रुपए प्रति वर्ष कर दिया है। यह राशि किसानों को केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सालाना 6000 रुपए के अतिरिक्त दी जाएगी। यह घोषणा मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत सहायता राशि को 4000 रुपए से बढ़ाकर 6000 रुपए सालाना करने की घोषणा की। प्रदेश सरकार द्वारा इसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बराबर किया, जिसके तहत छोटे और सीमांत किसानों को 6,000 (तीन समान किस्तों में) प्रति वर्ष मिलते हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना के लाभार्थियों की तरह, राज्य में किसानों को भी अब प्रति माह 1,000 रुपए मिलेंगे (मध्य प्रदेश



और केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत भुगतान की गई राशि को जोड़कर प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को राजगढ़ जिले में किसान कल्याण महाकुंभ (किसानों की विशाल जनसभा) को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री किसानों को (किसान सम्मान निधि के तहत) छह हजार रुपए सालाना दे रहे हैं इसलिए जब मैं चौथे कार्यकाल (मार्च 2020) के लिए मुख्यमंत्री बना तो मैंने भी किसानों को चार हजार रुपए देने का फैसला किया और कुल राशि बढ़ाकर दस हजार रुपए हो गई। उन्होंने मुख्य मंच से जुड़े रैंप पर कॉर्डलेस माइक के साथ चलते हुए अपने चिरपरिचित देहाती शैली में किसानों से कहा, लेकिन अब स्थिति बदल कई है क्योंकि महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए (लाड़ली बहना योजना के तहत) मिलेंगे इसलिए मैं आज घोषणा कर रहा हूं कि किसानों को भी एक हजार रुपए प्रति माह मिलेंगे- यानी प्रधानमंत्री से आपको 6,000 रुपए और आपके मामा (जैसा कि चौहान मप्र में लोकप्रिय हैं।) भी 6,000 रुपए देंगे जो कि 12,000 रुपए सालाना और 1,000 रुपए मासिक होता है। 12 जून तक उनकी सरकार की प्रमुख योजना लाडली बहना के तहत 75 लाख से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में एक-एक हजार रुपए की राशि जमा की गई है और अन्य 50 लाख लाभार्थियों को जल्द ही कवर किया जाएगा। इस योजना के तहत 23-60 वर्ष की आयु की महिलाएं कुछ शर्तों के साथ प्रति माह 1,000 रुपए प्राप्त करने की पात्र हैं, जिसमें वे आयकर दाता नहीं हैं और उनके परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए से कम है।

# पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, पंजाब ओबीसी को नौकरियों में आरक्षण से वंचित कर रहेः नड्डा

**शिमला।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल, राजस्थान, बिहार और पंजाब की सरकारें ओबीसी को नौकरियों में आरक्षण से वंचित कर रही है और उन्होंने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर मुसलमानों का पक्ष लेने का आरोप लगाया। बिलासपुर में संवाददाता सम्मेलन में नड्डा ने कहा कि ए गैर-भाजपा शासित राज्य ओबीसी के साथ भेदभाव कर रहे है क्योंकि उनकी कथनी और करनी में अंतर है। बिहार के संदर्भ में, नड्डा ने कहा कि वहां जाति जनगणना शुरू की गई लेकिन ओबीसी समुदायों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) का हवाला देते हुए भाजपा प्रमुख ने कहा, ओबीसी के हितैषी होने का दावा करने वाले पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान और पंजाब राज्य नौकरियों में आरक्षण के उनके अधिकार का हनन कर रहे है। नड्डा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य मे आरक्षण का लाभ पाने वाले 91.5 फीसदी लोग मुस्लिम है जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग इससे वंचित है। पश्चिम बंगाल में कुल 179 जातियों को ओबीसी सूची में शामिल किया गया है, जिनमें से 118 जातियां मुस्लिम समुदाय की है और बांग्लादेश से आए घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को ओबीसी प्रमाणपत्र देने का प्रयास किया जा रहा है। नड्डा ने दावा किया कि 2011 में, 108 ओबीसी जातियां थीं, जिनमें 53 मुस्लिम और 55 हिंदू जातियां शामिल थीं, 71 नई जातियों को जोड़ने के बाद, मुस्लिम ओबीसी जातियों की संख्या 118 हो गई। इसी तरह, पंजाब में ओबीसी के लिए कोटा 25 प्रतिशत है, केवल 12 प्रतिशत ओबीसी समुदायों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है, जबकि राजस्थान में सात जिलों को आदिवासी जिलों के रूप में घोषित किया गया है, जिसमें ओबीसी के लिए कोई आरक्षण नहीं है। नड्डा ने एनसीबीसी से आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

# महाराष्ट्र में सांप्रदायिक तनाव, छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने पिछले दो दिनों में कोल्हापुर और अहमदनगर समेत तीन जिलों में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भड़के सांप्रदायिक तनाव के सिलसिले में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान कोल्हापुर के 29 वर्षीय एक व्यक्ति के रूप में हुई है, जिसने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर भारत का राजा कैप्शन के साथ टीपू सुल्तान की तस्वीर का इस्तेमाल किया था, जिसके बाद दो समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया था। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह, 18 वीं सदी के मैसुरू के शासक टीपू सुल्तान और मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर किए गए कुछ सोशल मीडिया पोस्ट के कारण कोल्हापुर और अहमदनगर जिलों में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गई थी और कई जगहों पर हिंसा हुई थी। कोल्हापुर, अहमदनगर और नासिक जिलों में पिछले दो दिनों में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उनमें से एक को कोल्हापुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जिन छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उसमें अहमदनगर जिले का 22 वर्षीय एक युवक भी शामिल है। मालेगांव में दो समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने के आरोप में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के रहने वाले चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 295ए (किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण किया गया कृत्य) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। पिछले सप्ताह सांप्रदायिक तनाव के बाद पुलिस ने उन इलाकों में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी थी। वहीं, कोल्हापुर में 31 घंटे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं।

# पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर रसायन से भरे टैंकर में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

**पुणे।** पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को रसायन से भरे एक टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें आग लग गई और इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, वही तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की भीड़ लग गई, जिसे कुछ घंटों में हटा दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना लोनावाला और खंडाला के बीच घटी। दुर्घटना होने के बाद टैंकर में आग लगी और रसायन में विस्फोट होने से निकले अंगारे सड़क पर चल रहे वाहनों पर गिरने लगे। लोनावाला थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क पर चल रहे चार वाहन चालक इस घटना में घायल हो गए जिनमें से तीन की मौत हो गई। इसके अलावा टैंकर में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने दुर्घटना पर दुख जताया। दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए जिनका एक स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। मैं उनके कुशल होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस, राजमार्ग पुलिस, आईएनएस शिवाजी के कर्मी और दमकल कर्मी घटनास्थल पर तैनात है और आग पर काबू पा लिया गया है। राजमार्ग के एक तरफ से यातायात शुरू हो गया है। जल्द ही दूसरी तरफ का रास्ता खोल दिया जाएगा। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आग के कारण एक्सप्रेसवे पर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया और सड़क पर बिखरे मलबे को हटाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारी ने लगभग पौने चार बजे बताया, क्रेन की मदद से मलबा हटाया जा रहा है और सड़क पर वाहनों का आवागमन जल्द ही फिर से शुरू हो जाएगा।

## संभल में पटाखे के गोदाम में लगी आग, तीन लोगों की मौत

**संभल (उप्र)।** संभल जिले के गुन्नौर क्षेत्र मे मंगलवार रात पटाखे के गोदाम मे आग लगने से हुए विस्फोट मे तीन लोगो की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। डीएम मनीष बंसल ने बताया कि गुन्नौर कस्बे के सराय मोहल्ले मे रहने वाले साबिर नामक पटाखा व्यवसाई के गोदाम मे आज रात अचानक आग लग गई, जिससे विस्फोट हो गया। गुड्डो (40), अनम (25) और सुमैया (12) की मौत हो गई। इस घटना मे आठ अन्य लोग घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साबिर अली ने रिहायशी इलाके मे अवैध रूप से पटाखे रखे थे। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हज हाउस खोलने को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद मे बनाए गए हज हाउस को खोलने की मांग को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस की औरंगाबाद शहर इकाई के कम से कम 15-20 कार्यकर्ताओं को उस समय हिरासत मे ले लिया गया जब वे शहर के किला-ए-अर्क इलाके मे हज हाउस के दरवाज़े पर पहुंच गए। हज पर जाने वाले ज़ायरीन के लिए किला-ए-अर्क इलाके मे हज हाउस का निर्माण किया गया है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष शेख यूसुफ ने संवाददाताओ से कहा, हालांकि निर्माण पूरा हो गया है लेकिन हज हाउस बंद रहता है। इसका इस्तेमाल उस मकसद के लिए नही किया जा सकता जिसके लिए इसे बनाया गया है।

# अदालत ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को विदेश जाने की इजाजत दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को 25 जून से 17 जुलाई के बीच स्पेन और ब्रिटेन की यात्रा के लिए अनुमति दे दी है। कार्ति चिदंबरम एयरसेल-मैक्सिस और आईएनएक्स मीडिया घोटाला मामलों में आरोपी हैं। अदालत ने कार्ति चिदंबरम को एक करोड़ रुपए की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें विदेश में कोई भी बैंक खाता न तो खोलने और न ही बंद करने तथा संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन नहीं करने का भी निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश ने कार्ति की याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत ने उन्हें कई मौकों पर विदेश यात्रा की अनुमति दी थी। 12 जून के अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने संबंधित अदालत द्वारा लगाई गई किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है। कार्ति पी चिदंबरम के आवेदनों को मंजूर किया जाता है और उन्हें 25 जून से 17 जुलाई, 2023 के दौरान स्पेन एवं ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दी जाती है।



बिपरजाय चक्रवात के अलर्ट के बीच में मुंबई के बांद्रा समुद्र तट में ज्वार भाटा से बचने का प्रयास करता एक युवक

# शिवसेना के विज्ञापन में दावाः सीएम के रूप में फडणवीस की तुलना में शिंदे लोगों को पसंद

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने मंगलवार को एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए एक विज्ञापन प्रकाशित किया जिसमें शिंदे को मुख्यमंत्री पद के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता देवेंद्र फडणवीस की तुलना में अधिक लोगों की पसंद दर्शाया गया है। विभिन्न समाचार पत्रों में पूरे पन्ने का विज्ञापन जारी किया जिसका शीर्षक था, राष्ट्र में मोदी, महाराष्ट्र में शिंदे सरकार। वहीं मुख्यमंत्री शिंदे ने बाद में यह कहते हुए इसे अधिक तवज्जो नहीं देने का प्रयास किया कि वह और भाजपा नेता फडणवीस दोनों लोगों के मन में हैं और मिलकर काम कर रहे हैं।

कई अखबारों में छपे पूरे पृष्ठ के विज्ञापन में शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की तस्वीर नहीं थी, जिसके बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी को मोदी-शाह की शिवसेनौ करार दिया। इसमें शिवसेना का धनुष-बाण चिह्न और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शिंदे की तस्वीर थी, लेकिन फडणवीस की तस्वीर नहीं थी।

शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की प्रचार सामग्री में बाल ठाकरे की तस्वीर का न होना उसके पहले के रुख से एक बदलाव दिखाता है। पिछले साल जून में उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करके शिवसेना को तोड़ने वाले शिंदे ने हमेशा कहा है कि उनका गुट बाल ठाकरे की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। विज्ञापन में कहा गया है, मुख्यमंत्री पद के लिए हुए एक सर्वे के अनुसार महाराष्ट्र के 26.1 प्रतिशत लोग एकनाथ शिंदे को और 23.2 प्रतिशत लोग देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद पर देखना चाहते हैं। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र के 49.3 प्रतिशत लोग भाजपा और शिवसेना गठबंधन को पसंद करते हैं। विज्ञापन में प्रस्तुत आंकड़े और दावे जी टीवी-मेट्राइज सर्वेक्षण के हवाले से दिए गए हैं।

# तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी के परिसरों पर छापे

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत मंगलवार को तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां और इरोड के अलावा बालाजी के गृह जिले करूर में भी तलाशी ली गई। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि यहां सचिवालय में बालाजी के कार्यालय के कमरे में भी तलाशी ली गई। पांच साल में यह दूसरी बार है जब केंद्रीय जांच एजेंसी से जुड़े अधिकारियों ने सचिवालय के अंदर तलाशी ली। दिसंबर 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. जयललिता की मृत्यु के कुछ दिन बाद तत्कालीन मुख्य सचिव पी. राम मोहन राव के खिलाफ कार्वाई करते हुए आयकर अधिकारियों ने सचिवालय में तलाशी ली थी।

करूर जिले से ताल्लुक रखने वाले द्रमुक के कद्दावर नेता बालाजी ने कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि अधिकारी उनके परिसरों पर क्या खोजने आए हैं। उन्होंने जांच में पूरी तरह सहयोग का आश्वासन दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बालाजी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापेमारी को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को पिछले दरवाजे से डराने-धमकाने में लिप्त है। उन्होंने अपने सहकर्मी के खिलाफ जांच एजेंसी की कार्वाई की आलोचना की।

स्टालिन ने एक बयान में कहा, भाजपा जिन लोगों का राजनीतिक रूप से सामना नहीं कर सकती, उन्हें पिछले दरवाजे से डराने-धमकाने की उसकी राजनीति सफल नहीं होगी। वह समय नजदीक आ रहा है, जब वे खुद ही इसे महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि बालाजी ने जांच एजेंसी को पूर्ण सहयोग देने का वादा किया, लेकिन यह ज्ञात नहीं है कि सचिवालय में मंत्री के कमरे की तलाशी लेने की क्या जरूरत थी। द्रमुक ने ईडी की छापेमारी पर विरोध प्रकट किया और इसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच जारी बयानबाजी से ध्यान हटाने की कोशिश करार दिया।

द्रमुक के वरिष्ठ नेता और संगठन सचिव आर. एस. भारती ने कहा कि पार्टी ने अतीत में इस तरह के कई छापे देखे हैं लेकिन उसके नेताओं के खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पार्टी को बदनाम करने का प्रयास है। राज्य की राजधानी चेन्नई और करूर में बालाजी के परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। ईडी के अधिकारियों ने इनके अलावा इरोड जिले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टस्मक) के एक लॉरी ठेकेदार के घर पर भी तलाशी ली। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली यह संस्था तमिलनाडु में शराब का खुदरा कारोबार करती है। उच्चतम न्यायालय ने बालाजी के खिलाफ कथित नौकरी के बदले नकदी घोटाले में पुलिस और ईडी को जांच की अनुमति दे दी थी। वह राज्य का आबकारी विभाग भी संभालते हैं। बालाजी पहले अन्नाद्रमुक में थे और दिवंगत जयललिता की सरकार में परिवहन मंत्री थे। सूत्रों ने कहा कि ईडी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्वाई की।

# मुझे मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनना चाहिएः कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि उनके समेत कई दलित नेता सारी क्षमता होने के बावजूद अतीत में और अब मुख्यमंत्री बनने के लिए अवसरों से वंचित हैं। परमेश्वर ने प्रदेश अध्यक्ष रहते 2013 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत का श्रेय उन्हें नहीं दिए जाने का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा, हम लोगों (दलितों) को हीन भावना को छोड़ना होगा, यही कारण है कि मैं खुले तौर पर कहता हूं कि मैं मुख्यमंत्री बनूंगा। मुझे क्यों नहीं बनना चाहिए? के एच मुनियप्पा (दलित नेता और मंत्री) भी बनें, क्यों नहीं बनना चाहिए? उन्होंने कहा, मुनियप्पा या परमेश्वर या महादेवप्पा (मंत्री) या (पिछले अनुभवी नेताओं जैसे) बसवलिंगप्पा या एन राचैया या रंगनाथ की क्षमता में क्या कमी है।

परमेश्वर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि अवसरों से वंचित रखा गया। उन्होंने दलितों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकार के लिए आवाज उठाएं और अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। परमेश्वर ने पूर्व में खुले तौर पर मुख्यमंत्री पद को लेकर अपनी महत्वाकांक्षा व्यक्त की थी। पिछले महीने चुनाव परिणामों के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस द्वारा सिद्धरमैया को चुने जाने पर, उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को चेताया था यदि किसी दलित को उपमुख्यमंत्री पद नहीं दिया जाता है, तो प्रतिकूल प्रतिक्रिया होगी और यह पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर देगी।

दलित नेता परमेश्वर (71) एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली जनता दल (सेक्युलर)-कांग्रेस गठबंधन सरकार के दौरान उपमुख्यमंत्री थे। वह सबसे लंबे समय तक कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख (आठ वर्ष) भी रहे। परमेश्वर ने कहा कि जब वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे, कांग्रेस नौ साल के अंतराल के बाद 2013 में सत्ता में आई थी, लेकिन किसी ने उन्हें जीत का श्रेय नहीं दिया। उन्होंने सिद्धरमैया या डीके शिवकुमार का नाम लिए बिना कहा, किसी ने इस बारे में बात नहीं की। मैंने भी इस बारे में नहीं बोला। इसके विपरीत, आज लोग अपने नेतृत्व में (2023 में) पार्टी के सत्ता में आने का श्रेय लेते हैं और नेता दावा करते हैं।

परमेश्वर ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस कुछ समुदायों की उपेक्षा करने के कारण 2018 का चुनाव हार गई। उन्होंने किसी समुदाय का नाम नहीं लिया, लेकिन वह दलित समुदाय को इंगित करते दिखे। परमेश्वर ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी नेतृत्व ने उन्हें आंबेडकर जयंती मनाने की जिम्मेदारी दी थी, जबकि के एच मुनियप्पा को बाबू जगजीवन राम के जन्मदिन समारोह को मनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। गृह मंत्री ने कहा कि दोनों ने चर्चा की और इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया, क्योंकि यह दलित समुदाय के खिलाफ फूट डालो और राज करो वाली बात थी।

# भाजपा ने शिवकुमार, कर्नाटक के अधिकारियों की बैठक में सुरजेवाला की उपस्थिति पर सवाल उठाया

**बेंगलुरु।** भाजपा ने मंगलवार को एक निजी होटल में कर्नाटक सरकार और बीबीएमपी के अधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी पर सवाल उठाया। भाजपा ने अपने ट्विटर हैंडल पर बैठक की एक तस्वीर साझा की, जिसमें सुरजेवाला शिवकुमार के बगल में बैठे दिख रहे हैं, जहां कर्नाटक सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश सिंह, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिके (बीबीएमपी) के मुख्य आयुक्त तुषार गिरि नाथ और अन्य सरकारी अधिकारी मौजूद थे।

तस्वीर में दिख रहा है कि ऊर्जा मंत्री के जे जॉर्ज, आवास मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान, शिवाजी नगर के विधायक रिजवान अरशद भी वहां मौजूद थे। भाजपा की कर्नाटक इकाई के मुताबिक, बैठक एक निजी पांच सितारा होटल में हुई। भाजपा के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, एटीएम सरकार का राज क्या है? एटीएम सरकार की शांगरी-ला होटल, बेंगलुरु में गुप्त बैठक हुई? कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला का बीबीएमपी के वरिष्ठ अधिकारियों से क्या लेना-देना, जिनका राज्य सरकार या बीबीएमपी से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है? ट्वीट में कहा गया, क्या यह 85 प्रतिशत डील फिक्सिंग की बैठक है? कृपया मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार जवाब दें। कांग्रेस की प्रदेश इकाई या सुरजेवाला की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

पायनियर
नई दिल्ली,बुधवार, 14 जून , 2023



# वेस्टइंडीज में रोहित को दिखाना होगा दम

● टीम की अगुआई करने की उम्मीद पर दौरे के बाद टेस्ट कप्तान बने रहना तय नही

भाषा। नई दिल्ली



**रोहित शर्मा** की टेस्ट कप्तानी को तुरंत कोई खतरा नहीं है लेकिन मुंबई के इस स्टार बल्लेबाज को अगर पारंपरिक प्रारूप में अपनी नेतृत्व क्षमता पर सवालिया निशान लगने से रोकना है तो वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना होगा। रोहित वेस्टइंडीज में दो टेस्ट की श्रृंखला में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे और संभवत: इसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ बैठकर पारंपरिक प्रारूप में अपने भविष्य पर चर्चा करेंगे।

भारतीय टीम में इस मामले की जानकारी रखने वालों की माने तो रोहित अगर 12 जुलाई से डोमीनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की श्रृंखला में कप्तानी से स्वयं हटने का फैसला नहीं करते हैं तो वह टीम की अगुआई करेंगे।रोहित हालांकि डोमीनिका या पोर्ट ऑफ स्पेन में होने वाले दूसरे टेस्ट (20 से 24 जुलाई) में अगर कोई बड़ी पारी नहीं खेलते हैं तो बीसीसीआई के आला अधिकारियों और राष्ट्रीय चयन समिति पर कड़ा फैसला करने का दबाव होगा।बीसीसीआई एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ए निराधार बातें हैं कि रोहित को कप्तानी से हटा दिया जाएगा। हां, क्या वह पूरे दो साल के डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) चक्र में बरकरार रहेगा, यह एक बड़ा सवाल है क्योंकि 2025 में तीसरा चक्र समाप्त होने पर वह लगभग 38 वर्ष का होगा। उन्होंने कहा, फिलहाल मेरा मानना है कि शिव सुंदर दास और उनके सहयोगियों को दो टेस्ट के बाद और उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए फैसला करना होगा।असल में बीसीसीआई अन्य खेल बोर्ड से बहुत अलग तरीके से काम करता है। भारतीय बोर्ड में शीर्ष अधिकारियों का मानना है कि जब आलोचना चरम पर पहुंच जाती है तो आप फैसले नहीं लेते। सूत्र ने कहा, वेस्टइंडीज दौरे के बाद दिसंबर के अंत तक कोई टेस्ट नहीं है जब टीम दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करेगी। इसलिए चयनकर्ताओं के पास विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने के लिए पर्याप्त समय है। तब तक पांचवां चयनकर्ता (नया अध्यक्ष) भी समिति में शामिल हो जाएगा और तब फैसला किया जा सकता है। जो लोग भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखते हैं वे जानते हैं कि जब विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला हारने के बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ी थी तो रोहित शुरू में पारंपरिक प्रारूप में कप्तान बनने के लिए बहुत उत्सुक नहीं थे क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि उनका शरीर साथ देगा या नहीं। सूत्र ने कहा, उस समय के दो शीर्ष अधिकारियों (पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह) को लोकेश राहुल के दक्षिण अफ्रीका में कप्तान के रूप में प्रभावित करने में विफल रहने के बाद उन्हें यह भूमिका निभाने के लिए राजी करना पड़ा। नागपुर के चुनौतीपूर्ण विकेट पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 120 रन के शानदार स्कोर को छोड़कर रोहित ने उस तरह की पारियां नहीं खेली हैं जैसी उनकी क्षमता के खिलाड़ी से उम्मीद की जाती है। रोहित के 2022 में टेस्ट कप्तानी संभालने के बाद से भारत ने 10 टेस्ट खेले जिसमें से तीन में वह नहीं खेले। उन्होंने इस दौरान सात टेस्ट में 390 रन बनाए और उनका औसत रहा। उन्होंने इस दौरान एक शतक जड़ा लेकिन इसके अलावा कोई अन्य स्कोर 50 रन से ऊपर नहीं था।इसी दौरान विराट कोहली ने सभी 10 टेस्ट खेले। उन्होंने 17 पारियों में 517 रन बनाए और अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 186 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा।चेतेश्वर पुजारा ने इस दौरान आठ टेस्ट की 14 पारियों में 482 रन बनाए जिसमें दो नाबाद पारियां भी शामिल रहीं। उनका औसत 40.12 रहा लेकिन उन्होंने 90 और 102 रन की दो पारियां बांग्लादेश की कमजोर टीम के खिलाफ खेली।

## उपमहाद्वीप में खेलने का अनुभव डब्ल्यूटीसी में काम आया : मैक्डोनाल्ड

**लंदन।** भारत के पिछले दौरे पर भले ही वे आखिरी किला फतेह नही कर सके हो लेकिन आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड का मानना है कि उपमहाद्वीप मे खेलने का फायदा उन्हें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल मे मिला। पिछले चक्र मे फाइनल मे प्रवेश से चूकी आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 209 रन से हराकर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीता। मैक्डोनाल्ड ने पत्रकारों से कहा , हमने उपमहाद्वीप में पाकिस्तान, श्रीलंका, भारत सभी से खेला। इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र पेचीदा था और उपमहाद्वीप मे मिली जीत से हमे फायदा हुआ। आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे।-0 से हराया। इसके बाद श्रीलंका मे श्रृंखला।-1 से ड्रॉ खेली। भारत के खिलाफ श्रृंखला भले ही।.0 से गंवा दी लेकिन इंदौर मे तीसरा टेस्ट नौ विकेट से जीता। मैक्डोनाल्ड ने कहा , आस्ट्रेलिया मे हम काफी मजबूत है और लोग हमसे आस्ट्रेलिया मे टेस्ट जीतने की अपेक्षा करते है लेकिन पाकिस्तान , श्रीलंका और फिर इंदौर मे टेस्ट जीतना हमारे लिए महत्वपूर्ण था। इससे हमने डब्ल्यूटीसी फाइनल मे जगह बनाई। अब फोक्स एशेज श्रृंखला पर है जिसमे वे इंग्लैड मे 22 साल से नही जीत पाने का कलंक धोने उतरेंगे। कोच ने कहा , अगले 24 घंटे मे हमारा फोक्स पहले एशेज टेस्ट पर रहेगा। हम डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने का जश्न मना चुके और अब पूरा ध्यान शुक्रवार से होने वाले पहले टेस्ट पर है।

## श्रेयंका के पांच विकेट से भारत ने हांगकांग को नौ विकेट से हराया

● महिला एमर्जिंग एशिया कप

भाषा। मांगकॉक (हांगकांग)

**उभरती** हुई ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल ने दो रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे भारत की अंडर-23 महिला टीम ने महिला एमर्जिंग एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग की अनुभवहीन टीम के खिलाफ नौ विकेट की आसान जीत के साथ की। पहली महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से प्रभावी प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रही 20 साल की श्रेयंका की ऑफ स्पिन गेंदबाजी के सामने हांगकांग की टीम 14 ओवर में सिर्फ 34 रन पर सिमट गई। हांगकांग की ओर से सलामी बल्लेबाज मारिको हिल ने 19 गेंद में 14 रन बनाए।अंडर-19 विश्व कप भारत की स्टार खिलाड़ी बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत कश्यप (दो रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर पार्शवी चोपड़ा (12 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में भारत ने जी त्रीशा की नाबाद 19 रन की पारी की बदौलत 5.2 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## खबरें स्टेडियम से

### कोरोउ एएफसी अंडर-17 एशिया कप में भारत के कप्तान

**खाओ याइ (थाईलैंड)।** प्रतिभाशाली मिडफील्डर कोरोउ सिंह को आगामी एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिए भारत का कप्तान बनाया गया। 16 वर्ष के सिंह ने सैफ अंडर 17 चैम्पियनशिप और एएफसी अंडर 17 एशियाई कप क्वालीफायर मे गोल किए। इसके अलावा स्पेन और जर्मनी मे दुनिया के शीर्ष क्लबो की जूनियर टीमों के खिलाफ टीम के अभ्यास मैचो मे भी उम्दा प्रदर्शन किया। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा , एएफसी अंडर 17 एशियाई कप जैसे बड़े टूर्नामेंट मे भारत की कप्तानी करना बड़ी जिम्मेदारी है। हमारा मानना है कि कोरोउ हर तरह से इसके काबिल है। भारतीय टीम इस समय थाईलैंड मे अभ्यास कर रही है और 14 जून को बैंकाक जाएगी। एएफसी अंडर 17 एशियाई कप मे उसे वियतनाम (17 जून), उजबेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से खेलना है।

### मीराबाई और बिंदियारानी का अमेरिका में अभ्यास का प्रस्ताव मंजूर

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना मे शामिल भारोत्तोलक मीराबाई चानू और बिंदियारानी देवी को एशियाई खेलो की तैयारी के लिए अमेरिका मे अभ्यास को मंजूरी दे दी। हाल ही मे मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक के दौरान यह मंजूरी दी गई। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई और राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता बिंदियारानी सेंट लुईस स्थित स्क्वाट यूनिवर्सिटी मे डॉक्टर आरोन होर्सचिग के साथ अभ्यास करेंगी। इनके साथ कोच विजय कुमार और फिजियो तसनीम जायद भी जाएंगे। इनके हवाई किराए, रहने और खाने, चिकित्सा बीमा, स्थानीय परिवहन, जिम और डॉक्टर का खर्च सरकार वहन करेगी।

### भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल वीएफआई की तदर्थ समिति के प्रमुख बने

**नई दिल्ली।** भारत के मौजूदा डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल को मंगलवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित चार सदस्यीय तदर्थ समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया जो भारतीय वॉलीबॉल महासंघ (वीएफआई) के चुनाव होने तक उसका दैनिक कामकाम देखेगी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ (एफआईवीबी), अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के साथ-साथ भारत के युवा मामलों और खेल मंत्रालय को भेजे पत्र में आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक सीईओ कल्याण चौबे रोहित राजपाल (कार्यकारी परिषद सदस्य, आईओए) की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति की नियुक्ति की पुष्टि करते है जिसके तीन सदस्य अलकनंदा अशोक (संयुक्त सचिव, आईओए), एस गोपीनाथ (आईपीएस सेवानिवृत्त और पूर्व खिलाड़ी) और स्टीफन बॉक (एफआईवीबी के विधि परामर्शदाता प्रमुख) होंगे। तदर्थ समिति का गठन एफआईवीबी के परामर्श और सिफारिश पर किया गया है। तदर्थ समिति तत्काल प्रभाव से वीएफआई के दिन-प्रतिदिन के मामलों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होगी।जिसमें खिलाड़ियों के चयन के लिए उचित प्रक्रिया का पालन, प्रतियोगिताओं तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व के लिए खिलाड़ियों का प्रबंधन शामिल है। आईओए आने वाले दिनों में नए चुनावों को सुचारू और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की घोषणा करेगा।

## आईएसएल विजेता कोच फर्नांडो को बरकरार रखेगा मोहन बागान

**कोलकाता।** मोहन बागान के आईएसएल विजेता कोच जुआन फर्नांडो एक और साल टीम के साथ बने रहेंगे। इस दिग्गज फुटबॉल क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। स्पेन के फर्नांडो दिसंबर 2021 मे टीम से जुड़े थे। मोहन बागान ने बेंगलुरू एफसी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर आईएसएल खिताब जीता। मोहन बागान सुपर जाइंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने ट्वीट किया , हम जुआन फर्नांडो के अनुबंध में विस्तार करके खुश है। जुआन के मार्गदर्शन मे हमने आईएसएल खिताब जीता और आगे भी और जीतना चाहेंगे।

## बच्चे के जन्म की वजह से हुई थी ओलंपिक धाविका टोरी बोवी की मौत

**ओरलैंडो (अमेरिका)।** अमेरिकी ओलंपिक चैंपियन फर्राटा धावक टोरी बोवी की प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण मौत हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।रियो डि जिनेरियो 2016 खेलो मे तीन पदक जीतने वाली बोवी पिछले महीने मृत पाई गई थी। वह 32 वर्ष की थी।फ्लोरिडा के ओरलैंडो के चिकित्सा परीक्षक के कार्यालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि बोवी के आठ महीने की गर्भवती होने का अनुमान लगाया गया था। इसमे कहा गया कि उन्हे अपने सुरक्षित निवास मे बिस्तर पर पाया गया था और सांस की तकलीफ और एक्लम्पसिया सहित संभावित जटिलताओ के संकेत मिले थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया है कि मौत का तरीका स्वाभाविक है।

## बारिश में खुली बस में परेड के साथ मैनचेस्टर सिटी ने मनाया जीत का जश्न

**मैनचेस्टर।** बारिश और शैंपेन मे भीगते हुए मैनचेस्टर सिटी के खिलाड़ियों ने हजारो प्रशंसको के बीच खुली बस मे शहर की परेड के साथ चैम्पियंस लीग फुटबॉल खिताब जीतने का जश्न मनाया। परेड की शुरूआत मे खराब मौसम और बारिश के कारण विलंब हुआ लेकिन प्रीमियर लीग, एफए कप और चैम्पियंस लीग खिताबो से लैस दो नीली बसे शहर की सड़को पर घूमती रही जिसमे खिलाड़ी, सिगार पीजे मैनेजर पेप गार्डियोला बैठे थे। उनकी टीशर्ट पर लिखा था , ट्रेबल विनर्स।

## चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले पाक हॉकी को आर्थिक मदद

**कराची।** चेन्नई मे अगस्त मे होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी मे भागीदारी का मार्ग प्रशस्त करते हुए पाकिस्तान हॉकी महासंघ को सरकार ने ढाई करोड़ रूपए आवंटित किए है। पाकिस्तान खेल बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि ओमान मे एशियाई जूनियर कप मे राष्ट्रीय जूनियर टीम के अच्छे प्रदर्शन के बाद अंतर प्रांत समन्वय मंत्री अहसान मजारी ने इस सहायता को मंजूरी दी।

## गुरबचन सिंह रंधावा ने चयन समिति से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** भारत के महान ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी गुरबचन सिंह रंधावा ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने बढती उम्र के कारण भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है। एशियाई खेल 1962 मे डेकाथलन मे स्वर्ण पदक जीतने वाले 84 वर्ष के रंधावा 1964 ओलंपिक मे 110 मीटर बाधा दौड़ मे पांचवे स्थान पर रहे थे।

# मम्मी व पापा को स्मार्टफोन दिलाना है :अन्नु

● ताकि अब कोई मैच नहीं छूटे, जूनियर स्टार की इच्छा

भाषा। नई दिल्ली

**बचपन से** परिवार के बलिदान और संघर्ष देखती आई अन्नु ने जूनियर महिला एशिया कप में जब दनादन गोल दागे तो उसे यही मलाल रह गया कि भूखे सोकर भी उसके सपने पूरे करने वाले उसके माता पिता उसे इतिहास रचते नहीं देख सके। हरियाणा के जींद जिले के छोटे से गांव रोजखेड़ा की रहने वाली अन्नु ने भाषा से कहा , मुझे यह दुख हमेशा रहेगा कि मेरे मम्मी पापा मैच नहीं देख सके। उनके पास स्मार्टफोन नहीं था जिस पर लाइव स्ट्रीमिंग देख पाते। अब घर जाकर सबसे पहले उन्हें फोन दिलाना है ताकि आगे से ऐसा नहीं हो। अन्नु के परिवार में सिर्फ भाई ने मैच देखा जो हाल ही में सेना में भर्ती हुआ है। अपने परिवार के संघर्षो के बारे में इस होनहार खिलाड़ी ने कहा , हमने बहुत बुरे दिन देखे हैं। पापा खेतों में मजदूरी करते तो कभी ईंट के भट्टे पर काम करते थे। मम्मी डिस्क की बीमारी से जूझ रही थी। हम कई बार भूखे भी सोए हैं और मैदान पर खेलते समय माता पिता के ए सारे बलिदान मुझे याद रहते थे। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने उसी दिन खिताब जीता जिस दिन क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल हारी थी। ऐसा अक्सर नहीं होता कि क्रिकेट के बीच हॉकी को मीडिया में ज्यादा तवज्जो मिले लेकिन उस दिन ऐसा हुआ। अन्नु ने कहा , भारत में तो सभी क्रिकेट को पसंद करते हैं और जूनियर हॉकी को तो उतनी पहचान भी नहीं मिलती लेकिन इस मैच ने एक दिन के लिए ही सही , नजारा बदल दिया। पहले जूनियर लड़कों ने और अब पहली बार लड़कियों ने जीतकर इतिहास रचा। उम्मीद है कि सोच बदलेगी और लोग हमारे प्रदर्शन को भी सराहेंगे। क्या परिवार को संघर्षो से निकालने का जरिया उनके लिए हॉकी बनी, यह पूछने पर अन्नु ने कहा , मेरा हमेशा से यही मानना था कि मुझे कुछ करना है। मुझे अपने परिवार को अच्छी जिंदगी देनी है और देश का नाम भी रोशन करना है। जब भी हम कहीं जीतते थे तो जो नकद पुरस्कार मिलता था, वह मैं मम्मी पापा को देती थी। हम पर काफी कर्ज चढा हुआ था जो धीरे धीरे उतारा। हरियाणा टीम में आने पर प्रदेश सरकार से भी पैसा मिलता है जो काफी काम आया। अन्नु ने बताया कि शुरूआत में उनके पिता को लोगों ने हतोत्साहित करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने परिस्थितियों से लड़कर उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। पापा हर जगह खेलने ले जाते थे तो लोग विरोध करते थे ।



## जूनियर एशिया कप में नीलम की सफलता का राज रानी रामपाल के प्रेरणादाई शब्द

**नई दिल्ली।** स्वयं पर विश्वास करो। भारत की पूर्व कप्तान रानी रामपाल के इन शब्दों का युवा ड्रैग फ्लिकर नीलम पंघाल पर गहरा प्रभाव पड़ा जो रविवार को जापान मे कोरिया के खिलाफ जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल मे विजई गोल दागकर टीम की स्टार बनकर उभरी। हरियाणा के हिसार जिले की 19 साल की नीलम ने 41वें मिनट मे गोल किया जिससे भारत ने जापान के काकमिगाहारा मे चार बार के चैंपियन कोरिया को 2-। से हराया। नीलम ने मंगलवार को पीटीआई से कहा, जब भी उन्होंने (रानी) कोई सत्र आयोजित किया तो उन्होंने हमें खुद पर विश्वास करने के लिए कहा और इससे मुझे प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा, मैंने बेंगलुरू मे रानी दीदी से कुछ पेनल्टी कॉर्नर सत्र लिए, विशेषकर उनके हिटिंग कौशल के बारे में। जब मैं छोटी थी और पेनल्टी कॉर्नर लेना शुरू किया था तो मैं ड्रैग (स्टिक को) करती थी लेकिन मैने रानी दीदी को देखकर हिट लेना शुरू कर दिया। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। अपनी बहनों को राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाने मे विफल होते देखकर नीलम दृढ़ संकल्पित हो गई और समय के साथ संकल्प बढ़ता गया। मैने अपनी बहनो को खेलते हुए देखकर हॉकी खेलना शुरू किया।

## टीम में सीनियर अपनी जगह हलके में नहीं लें : शॉपमैन

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि जापान मे हाल ही मे जूनियर महिला टीम की कामयाबी के बाद सीनियर खिलाड़ी टीम मे अपनी जगह को हलके में नही ले सकते। डच कोच ने कहा कि सीनियर खिलाड़ी काफी प्रतिस्पर्धी है लेकिन चीन के हांगझोउ मे सितंबर अक्टूबर मे होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम चुनते समय जूनियर खिलाड़ियों की उम्र आड़े नही आएगी। उन्होंने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मैने सभी को मैदान के भीतर, बाहर और उनके प्रदर्शन को देखा है।देखते है कि क्या होता है लेकिन सीनियर खिलाड़ी काफी प्रतिस्पर्धी है और चयन के लिए हर सत्र में अच्छा खेलना होगा। उन्होंने कहा , उम्र निर्णायक नही होगी (एशियाड टीम के चयन के लिए)। अब जूनियर एशिया कप मे खिताबी जीत को भी ध्यान में रखा जाएगा। शॉपमैन ने कहा , मैं जूनियर एशिया कप मे टीम के प्रदर्शन से खुश हूं और मेरा लक्ष्य आस्ट्रेलिया दौरे तथा जूनियर एशिया कप को कोर ग्रुप तैयार करने के लिए इस्तेमाल करना था। उन्होने कहा कि एशियाई खेलो के लिए टीम का चयन इस महीने हो जाएगा। उन्होंने कहा , हम बड़े टूर्नामेंटो के लिए टीम पहले चुन लेते है। इस महीने चयन ट्रायल है और खिलाड़ियों को अच्छा खेलना होगा। मै बड़ी तस्वीर देखती हूं और इसके लिए हर दिन अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। फिलहाल हमारा कोर ग्रुप काफी मजबूत है और जूनियर टीम के पांच खिलाड़ी भी उसमे है। इन सभी के लिए एशियाई खेलो की टीम मे जगह बनाने का मौका है। भारतीय फॉरवर्ड मुमताज खान ने जीत का श्रेय शॉपमैन को देते हुए कहा कि चिली मे इस साल के आखिर मे होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले इस जीत से टीम का मनोबल बढा है। हमने पिछले जूनियर विश्व कप मे एक टीम के रूप मे खेला था ।

# सिंधू व प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में

● इंडोनेशिया ओपन : त्रीशा-गायत्री बाहर

भाषा। जकार्ता



**भारत** की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 प्रतियोगिता के पहले दौर में स्थानीय दावेदार ग्रिगोरिया मारिस्का तुंजुंग के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की। पिछली दो प्रतियोगिताओं के पहले दौर से बाहर होने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने इंडोनेशिया की विरोधी खिलाड़ी को 38 मिनट में 21-19 21-15 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सिंधू की ग्रिगोरिया के खिलाफ पिछले तीन मैच में यह पहली जीत है। उन्हें इंडोनेशिया की इस खिलाड़ी के खिलाफ इसी साल मैड्रिड मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में हार का सामना करना पड़ा था।विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर खिसकी सिंधू के खिलाफ ग्रिगोरिया ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए 9-7 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुछ अच्छे अंक जुटाए और ग्रिगोरिया की लगातार तीन गलतियों से ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बना ली और फिर गेम जीतने में सफल रही।दूसरे गेम में सिंधू बेहतर लय में नजर आईं। ग्रिगोरिया ने भी काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिंधू गेम और मैच जीतने में सफल रही। सिंधू की ग्रिगोरिया के खिलाफ 10 मैच में यह आठवीं जीत है जबकि उन्हें दो बार हार का सामना करना पड़ा है।सिंधू की आगे की राह आसान नहीं होगी क्योंकि अगले दौर में उन्हें तीसरी वरीय ताइ जू यिंग से भिड़ना है।ताइवान की खिलाड़ी ने सिंधू के खिलाफ पिछले लगातार आठ मुकाबले जीते हैं और भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 18-5 है।फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय भी जापान के केंटा निशिमोटो को 50 मिनट में सीधे गेम में 21-16 21-14 से हराकर अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहे।पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले सातवें वरीय भारतीय प्रणय अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे।त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की महिला जुगल जोड़ी हालांकि पहले दौर में रिंग इवानागा और केई नाकानिशी की जापान की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।भारत की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी को एक घंटा और 12 मिनट चले कड़े मुकाबले में 22-20 12-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## स्क्वाश विश्व कप : भारत ने हांगकांग को 4-0 से हराया



**चेन्नई।** दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने मंगलवार को यहां एसडीएटी डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप के पूल बी मैच में हांगकांग-चीन को 4-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। शीर्ष वरीयता प्राप्त मिस्र ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराया। अभय सिंह ने चुंग यात लोंग को 7-2, 7-3, 7-6 से हराकर भारत को विजई शुरुआत दिलाई। अनुभवी जोशना चिनप्पा ने हेली फुंग को महज 20 मिनट में 7-।, 7-5, 7-6 से हराकर भारत को 2-0 से आगे किया। अभय सिंह ने मुकाबले के बाद कहा, मैं शुरुआत में थोड़ा नर्वस था। यहां काफी दर्शक थे, आप स्वदेश में खेल रहे है और आप अच्छी शुरुआत करना चाहते है। मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छा किया और मैं इससे खुश हूं। सौरव घोषाल ने भारत को 3-0 से आगे किया जब उन्होंने टो यू लिंग के खिलाफ पहला गेम 5-7 से गंवाने के बाद अगले तीन गेम 7-2, 7-5, 7-। से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

# एआईएफएफ को आईलीग में सीधे प्रवेश के लिए पांच बोलियां मिली

● आईडब्ल्यूएल आठ टीमों का टूर्नामेंट होगा

भाषा। मुंबई

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसे आईलीग 2023-24 सत्र में सीधे प्रवेश के लिए पांच प्रस्ताव मिले हैं। महासंघ ने साथ ही कहा कि इंडियन वुमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) के अगले टूर्नामेंट में आठ टीम हिस्सा लेंगी। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कोलकाता से वाईएमएस फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, पंजाब से नामधारी सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरू से निमिडा यूनाइटेड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली से कॉनकैटनेट एडवेस्ट एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड और गुरुग्राम से बंकरहिल प्राइवेट लिमिटेड वे पांच संस्थाएं हैं जिन्होंने सीधे प्रवेश के लिए प्रस्ताव भेजे हैं। टियर एक की बोलियां दिल्ली, गुरुग्राम और बेंगलुरू जैसे शहरों से आईं, टियर दो की बोलियां वाराणसी से और टीयर तीन की बोलियां श्री भैनी साहिब गांव से आईं। वित्तीय विशेषज्ञों द्वारा बोलियों का आकलन और समीक्षा की जाएगी जिससे यह तय होगा कि कौन सी टीम आईलीग 2023-24 सत्र में भाग लेगी। लीग समिति ने फैसला किया है कि आईडब्ल्यूएल 2023-24 टूर्नामेंट में आठ टीम हिस्सा लेंगी जिसमें 2022-23 सत्र के दो समूहों में से प्रत्एक से शीर्ष चार टीम शामिल होंगी। एआईएफएफ ने कहा, एक दूसरा डिविजन शुरू किया जाएगा और राज्य चैंपियन उसी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। दूसरे डिविजन की शीर्ष दो टीमें आईडब्ल्यूएल 2024-25 के लिए क्वालीफाई करेंगी और 2023-24 की दो टीम निचली लीग में खिसक जाएंगी। द्वितीय श्रेणी के लिए नामांकन की तारीख की समिति द्वारा बाद में पुष्टि की जाएगी। पुरुषों की दूसरी डिविजन लीग 2023-24 में आठ टीमें होंगी - पिछले सत्र से तीन टीम जो अंतिम दौर से आगे नहीं बढ़ पाईं, दो आईलीग से नीचे खिसकने वाली टीम और तीन तीसरी डिवीजन की टीम।

# महिला हैंडबॉल टीम पहुंची कजाखिस्तान

● छठीं एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप में करेगी प्रतिभाग

● निधि शर्मा टीम की कप्तान, मेनिका होंगी उपकप्तान

**नई दिल्ली।** अलमाटी कजाखिस्तान में होने वाली छठीं एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का कप्तान निधि शर्मा और उपकप्तान मेनिका को बनाया गया है। आगामी 14 से 20 जून 2023 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम मंगलवार को कजाखिस्तान पहुंच गयी। भारतीय टीम के दल प्रमुख डा.आनन्देश्वर पाण्डेय बनाए गए है। इससे पहले नई दिल्ली से रवानगी से पूर्व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटालाए कोषाध्यक्ष डा.तेजराज सिंह व महासचिव ए.जगनमोहन राव ने भारतीय टीम के चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि भारतीय खिलाड़ी पिछले काफी अरसे से अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर शानदार प्रदर्शन कर रहे है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने व अपनी छाप छोड़ने में कामयाब होंगी।



भारतीय महिला हैंडबॉल टीम : निधि शर्मा कप्तान,मेनिका उपकप्तान मिताली शर्मा, दीक्षा कुमारी, प्रियंका ठाकुर, खुशबू आचार्य, रेखा, ज्योति मीना, ऐरांटा मीना, अक्षया, अक्सा सनीए शालिनी ठाकुर, आशा रानी, भावना।, आफिशियल : मुख्य कोच - सचिन चौधरी, कोच-साइरिल डिसूजा, मैनेजर- शिवबचन प्रजापति, असिस्टेंट मैनेजर -अजय कुमार जायसवाल,हेड ऑफ डेलीगेशन, डा आनन्देश्वर पाण्डेय।

# कुश्ती संघ चुनाव छह जुलाई को

● अधिसूचना जारी की

● नतीजे भी उसी दिन

भाषा। नई दिल्ली

**निर्वाचन** अधिकारी ने मंगलवार को जारी अधिसूचना में घोषणा की कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के बहुप्रतीक्षित चुनाव छह जुलाई को होंगे। यह घोषणा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को चुनाव प्रक्रिया को गति देने के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने के एक दिन बाद हुई है। यह भी सूचित किया गया कि चुनाव के परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे। निर्वाचक मंडल के गठन के लिए प्रत्एक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से दो-दो नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित की गई है और 22 जून तक समीक्षा पूरी कर ली जाएगी। प्रत्एक राज्य इकाई दो प्रतिनिधि भेज सकती है और प्रत्एक प्रतिनिधि का एक वोट होगा। इस तरह डब्ल्यूएफआई चुनावों के लिए निर्वाचक मंडल में 50 वोट होंगे। डब्ल्यूएफआई द्वारा पूर्व में भंग की गई कुछ राज्य इकाइयों ने भी चुनाव में भाग लेने का दावा पेश किया है। निर्वाचन अधिकारी सभी दावों पर गौर करने के बाद तय करेंगे कि कौन मतदान कर सकता है और कौन नहीं। चुनाव के लिए नामांकन 23 जून से जमा कराए जा सकेंगे और नामांकन जमा कराने की अंतिम तारीख 25 जून है। नामांकन की समीक्षा 28 जून को होगी। उम्मीदवार 28 जून से एक जुलाई के बीच अपना नामांकन वापस ले सकेंगे जिसके बाद दो जुलाई को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। जहां निर्वाचक मंडल के गठन के लिए प्रत्एक राज्यांकेंद्र शासित प्रदेश से दो नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 जून, 2023 को शाम पांच बजे निर्धारित की गई है, वहीं देश के सभी मान्यता प्राप्त कुश्ती संघों को डब्ल्यूएफआई के स्वीकृत संविधान और युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के तहत राज्योंांकेंद्र शासित प्रदेशों के मान्यता प्राप्त संघों में से प्रत्एक दो व्यक्तियों को नामित करने के लिए कहा जाता है जो कार्यकारी समिति के सदस्य हैं।